ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 15 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-30 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

दिवाली की छुट्टी के बाद जूनियर एनटीआर ... पेज 10 पर



गागर में सागर

छठ घाटों की अधूरी साफ-सफाई से रोष

हुसैनाबाद। छठ पूजा को लेकर शहर के पंच सरोवर मंदिर (गईता पोखरा),जपला छठपोखरा घाट,जमुहारी माई छठ घाट,मोहम्मदाबाद व चौधरी मोहल्ला छठ घाट मेलनबांध छठ घाट और गम्हरिया आदि छठ घाटों की अधूरी साफ-सफाई से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्रों में छठ घाट की सफाई जेसीबी मशीन एवं सफाई कर्मियों द्वारा कराई जा रही है।। सबसे अधिक छठव्रती छठपोखरा व पंच सरोवर मंदिर छठ घाट पर इकट्ठा होते हैं। इसके अलावा शहर के जमुहारी माई छठ घाट के अलावा अन्य छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य अभी अधूरा रह गया है। शहर से सटे विशुनपुर,कुसुआ, देवरी सोन नदी किनारे छठ घाटों की सफाई सामाजिक संस्था व पूजा समिति द्वारा घाटों की सफाई कराई जा रही है। किंतु कार्य काफी मंथर गति से चल रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शनि ने कहा कि ससमय पर छठ घाटों की साफ-सफाई व रंगरोगन करा दिया जाएगा।

लक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिहरगंज। नगर पंचायत के सतगांवा देवी मंदिर प्रांगण में न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा महालक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी लालबाबू सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि आती है। इस दौरान कलाकारों ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। मौके पर अजय सिंह, राजकुमार पासवान, अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार, सचिव रंभू, प्रकाश, सूर्यांशु सिंह, सुमन, राजू, संतोष, सोनू, रमेश ठाकुर, शिक्षक प्रमोद कुमार, विमलेश, सत्येंद्र, कृष्णा, चंदन, भीमसेन मौजूद थे।

विश्रामपुर जनवितरण प्रणाली में चल रहा अजब-गजब खेल

दूसरे डीलर के खाद्यान का किया उठाव तीन माह से राशन का वितरण नहीं

राशन नहीं मिलने से लाभुकों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नप क्षेत्र में जनवितरण प्रणाली की दुकानों का संचालन मनमाने ढंग से चलाये जाने से कार्डधारकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पदाधिकारी से लेकर डीलर तक खाद्यान हड़पने का एक से एक नया तरीका इजाद कर रहे हैं। नया मामला विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला-डंडिला कला के जनवितरण प्रणाली दुकानदार का है। डीलर राजू राम ने रेहला के एक दूसरे डीलर रामनारायण पांडेय के एसआईओ से खाद्यान का उठाव कर लिया। मामला फरवरी व मार्च माह का बताया जा रहा है। एसआईओ डीलर रामनारायण पांडेय के नाम से होने के कारण उन पर शेष भंडारण में दिख रहा है। जिसके चलते श्री पांडेय को खाद्यान का आवंटन नहीं हो पा रहा है। वर्तमान हालात यह है कि खाद्यान नहीं मिलने से उनसे संबद्ध लाभुकों को राशन नही मिल पा रहा है। लाभुकों ने बताया कि पिछले तीन माह से खाद्यान नही मिला है। जिससे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में लाभुकों ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर खाद्यान उपलब्ध कराने की मांग की है। आक्रोशित लाभुकों ने मंगलवार को रेहला में प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन करने वालों में निवर्तमान वार्ड पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू, विजय राम, रामप्रसाद राम, कुसुम देवी, गीता देवी, सारधा कुंवर, सावित्री देवी, ललिता देवी, अनिता देवी, प्रभा कुंवर, सुनीता कुंवर, सरस्वती देवी, सुषमा कुंवर उर्मिला, अनिरुद्ध राम, लल्लू राम, जोखन राम, सुरेंद्र राम, संजय राम, पिंटू राम, नरेश प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी आदि शामिल रहे।

एमओ ने 83 क्विंटल खाद्यान वापस करने का दिया आदेश

इधर मामले को बढ़ता देख एमओ संजय कुमार ने डीलर राजू राम पर कड़ाई करना शुरू कर दिया है। एमओ ने इस संबंध में एक आदेश पत्र जारी किया है। जिसमें डीलर राजू राम को तीन दिनों के अंदर 83 क्विंटल अनाज डीलर रामनारायण पांडेय को वापस करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर डीलर राजू राम खाद्यान रामनारायण पांडेय को वापस नही करते हैं तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बाल दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

चाचा नेहरू व नेताजी बोस का रूप धारण कर बच्चों ने मोहा मन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय परिसर में बाल दिवस सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने की। संचालन शिक्षिका शगुफ्ता, श्रेया व साक्षी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहर लाल नेहरू व बिरसा मुंडा की तस्वीर के समक्ष पुष्पार्चन कर की गयी। महापुरुषों से सम्बंधित क्विज व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने चाचा नेहरू, बोस, लक्ष्मी बाई, राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण, सीता, जोकर, बिरसा मुंडा का रूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुलेख, इंग्लिश क्यूज, स्पीच, इंट्रो, टीचिंग, ड्राइंग, चित्रांकन,रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जितेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नही होती। मौके पर शैलेश कुमार, एसजे रहमान, दया शंकर, संतोष कुमार, कुंडल राम, सीमा अग्रवाल, अमृता, धिरेंद्र प्रसाद, आलोक, राहुल, रिया, काजल, गुलाफ्शां, ज्योति, आरती, पिंकी, कशिश, निखत, नीतू, संध्या आदि मौजूद रहे।

झालसा ने निकाली कानूनी जागरूकता रैली

विश्रामपुर। मंगलवार को बाल दिवस के मौके पर पांडू प्रखंड के कुंडवा में झालसा के बैनर तले कानूनी जागरूकता रैली तथा प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका नेतृत्व पीएलवी श्रीकांत तिवारी व मदरसा समिति ने किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने बच्चों को कानून के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। हाथों में विभिन्न कानूनों की तख्ती लेकर बच्चों ने गांव भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने बाल मजदूरी बंद करो, बाल विवाह बंद करो,बेटा-बेटी एक समान,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि नारे भी लगाए। मौके पर सदर बसी अहमद,ग्यासुदीन अंसारी, अबरार अंसारी, निजामुदीन अंसारी मौजूद रहे।

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण आज

राज्य स्थापना दिवस को लेकर सजे सरकारी भवन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस का जश्न मनाने की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर प्रमण्डलीय आयुक्त व जिले के उपायुक्त के आवास समेत विभिन्न कार्यालय भवनों पर खास सजावट की गई है। सरकारी भवन इलेक्ट्रानिक बल्बों की जगमगाहट से जगमगा रहे हैं। बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के स्टेशन रोड में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूर्वाह्न 10 बजे माल्यार्पण किया जायेगा। साथ ही शाम 5 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। माल्यार्पण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे जन प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों को उपस्थित होकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण का अनुरोध प्रशासनिक स्तर से किया गया है।

विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

नवीन मेल संवादाता

पांकी। जरही मोड़ स्थित कमला एजुकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन विद्यालय के प्रागंण में बाल दिवस के अवसर बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों ने भी मेले में खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार व प्रधानाचार्य राजन कुमार ने फीता काटकर की। मेले में चाट, गोलगप्पा, छोले-भटूरे, केक, चौमीन, पास्ता, मिल्कशेक, आइसक्रीम , पेस्ट्री, चिल्ली आदि के स्टॉल लगाये गये। इसके अलावे मेले में मनोरंजन व ज्ञानवर्द्धन के लिए थ्रो द बॉल इन बकेट, थ्रो द रिंग इन कोन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्टॉलों पर शिक्षकों और छात्रों की भारी भीड़ रही। रंग भरो प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि में छात्र-छात्राओं ने मनोरम प्रस्तुति की। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान फन फेयर के महत्व के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजन कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यों से अवगत कराना है।

पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच कंबल का वितरण

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र के पिपरा विशुनपुर में सोमवार को भाजपा नेता स्व. सुमित श्रीवास्तव की दूसरी पुण्यतिथि पर कंबल वितरण किया गया। उनके पिता अधिवक्ता विजय सिन्हा व छोटे भाई जतिन श्रीवास्तव द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर उन्हें भोज भी कराया गया। कंबल का वितरण विशुनपुर, तेतरिया व हरिहरगंज समेत अन्य स्थानों पर करीब 150 जरुरतमंदों के बीच किया गया। इससे पहले परिवार के सदस्यों व लोगों ने उनकी छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रवि सिंह, आनंद मोहन, विशाल राज, कुणाल, अतुल, गोलू , सौरभ, हिमांशु मौजूद थे।

बेलोदर में लगा 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। नगर पंचायत क्षेत्र के बेलोदर में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस संबंध में एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में गांव में सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। इसके कारण यहां उपभोक्ताओं को समुचित ढंग से बिजली नहीं मिल पाती थी। इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को दी गयी। त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। नया ट्रांसफार्मर बेलोदर मोड़ के समीप सड़क के किनारे लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि 200 केवीए के ट्रांसफार्मर लगने से गांव के सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध होगी। अब उन्हें लो वोल्टेज की समस्या से जूझने को विवश नहीं होना पड़ेगा। विधायक के पहल की सराहना करते हुए एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह के अलावे ग्रामीण संजय सिंह, सीताराम सिंह, धनंजय सिंह, श्यामबिहारी सिंह, अनुज सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, संजीत सिंह आदि ने बधाई दी है।

महापर्व छठ को लेकर घर लौटने लगे परदेसी

हुसैनाबाद। आस्था के महापर्व छठ को लेकर हुसैनाबाद से बाहर रहने वाले परदेसी घर लौटने लगे हैं। दूसरे प्रदेशों में रहकर काम करने वाले किसी पर्व में घर लौटे या ना लौटें लेकिन छठ पर्व के अवसर पर प्रत्येक वर्ष घर आ जाते हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु व अन्य शहरों से त्योहार पर गांव पहुंच रहे अप्रवासियों ने बताया कि इस त्योहार को लेकर ट्रेन में काफी भीड़ बनी हुई है। लगातार एक साथ दो - तीन पर्व होने के कारण परदेसी पूर्व योजना के तहत इस त्योहार में पहुंचते हैं। वहीं एक पखवाड़े तक त्योहार का माहौल बना रहना परदेसियों को खूब भाता है। वहीं परदेस में लंबे समय तक रहने से त्योहार पर आना परदेसियों को अच्छा लगता है। परदेसियों ने बताया कि परिवार में बच्चों के साथ मिलकर त्योहार मनाने का अलग ही मजा होता है।

बच्चों ने की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोरम प्रस्तुति

नावा बजार। भंडार ग्राम स्थित आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर में बाल दिवस पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोरम प्रस्तुति की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक पांडेय व प्रधानाध्यापक धनंजय पांडेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों व अध्यापकों को बाल दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापक श्री पांडे ने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों से बहुत ज्यादा प्रेम करते थे। वह चाहते थे कि बच्चे पढ़लिख कर आगे बढ़ें व देश का नाम रोशन करें। मौके पर गोपाल मिश्रा, अरविंद पांडे, रमेश चंद्र पांडे, आशीष पांडे, दिलीप पासवान, जोगेंद्र पांडे, नागेंद्र पांडे, उमेश पांडे, सतीश पांडे, अविनाश पांडे रविंद्र पांडे, विजय पांडे आदि उपस्थित थे।

विद्यालयों में बाल दिवस का आयोजन

विश्रामपुर। मंगलवार को रेहला के संत पॉल कांवेंट स्कूल सहित प्रखंड क्षेत्र के कई निजी व सरकारी विद्यालयों में बाल दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने भाषण,नृत्य,खेल,रंगोली आदि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। विजेता बच्चों को स्कूल प्रबंधक ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला आफजाई की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। उसके पश्चात स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू ऐशले ने चाचा नेहरू की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को चाचा नेहरू के बताये रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सचिव रीना,प्रधानाचार्य मोनिका एक्का,नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिरकी,पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, निधि कुमारी, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, अफजल अंसारी, नवीन पांडेय, आफताब अंसारी सहित कई लोगो की मौजूदगी रही।

धूमधाम के साथ मना बाल दिवस

हरिहरगंज। शहर के डाक बंगला स्थित लॉजिकल प्वाइंट भावनी आर कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर सह कोचिंग सेंटर एवं इंग्लिश स्पोकन क्लासेस में मंगलवार को बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर बाल दिवस मनाया। स्कूल स्टाफ द्वारा बच्चों को प्रसाद का वितरण किया गया। सेंटर डायरेक्टर वीकेआर तथा चीफ डायरेक्टर टी सिंह चौहान ने बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर शिक्षक रवि सिंह, प्रियांजली मिश्रा, अंकित पाठक, सौरभ कुमार के अलावे विद्यार्थी मुस्कान, दीपिका, बुलबुल, रिया, बेबी, चंदा, खुशी, सलोनी, प्रतिज्ञा, स्नेहा, प्रीति, गुड़िया, नंदिनी, चांदनी, आरव, नीरव, कुंदन, निवेश, वरुण, प्रतिश, हिमांशु, युवराज, वैष्णवी, कसक मौजूद थे।

छठ पूजा की तैयारी जोरों पर

मोहम्मदगंज। प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी धूमधाम से की जा रही है। नवयुवकों द्वारा छठ व्रतधारियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं के अनुष्ठान में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो इसके लिए नदी,पोखर,तालाब आदि के चारो ओर साफ-सफाई का कार्य जारी है। मोहम्मदगंज कोयल नदी घाट,सिंचाई नहर घाट तक श्रद्धालुओ को जाने के लिए लाइटिंग व सजावट का काम युद्ध स्तर पर जारी है। इस कार्य में समाजसेवी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में छठ पूजा समिति के युवा सदस्य लगे हुए है। अरुण सिंह ने बताया की मोहम्मदगंज कोयल नदी के संगम तट पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया है। छठ पूजा के सायंकालीन व प्रातः कालीन अर्घ्य के समय गंगा आरती होगी। जिसमे काशी के आचार्य का सानिध्य प्राप्त होगा। सोनबरसा गांव स्थित सिंचाई नहर छठ घाट पर भी गंगा आरती का आयोजन किया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-22/2023-24 में वर्णित कार्य जिसका PR 310672 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 06 में Date of Publication of Tender on Website 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 07 में Start Date/time for Online Submission of bid 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 08 में Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 18.11.2023 (17:00PM) के स्थान पर 24.11.2023 (17:00PM), कंडिका क्रमांक 09 में Last Date and Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 21.11.2023 (03:00PM) के स्थान पर 25.11.2023 (03:00PM) तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 22.11.2023 (02:00PM) के स्थान पर 28.11.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 311355 (Rural Development)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-18/2023-24 में वर्णित कार्य जिसका PR 310730 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 06 में Date of Publication of Tender on Website 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 07 में Start Date/time for Online Submission of bid 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 08 में Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 18.11.2023 (17:00PM) के स्थान पर 24.11.2023 (17:00PM), कंडिका क्रमांक 09 में Last Date and Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 21.11.2023 (03:00PM) के स्थान पर 25.11.2023 (03:00PM) तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 22.11.2023 (02:00PM) के स्थान पर 28.11.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा।

PR 311349 Rural Development(23-24)D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

58वीं औपबंधिक सूची
जिला– पलामू

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या– 1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
कारण :– झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी की अभिप्रमाणित प्रति में नाम एवं चिन्हित आन्दोलनकारी के पहचान के आधार पर।		
1.	1. आवेदन क्र0–51/23 2. आवेदक–मनोज कुमार सिंह , पिता–स्व0 सर्वजीत सिंह 3. ग्राम–जोड़ , पोस्ट–सिंगरा खुर्द , थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ गर्दन पर तिल का दाग।	कंडिका 2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–58/23 2. आवेदक–द्रोपती देवी , पति–कृष्णा मुरारी सिंह 3. ग्राम–बसौरा , पोस्ट–बसौरा , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–बायां हाथ में गोदना का निषान।	कंडिका 2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–52/23 2. आवेदक–मरीयम बीबी , पति–अतिजामा अंसारी 3. ग्राम–बमण्डी , पोस्ट–तलेया , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–महिला आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें तरफ गाल पर तिल।	कंडिका 2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–53/23 2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–उमेष राम 3. ग्राम–नरसिंहपुर पथरा , पोस्ट–नरसिंहपुर पथरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–महिला आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा।	कंडिका 2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–54/23 2. आवेदक–इन्दु देवी , पति–लव कुमार तिवारी 3. ग्राम–जामुनडीह , पोस्ट–फुलांग , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज 4. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–नाके के बगल में दोनों तरफ तिल।	कंडिका 2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–55/23 2. आवेदक–रूपलाल चौधरी , पिता–हिरामण चौधरी 3. ग्राम–हरिनामर , पोस्ट–हरिनामर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–44 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका 2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–56/23 2. आवेदक–भगवत सिंह, पिता–स्व0 रामध्यान सिंह 3. ग्राम–मलवरिया , पोस्ट–मुरमाकला , थाना–उंटारी रोड , प्रखण्ड–विश्रामपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–82 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में तिल।	कंडिका 2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–57/23 2. आवेदक–अब्दुल जिलानी , पिता–स्व0 ताजमुल मियां 3. ग्राम–षाहपुर , पोस्ट–सरायडीह , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–65 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका 2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी की अभिप्रमाणित प्रति में नाम के आधार पर प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 311321 Home (23-24)_D | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
E-Mail ID- dscopalamu2019@gmail.com

आम–सूचना
पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 56 दिनांक 06.11.2023 द्वारा पलामू जिले में वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य सरकार द्वारा कृषि कार्य को बढ़ाया देने, बहु फसलीय खेती को बढ़ाने एवं सिंचाई की कमी को दूर करने के लिए मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे एवं सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों के साथ ही गत वर्षों में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा सरकारी/निजी तालाब का जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना अन्तर्गत निर्मित परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य किया गया हो उनके पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को निम्न विवरणी के अनुसार अनुदानित दर पर पम्प सेट/सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन जमा करने की सूचना।

पलामू जिले को प्राप्त कुल भौतिक लक्ष्य (1.5–3.0 hp)- सं0–310 (3.5–5.0 hp) - सं0–30 एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा सोलर पम्प सेट (1.0 hp)- सं0– 11कुल सं0– 351

क्र0	कृषि यंत्र/मषीन उपकरण का नाम	90% अनुदान की राषि	पम्प सेट और पाईप का मानक
1	पम्पसेट (1.5–3.0 hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र)	Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved
2	पम्पसेट (3.5–5.0 hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	अधिकतम रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र)	Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved
3	सोलर पम्पसेट 1.0 hp) (Troly Mounted Movable Type)	अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र)	ज्रेडा/उर्जा विभाग द्वारा Approved

वैसे कृषक जो पूर्व में कृषि विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय, समिति निदेशालय द्वारा पम्पसेट का लाभ ले चुके है। उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

अनुदान की राशि का भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत् होगी।
- कृषक द्वारा स्वयं पम्पसेट एवं पाईप क्रय कर विपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय में जमा कराने के उपरांत भुगतान RTGS के माध्यम से लाभुक कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। या
- बैंक ऋण के माध्यम से पम्पसेट एवं HDPE पाईप क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि हस्तातंरण किया जायेगा। (ऋण लिये जाने का प्रमाण पत्र जमा करना है) या
- लाभुक समूह या कृषक के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के माध्यम से कृषि यंत्रों का क्रय करने पर उनके बैंक खाते में अनुदान की राशि हस्तांतरित किया जायेगा।

1. ईच्छुक कृषक दिनांक 30.11.2023 तक कार्यालय दिवस में प्रात 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलामू एवं प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी, पलामू से पम्पसेट या सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, BLOCK-C के द्वितीय तल्ला फोन नं0–06562–230223

PR.NO.311346 District(23-24):D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 15 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-30 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

दिवाली की छुट्टी के बाद जूनियर एनटीआर ... पेज 10 पर

गागर में सागर

एआरडी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

गढ़वा। अवधेराज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पीके दुबे व प्राचार्या आणिमा पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक पीके दूबे ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों से अगाध प्रेम करते थे। इसलिए हम उनके जन्मदिन को आज बाल दिवस के रूप मे मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका जन्मदिन मनाना तभी सफल होगा जब बच्चे पढ़ लिखकर कुछ अच्छा करेंगे। क्योंकि उन्होंने अपना जन्मदिन बच्चों के नाम समर्पित किया है। वहीं प्राचार्या आणिमा पांडेय ने बताया कि विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें कक्षा प्रथम से दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के कहक्शा नूरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा चतुर्थ के दिव्यम राज द्वितीय व कक्षा नौवीं के ही चंदन कुमार रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा तृतीय के साक्षी पाल को सांत्वना स्थान से ही संतोष करना पड़ा। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के इंजमाम अंसारी प्रथम, अमित कुमार द्वितीय तथा संध्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा नौवीं के सब्बा खातून व कक्षा पांचवीं के दीक्षा रानी को संयुक्त रूप से सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सभी सफल प्रतिभागियों को कल झारखंड स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल, प्रशस्ती पत्र व स्टडी मैटेरियल देकर सम्मानित किया जाएगा।

बाल दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डंडई। ज्ञान गंगा ब्याहुत विकास फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित डंडई के आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को धूमधाम के साथ बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुमंत लाल शिक्षक मुन्नाराम के साथ-साथ अन्य शिक्षकों ने भी संयुक्त रूप से पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। उसके बाद शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को रंग-बिरंग के कलम और कॉपी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में प्रखंड लेखा प्रबंध प्रदीप कुमार पाठक की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें मलेरिया, टीवी, आरबीएसके, कुपोषण, इत्यादि पर चर्चा की गई। बैठक में 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। 15 नवंबर से 21 नवंबर तक नवजात शिशु सप्ताह कार्यक्रम चलेगा, जिसमें सहिया के द्वारा नियमित गृह भ्रमण करके नवजात बच्चों का फॉलोअप किया जाएगा। जो बीमार बच्चे होंगे उन्हें एसएनसीयू या एनबीएसयू में भेजा जाएगा। बैठक में डॉ अभिषेक विश्वास, प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, मनोज पाठक, धर्मजीत राम, वायलेट इक्का, गुप्तेश्वर प्रसाद डब्लूएचओ मॉनिटर मंगल मिश्रा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

भवनाथपुर। सिंदुरिया निवासी लालमुनि साह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मंगलवार को दुल्हर नदी में उनका दाह संस्कार किया गया। इसमें अरसली उतरी मुखिया प्रतिनिधि तसवीन अंसारी, केतार ताली मुखिया मूंगा साह सहित ग्रामीण शरीक हुए। मृतक की अर्थी को तीनों पुत्रियों के कंधा देते ही माहौल गमगीन हो गया। मृतक घर का इकलौता कमाऊं व्यक्ति था। वह अपने पीछे तीन कुंवारी लड़की व एक पुत्र छोड़ गये हैं। रविवार की देर शाम दुल्हर पुल के आगे एक बाइक व लूना की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें सबसे ज्यादा गंभीर रूप से घायल लालमुनि गुप्ता की रांची रिम्स पहुंचते ही मौत हो गई थी।

सीएचसी में एक्सरे मशीन का शुभारंभ करने को जिपस रंजनी ने लिखा पत्र

भवनाथपुर। जिप सदस्य शर्मा रंजनी ने भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करने के लिए सिविल सर्जन और जिप अध्यक्ष शांति देवी को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसके प्रयास से विभाग द्वारा डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई है, जिसका शुभारंभ करना जनहित में आवश्यक है। रजनी ने पत्र के माध्यम से तिथि तय करते हुए प्रचार प्रसार कर डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करने का आग्रह किया है।

भवनाथपुर प्रखंड में छठ की तैयारी तेज

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। वहीं बीडीओ नंदजी राम व थाना प्रभारी रामेस्वर उपाध्याय की ओर से भी सभी छठ घाटों की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को पैंथर क्लब टाउनशिप द्वारा छठ पूजा मनाने का निर्णय लिया गया, जिसमें सिंदुरिया नदी पर छठ घाट की साफ सफाई करवाई गई। इसमें अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, सचिव सुबोध कांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष रोशन राणा एवं सदस्य सत्यम पांडेय, अमित भूषण अजीत गुप्ता, आशीर्वाद सिंह हीरालाल यादव सत्येंद्र कुमार, मुकेश वर्मा शामिल थे।

गढ़वा जिला मुख्यालय से 65 किमी की दूरी पर अवस्थित केतार प्रखंड के मुकुंदपुर में 1956 में बना था सूर्य मंदिर

छठ के लिए प्रसिद्ध है नारायण वन, हर वर्ष आते हैं हजारों श्रद्धालु

बिट्टू सिंह। केतार

गढ़वा जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित केतार प्रखंड का मुकुंदपुर गांव का नारायण वन सैकड़ों वर्ष से छठ महापर्व के लिए प्रसिद्ध है। इसकी ख्याति आसपास के क्षेत्रों में भी है। यहां प्रतिवर्ष हजारों छठ व्रती आती हैं। इसके कारण नारायण वन तीन दिनों तक श्रद्धालुओं से गुलजार रहता है। यहां पर झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार के कई स्थानों से श्रद्धालु वाहन से पहुंचते हैं और छठ व्रत के दिन पूरी रात नारायण वन स्थिति जंगल में बने विशालकाय मंदिर के समीप अस्थाई कुटी बनाकर भगवान सूर्य की पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही मंदिर के समीप स्थित जलकुंड में स्नान कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मान्यता है कि यहां पर विधि- विधान से छठ व्रत करने पर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।



खुदाई में मिली थी भगवान सूर्य की मूर्ति : जानकारों द्वारा बताया जाता है कि मुकुंदपुर गांव का नारायण वन सैकड़ों वर्ष पूर्व भूतगढ़वा के नाम से जाना जाता था। बताया जाता है कि पहाड़ों की तलहटी के बीच छोटे से झील के समीप कृष्णानंद ब्रह्मचारी को उक्त स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति दबे होने का स्वप्न आया था। इसके बाद भूतगढ़वा जाकर ग्रामीणों ने उक्त स्थल की खुदाई की थी, जहां जमीन के नीचे से सूर्य की आकृति उकेरी मूर्ति पायी गयी। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से उक्त स्थान पर छोटा सा मंदिर बनाकर वर्ष 1956 में मूर्ति की स्थापना कराई गई थी। प्रखंड में एकलौता सूर्य मंदिर होने के कारण आसपास के गांवों के लोग उक्त स्थल पर पूजा अर्चना करने लगे। धीरे- धीरे छठ व्रतियों की भीड़ बढ़ने लगी। परिणामस्वरूप प्रकृति की गोद में बसे भूतगढ़वा स्थान, जो कभी सुनसान और डरावना लगता था, अब नारायण वन के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां छठ व्रत करने से पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। पिछले कई वर्षों से छठ महापर्व के दिन यहां गर्भवती महिलाओं का प्रसव होता है, जिसके कारण प्रशासन द्वारा यहां पर पहले से ही मेडिकल टीम की व्यवस्था की जाती है। फिलहाल मंदिर कमेटी द्वारा यहां पर 51 फीट नीचे गुंबदनुमा रथ के आकार का भगवान सूर्य के मंदिर का निर्माण कमेटी द्वारा कराया गया है। भगवान सूर्य की मूर्ति विलोपित कर 3.6 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गयी है।

छठ व्रतियों के लिए पूरी व्यवस्था : मुकुंदपुर के नारायण वन में छठ व्रतियों के लिए मंदिर विकास समिति की ओर से एक सप्ताह पूर्व से ही साफ-सफाई की जा रही है। यहां नारायण वन को सजाने के लिए सभी तरह की व्यवस्था की जा रही है। आकर्षक डेकोरेशन, लाइटिंग व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, वाहन पार्किंग, पेयजल, स्नान के लिए झारना, टैंकर की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन, पुलिस बल, चिकित्सक टीम व विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहती है।

सगमा में शिव-शक्ति महायज्ञ स्थल पर हुआ भूमि पूजन और ध्वजारोहण

29 जनवरी से 9 दिन तक होने वाले आयोजन के लिए 101 सदस्यीय कमेटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता। सगमा

प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप देव हाई स्कूल के प्रांगण में 29 जनवरी से होने वाले नौ दिवसीय शिव-शक्ति महायज्ञ को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया। इलाहाबाद से आए आचार्य ने यजमान हरिदास यादव, महेंद्र यादव, कृष्ण यादव ने सपत्नी पूजा-अर्चना कराई। शिव शक्ति महायज्ञ यज्ञाचार्य राधे बोल राधे महाराज संगम तट नैनी इलाहाबाद द्वारा कराया जा रहा है। वहीं भूमिपूजन के पश्चात संकल्प लेकर विधिवत ध्वजारोहण किया गया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया गया कि नौ दिवसीय शिव-शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें अगल-बगल दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं व कन्याएं शामिल होंगी। नौ दिनों तक यज्ञ स्थल पर भव्य मेला भी लगेगा। प्रतिदिन रात्रि में सनातन धर्म ग्रंथों से संबंधित जगत कल्याण को लेकर प्रवचन का भी आयोजन किया जाएगा।

यज्ञ को सफल बनाने को लेकर 101 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संरक्षक पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, युवा समाजसेवी ताहिर अंसारी को संरक्षक बनाया गया है, जबकि डॉ हरीदास यादव को संयोजक, सेवानिवृत शिक्षक रामाधार दुबे को सलाहकार समिति का अध्यक्ष, कामेश्वर विश्वकर्मा, श्रवण सिंह, राहत हुसैन, मुखिया तेजलाल भुइंया, सदानद यादव, हीराचंद यादव, चंद्रमणि यादव, जीराखन यादव, विक्रम प्रताप देव को सलाकार समिति सदस्य बनाया गया है। वहीं मनोज दुबे को अध्यक्ष, प्रमोद यादव को उपाध्यक्ष, सरजुल पासवान को लेखा पदाधिकारी, कृष्णा यादव व अर्जुन पासवान को सचिव, धनंजय यादव, चंद्रकांत यादव को उपसचिव, देवचंद यादव, कोषाध्यक्ष, नारायण दास यादव को उपकोषाध्यक्ष, बिपुल दुबे को मीडिया प्रभारी बनाया गया। रामाशीष यादव, अंशु यादव, शशि प्रकाश यादव, गनेशी बैठा शारदा, किरानी पासवान, महेंद्र यादव, अखिलेश राम, अरूण यादव, घूरन यादव, राम कुमार यादव, हजारी यादव, उपेंद्र बैठा, उमेश यादव, अनुग्रह यादव, विंदेश यादव, राजन, ब्रजेश कुमार हरिहर सिंह, ललित सिंह तुरिया, मनोज भुइंया, विनय यादव, नंदलाल अग्रहरी, रामेश्वर मेहता, संतोष बैठा, भिखारी पाल, महेंद्र यादव, मुकेश कुमार यादव, रमेश पासवान, सुनील यादव, राकेश पांडेय सुदर्शन पाल, रामनेवाज पाल, रामचंद्र राम, कमलेश पासवान, राजकिशोर सिंह, ललन उरांव अभिमन्यु यादव, उमेश यादव, अनुग्रह यादव, विंदेश यादव, राजन, ब्रजेश कुमार हरिहर सिंह, ललित सिंह तुरिया, मनोज भुइंया, विनय यादव, नंदलाल अग्रहरी, रामेश्वर मेहता, संतोष बैठा, भिखारी पाल, महेंद्र यादव, मुकेश यादव, रमेश पासवान, सुनील यादव, झूलन बैठा को सदस्य बनाया गया है।

'12 वर्षों से वार्ड सदस्य की सुनने वाला कोई नहीं'

प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्यों के सम्मेलन में बोले प्रखंड अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

शहर के उत्सव गार्डेन में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड अध्यक्ष राईस अंसारी ने की।

मौके पर उन्होंने कहा कि पंचायती राज की सबसे अंतिम जड़ वार्ड सदस्य हैं लेकिन पिछले 12 वर्षों से वार्ड सदस्य को सुनने वाला कोई नहीं है। मुखिया और पंचायत सचिव मनमानी तरीके से पंचायत में काम करते हैं, जिसका नतीजा है कि जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी सदस्य अपने हक और अधिकार के लिए एक साथ खड़ा होकर काम करें। तभी पंचायत की तमाम योजना में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि संघ के माध्यम से आने वाले समय में सभी वार्ड सदस्य अपने हक और अधिकार के लिए उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार से हम मांग करते हैं कि जिस प्रकार मुखिया, जिला परिषद, बीडीसी को वित्तीय पावर दी गई है उसी तरह से वार्ड सदस्यों को भी वित्तीय पावर देना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के अंत में वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया, जिसमें सर्वसहमति से राइस खान को प्रखंड अध्यक्ष, नौशाद अंसारी को सचिव, रवि रंजन दुबे को कोषाध्यक्ष, सुमित तिवारी को मीडिया प्रभारी, राजू ठाकुर को प्रवक्ता, तारा देवी को महिला मोर्चा के अध्यक्ष, रंजना दुबे को सचिव, मीरा देवी को मीडिया प्रभारी, सरिता देवी को प्रवक्ता बनाया गया है। कार्यक्रम में सभी 22 पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

'बच्चों को अवश्य शिक्षित करें अभिभावक'

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

पाराडाइज पब्लिक स्कूल मेराल के प्रांगण में मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख दीपमाला कुमारी और मुखिया गौरी देवी निदेशक इंजीनियर इमाम ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर निर्देशक इंजीनियर इमाम ने प्रमुख दीपमाला कुमारी व मुखिया गोरी देवी को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया।

प्रखंड प्रमुख कुमारी ने बाल दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग भले ही कम खाएं लेकिन अपने अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें। इससे गांव, समाज का विकास होगा। लोग अपने हक और अधिकार समझने लगेंगे। मुखिया गौरी देवी ने कहा कि लोगों को हमेशा संघर्ष करते रहना चाहिए, क्योंकि संघर्ष का फल मीठा होता है। इस मौके पर बाल मेला में बच्चों के द्वारा पानी पुरी, खिलौना, बादाम, अमरूद, चने का साग, श्रृंगार स्टोर, कॉपी-किताब, कोकोनट मिल्क आदि चीजों का के स्टॉल लगाये गये थे, जिसमें बच्चों को हौसला के लिए उनके इंस्टॉल से इटली चटनी, भेलपुरी, खिलौना कॉपी पेंसिल 8460 रुपए की बिक्री हुई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ अभिभावकों में लालू कुमार भारती, गणेश राम, विजय राम, धर्मेंद्र कुमार, जुमराती अंसारी, सगुनी यादव, समीना खातून, रानी देवी आदि उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह 15 हजार व्रतियों के बीच करेंगे छठ पूजा सामग्रियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने मंगलवार को अपने आवास पर छठ पूजा समाग्री का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में 15 हजार छठ व्रतियों के घर तक पूजा सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में गढ़वा डंडा और मेराल प्रखंड की सभी छठ व्रतियों के लिए प्रसाद उनके घर तक भेजा गया है। इसके बाद रंका, चिनिया, रमकंडा की छठ व्रतियों के लिए प्रसाद उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड, बिहार, यूपी में बड़ी तादाद में लोग छठ महापर्व करते हैं। गढ़वा दनरो नदी छठ घाट और सरस्वती नदी छठ घाट पर दूसरे प्रदेश को सभी लोग छठ करने यहां पहुंचे हैं। भाजपा नेता गिरेंद्र पांडेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, सुभाष केशरी, गंगा प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र सिंह, राज कुमार मदेसिय, सुरेश केशरी, सुरेश गुप्ता, बाबूल सिंह, अवध सिंह, लक्ष्मण पासवान, रामबदन यादव, रविंद्र सिंह, उपेंद्र चौधरी, जितेंद्र सिंह, सुनील चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी उपस्थित थे।

ग्राम वन अधिकार समिति सदस्यों को वन पट्टा को लेकर किया गया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

वन कार्यालय परिसर में मंगलवार को वन पट्टा देने को लेकर ग्राम वन अधिकार समिति के सदस्यों को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईएफएस (भारतीय वन सेवा) ईबी अब्राहम ने वन पट्टा दिये जाने की जानकारी विस्तार से दी।

उन्होंने कहा कि वन पट्टा के हकदार लोगों के लिये समिति द्वारा प्रपत्र 5 में दिये गये सवालों का जबाब हां या ना में देना होता है। वन पट्टा के तहत सरकार द्वारा खेती करने के लिये जमीन वैसे लोगों को दिया जाता है, जो वर्षों से उक्त भूमि पर जोत कोड़ करते आ रहे हैं। वन पट्टा के तहत प्राप्त भूमि को बेचा नहीं जा सकता है। वन पट्टा के लिये एक से अधिक साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आप वर्ष 2005 से पूर्व से वन भूमि पर जोत कोड़ कर रहे हैं और उक्त भूमि पर कोई दूसरा व्यक्ति दावा कर रहा है तो वैसी स्थिति में ग्राम सभा ही निर्णय लेगी। ग्राम सभा से पारित कर उसे अनुमंडल स्तरीय समिति के पास भेजा जाता है। उक्त समिति स्थल जांच कर रिपोर्ट करेगी। इसके बाद उसे जिला समिति के पास भेजा जाता है। साक्ष्य के आधार पर निर्णय लेकर योग्य व्यक्ति को वन पट्टा दिया जाता है। बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी वन पाल प्रमोद यादव, अर्पण कुमार, अजित कुमार, शशिकांत कुमार, आनंद कुमार, मुखिया शिविष्टयानी केरकट्टा, मनोज ठाकुर, राजकुमार राम, बिरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, जोखन पटेल, छोटेलाल, दुखहरण पासवान, श्री राम पासवान, शिवजन्म राम आदि उपस्थित थे।

पहल रमना में किसानों के लिए दुकान का उद्घाटन, सस्ती दर पर मिलेंगे खाद-बीज

'कृषि के विकास में मील का पत्थर साबित होगी दुकान'

नवीन मेल संवाददाता। रमना

भारत सरकार की निबंधित संस्था दोमाटी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से मंगलवार को मवि सिलीदाग-एक के समीप किसानों के लिए दुकान का उद्घाटन प्रमुख करुणा सोनी, सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय, मुखिया स्वीटी वर्मा एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष अजित कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि इस दुकान के माध्यम से किसानों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे किसानों की कृषि लागत कम होगी और बचत होगी। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह दुकान कृषि एवं किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। बीडीओ सह सीओ ने कहा कि इस दुकान के माध्यम से किसानों को समय पर सभी प्रकार के बीजों एवं कृषि उपकरणों के अलावा बाजार भी उपलब्ध कराया जायेगा ताकि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके और किसानों के घरों में खुशहाली आ सके। खरौधी के पूर्व प्रमुख गोरख चौधरी ने कहा कि किसानों को उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए कंपनी की ओर से किया जा रहा प्रयास काफी सराहनीय है। मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने में कंपनी के सदस्य काफी मददगार साबित हो सकते हैं। कर्णपुरा मुखिया अजित पांडेय ने पंचायत स्तर पर किसानों के लिए इस प्रकार की दुकान खोले जाने की मांग की। इसके पूर्व प्रोजेक्ट मैनेजर सिदार्थ कुमार ने कंपनी के उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन निदेशक राजेश्वर चौधरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान 100 किसानों को अंग वस्त्र एवं हसिया देकर सम्मानित किया गया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया संतोष सिंह, वीरेंची पासवान, वीरेंद्र बैठा, संजीव गुप्ता, अर्जुन चौधरी, रामकिशुन पासवान, अखिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 15 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-30 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

दिवाली की छुट्टी के बाद जूनियर एनटीआर ... पेज 10 पर

विशेष संपादकीय

स्थापना दिवस के आंगन में...

स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जन्मदिवस के उत्सव और यहां की जनजातीय आबादी के लिए घोषणाओं के शोर में झारखंड डूबा है। राज्य के युवा ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत कुछ वर्षों से बहुत तेजी से काम कर रहे हैं और भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा की जन्मस्थली का कायाकल्प हो चुका है जहां आज प्रधानमंत्री मोदी आ चुके हैं। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर पीएम पीवीटीजी विकास मिशन के अलावा अन्य घोषणाओं की पूरी संभावना है। 23 साल बाद यदि कोई आज का झारखंड देखे तो उसकी आंखें चौंधिया जाएं क्या गांव क्या शहर समृद्धि की पहचान ट्रैक्टर, दौड़ती कारें और एसयूवी, ब्रांडेड कपड़े और हर हाथ में मोबाइल है पर खेतों में काम करने वाले प्रायः नहीं हैं मजदूरी से लेकर खाद, बीज और दवाओं की ऊंची दर तथा उचित बाजार व्यवस्था की कमी के कारण लागत की तुलना में किसान को नगदी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती। विकास योजनाओं की रेलपेल और डीबिटी या मुफ्त राशन से खेतों में काम करने वाले लोगों की कमी पड़ गई है। युवा अधिक पैसों और शहरी चमक-धमक के लिए शहरों में काम करना पसंद करते हैं। झारखंड में अपने को उपेक्षित मानने वाले ग्रामीण सदान(मूलवासी) अधिकांश योजनाओं या सुविधाओं से वंचित हैं। शिकायत है कि माओवादियों,सरकारी कर्मचारियों से लेकर प्रखंड स्तर पर सक्रिय नेतानुमा लोग तक हर योजना में वसूली करना चाहते हैं। झारखंड जिन कारणों से अलग राज्य बना वे कारण यदि बने रहे तो राज्य की गति धीमी कर देंगे। कहा जाता है कि जिस राज्य का व्यापारी खुश नहीं वह समृद्ध नहीं बन सकता मतलब जो वर्ग पूंजी लगाकर रोजगार दे वह निर्भय होकर काम कर सके यह सुनिश्चित हो। सिर्फ सरकार ही नहीं हर झारखंडी जब प्रयास करेगा तभी झारखंड के पच्चीस वर्षों की सिल्वर जुबली यादगार बनेगी जिसमें चुनाव समेत लगभग दो वर्ष बचे हैं।

गागर में सागर

तीन सदस्यीय टीम ने उत्तराखंड टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों की ली सुध

रांची/उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद राज्य की तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों से बातचीत की। टीम ने उत्तराखंड आपदा प्रबंधन से भी मामले की जानकारी ली है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन ने 40 श्रमिकों की सूची प्रतिनिधिमंडल और कंट्रोल रूम से साझा किया है, जिसमें झारखंड के कुल 15 श्रमिक शामिल हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के एक श्रमिक की पुष्टि उनके परिजनों से बातचीत कर हुई है। **सभी श्रमिक सुरक्षित :** झारखंड के प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, निमार्णाधीन सुरंग में फंसे झारखंड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं।अधिकारियों एवं परिजनों ने श्रमिकों से पाइप के जरिए बात भी किया है और श्रमिकों ने अपने सुरक्षित होने की बात बताई है।

धनबाद के केंदुआ मार्केट की दुकान में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के तीन की मौत

धनबाद। जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ मार्केट स्थित सुमित गुप्ता के दुकान में सोमवार देर रात आग लग गई। इस घटना में दुकान के ऊपरी मंजिल में रह रहे परिवार के लोग फंस गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि चार अन्य लोग घायल हुए हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कोहरे के कारण रेलवे ने तीन महीने के लिए रद्द किये 6 ट्रेन

रांची। ठंड के आते ही कोहरे की मार शुरू हो गई है। वहीं ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया है। यह देखते हुए रेलवे ने छह ट्रेनों को रद्द कर दिया है। बता दें कि ये ट्रेनें तीन महीने के लिए रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 12873 हटिया-आनंद विहार टर्मिनल ट्रेन दिनांक 04/12/2023 से 29/02/2024 तक हटिया से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 12874 आनंद विहार टर्मिनल-हटिया ट्रेन दिनांक 05/12/2023 से दिनांक 04/03/2024 तक आनंद विहार से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 22857 संतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस 04/12/2023 से 26/02/2024 तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 22858 आनंद विहार-संतरागाछी 05/12/2023 से 27/02/2024 तक रद्द रहेगी। 18103 टाटानगर-अमृतसर एक्सप्रेस 04/12/2023 से 28/02/2024 तक रद्द रहेगी। 18104 अमृतसर-टाटानगर एक्सप्रेस 06/12/2023 से 01/03/2024 तक रद्द रहेगी।

पीएम के आगमन से पूर्व राजभवन की दीवारें चमकी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के झारखंड दौरे पर रांची पहुंच रहे हैं। इसे लेकर पूरे शहर को चकाचक किया जा रहा है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक साफ-सफाई कराई गई है। वहीं पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। आखिर 15 नवंबर को झारखंड राज्य का स्थापना दिवस जो है। इस दौरान राजभवन की दीवारों का भी रंग-रोगन कराया जा रहा है। शहर की महिलाएं इन दीवारों पर अलग-अलग कलाकृतियां बना रही है। जिसमें हमारे राज्य की संस्कृति झलक रही है। पेड़-पौधे, हरियाली और जीव-जंतु इस पेंटिंग में नजर आ रहे है। इसके अलावा वैसी सभी दीवारें जो प्रधानमंत्री के रूट में पड़ने वाले है उसे दुरुस्त करने के साथ पेंटिंग कराई गई है।

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

पहला सेमीफाइनल आज

भारत बनाम न्यूजीलैंड : मुंबई (2:00 बजे से)

नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री होंगे जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जायेंगे

प्रधानमंत्री आज खूंटी में कई योजनाओं की करेंगे शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को खूंटी में। बुधवार को सुबह करीब 9.30 बजे प्रधानमंत्री रांची में भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का दौरा करेंगे। उसके बाद वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचेंगे, जहां वह भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11.30 बजे खूंटी में तीसरे जनजातीय गौरव दिवस 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री किसान योजना की 15वीं किस्त भी जारी करेंगे और कई विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। योजनाओं की संतृप्ति का यह लक्ष्य पाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित होगी। संभावित लाभार्थियों का नामांकन इस यात्रा के दौरान मिले विवरणों के जरिए

किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री खूंटी में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह यात्रा महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले जिलों से शुरू होगी और 25 जनवरी 2024 तक देश के सभी जिलों को कवर करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एक अनुपम पहल प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (प्रधानमंत्री पीवीटीजी) मिशन का शुभारंभ भी करेंगे। 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी 22,544 गांवों (220 जिलों) में रहते हैं, जिनकी आबादी लगभग 28 लाख है। ये जनजातियां बिखरी हुई, दूरस्थ, दुर्गम बस्तियों में और अक्सर वन क्षेत्रों में रहती हैं। इसलिए लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट वाले इस मिशन में पीवीटीजी परिवारों और इनके आवासों को सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाओं से युक्त करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा पीएमजेएवाई, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, शत-प्रतिशत टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री पोषण, प्रधानमंत्री जनधन योजना आदि के लिए अलग से संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानमंत्री रेल, सड़क, शिक्षा, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई क्षेत्रों में लगभग 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित

रांची। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर उनके गुजरने वाले हर मार्ग को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में एसडीओ सदर दीपक दूबे ने मंगलवार को आदेश जारी किया है। यह आदेश 15 नवम्बर की रात 11 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान निषेधाज्ञा भी लागू रहेगा। एसडीओ ने बताया कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक, बिरसा चौक, सैटेलाईट चौक, अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक, जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक, रणधीर वर्मा चौक से राजभवन तक के सम्पूर्ण रूट को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है। इसके अलावा राजभवन और बिरसा मुण्डा पुरानी जेल क्षेत्र को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है। राजभवन से रणधीर वर्मा चौक से एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक से जेल मोड़ से बिरसा मुंडा पुरानी जेल क्षेत्र तक के सम्पूर्ण रूट को ड्रोन के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है।

प्रधानमंत्री इन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे

प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनमें एनएच 133 के महगामा-हंसडीहा सेक्शन के 52 किमी लंबे हिस्से को चार लेन का करना, एनएच-114ए के बासुकीनाथ-देवघर सेक्शन के 45 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन का करना, केडीएच-पूणार्डीह कोल हैंडलिंग प्लांट और आईआईआईटी रांची के नए शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन की आधारशिला रखना शामिल है। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन होगा और राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा, उनमें आईआईएम रांची का नया परिसर, आईआईटी आईएसएम धनबाद का नया छात्रावास, बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल और लूब्रिकेंट (पीओएल) डिपो, हटिया-पकरा सेक्शन, तलगरिया-बोकारो सेक्शन और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन को डबल करना शामिल है। इसके अलावा, झारखंड में 100 फीसदी रेलवे विद्युतीकरण की उपलब्धि भी प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित की जाएगी।

स्थापना दिवस पर आज राज्य सरकार के पिटारे से निकलेंगी 906 योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्री की उपस्थिति में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर 1714.44 करोड़ रुपये की कुल 229 योजनाओं का उद्घाटन एवं 5328.30 करोड़ रुपये की कुल 677 योजनाओं का शिलान्यास होगा। समारोह अपराह्न दो बजे शुरू होकर अपराह्न 03:30 बजे समाप्त होगा।

पॉलिसी होंगी लांच : राज्य स्थापना दिवस पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योजनाओं और पॉलिसी का शुभारंभ करेंगे। लांच होने वाली पॉलिसी में झारखंड स्टार्ट-अप पॉलिसी, झारखंड एमएसएमई प्रमोशन पॉलिसी, झारखंड निर्यात पॉलिसी और झारखंड आईटी, डाटा सेंटर तथा बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी शामिल हैं। साथ ही अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की जाएगी।

इनको भी सौगात : राज्य स्थापना दिवस पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए 5,55,652 किशोरियों को 261 करोड़ रुपये की सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 70 खिलाड़ियों के बीच लगभग 02 करोड़ पुरस्कार राशि का वितरण होगा। कार्यक्रम स्थल में श्रम विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 18,034 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्री सौंपेंगे।

मुख्य कार्यक्रम स्थल पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम 15 नवम्बर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। कार्यक्रम में एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। सुरक्षा व्यवस्था की मानिटरिंग के लिए रांची में तीन आईपीएस, आधा दर्जन डीएसपी सहित कई अधिकारियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा में तीन आईपीएस, छह डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दारोगा को भी लगाया गया है। मोरहाबादी स्थित मुख्य आयोजन स्थल की सुरक्षा तीन लेयर की होगी। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, जैप, एटीएस और झारखंड जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले लोगों की जांच की जायेगी। इसके बाद ही कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने दिया जायेगा।

पूर्व मध्य रेलवे ने जारी किया सतर्कता आदेश

छठ घाट स्थल के समीप लंबा हॉर्न बजायेंगे रेल चालक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। महापर्व छठ पर्व के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने चालकों व गार्डों के सख्त सतर्कता आदेश जारी किया है। इसके तहत डाल्टनगंज से गढ़वा रोड जंक्शन के मध्य अमानत नदी के ऊपर का रेल लाइन, कजरी, लालगढ़, तोलरा व गढ़वा रोड के पश्चिमी छोर पर छठ व्रत के दौरान भारी संख्या में व्रत धारी लाइन पार करते हैं। उक्त स्थलों पर कोई केबिन अथवा गुमटी भी मौजूद नहीं है। ऐसी स्थिति में एहतियात बरतते हुए पूर्व मध्य रेलवे धनबाद प्रमंडल ने एक सतर्कता आदेश जारी किया है। यह सतर्कता आदेश रेलवे स्टेशनों पर लागू कर दिया गया है व सभी तरह के ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड पर भी लागू किया गया है। यह सतर्कता आदेश 17 नवंबर से 20 नवंबर की सुबह तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत रेल के ड्राइवर को यह सख्त निर्देश दिया गया है कि वह ट्रेन चलाते समय जबरदस्त लुक आउट को बरकरार रखेंगे। ट्रेन के ड्राइवर सिर्फ पटरियों को नहीं देखेंगे बल्कि पटरी के

फाइल फोटो

आजू-बाजू की भी स्थिति को देखेंगे कि यहां कहीं कोई छठ व्रती या उनके परिवारजन या बच्चे-बच्चियों का जमावड़ा तो नहीं है। यह भी निर्देशित किया गया है कि उक्त पांच स्थलों पर सभी ड्राइवर लंबा हॉर्न बजाते रहेंगे। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने इस सतर्कता आदेश की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में ट्रेन रोकने के भी निर्देश दिये गये हैं। इस संदर्भ में आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया की आरपीएफ जवान भी इन पांच जगहों पर तैनात रहेंगे ताकि लोग बिना किसी असुविधा के छठ घाट तक रेलवे लाइन को पार कर सकें।

झारखंड का 23 साल का सफर : क्या खोया, क्या पाया

तकती रह गईं आंखें, नीलाम हो गई जपला सीमेंट फैक्ट्री

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। दशकों के लंबे इंतजार के बाद जब 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर अलग झारखंड राज्य अस्तित्व में आया तो यहां के नागरिकों को प्रतीत हुआ मानो मुंहमांगी मुराद पूरी हो गई है। कारण भी माकूल था। संयुक्त बिहार में उपेक्षा व दोयम दर्जे का दंश झेल रहे नागरिक नवीन राज्य गठन के एक दशक पूर्व ही बंद हुई पलामू की पहचान व रोजगार के आधार जपला सीमेंट फैक्ट्री खुलने को लेकर अपनी सरकार से काफी आशान्वित थे। किंतु उनकी तमाम आशाओं पर उस भीषण कुठाराघात हुआ जब झारखंड सरकार की याचिका को खारिज करते हुए पटना हाईकोर्ट ने जपला सीमेंट फैक्ट्री को बंद करने का आदेश जारी कर दिया। इसके अनुपालन में फैक्ट्री 17 मई 2018 को महज 12 करोड़ 56 लाख रूपये में नीलाम कर दी गई। इससे नागरिकों की आस धरी की धरी रह गई। बताया जाता है कि आजादी के पूर्व 1917 में

फाइल फोटो

मार्टिनबर्न कंपनी द्वारा स्थापित सीमेंट फैक्ट्री कालांतर में इसका संचालन डालमिया समूह द्वारा किया जा रहा था। 1992 में जब अंतिम रूप से बंद किया गया। उस समय कंपनी में 14 सौ स्थाई व लगभग पांच हजार अस्थाई श्रमिक कार्यरत थे। इसके अलावा कस्बा सहित आस -पास के हजारों लोगों को फैक्ट्री से अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला था। सीमेंट फैक्ट्री के कारण हुसैनाबाद को जपला के नाम से जाना जाने लगा। आज भी स्टेशन का नाम जपला ही है।

औद्योगिक क्षेत्र बनाने की हसरत भी अधूरी : वर्ष 2022 में झारखंड विधान सभा में हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रश्न के जबाब में सरकार ने कहा था कि जपला सीमेंट फैक्ट्री की 410 एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। किंतु अब तक नागरिकों की यह हसरत भी अधूरी है।

गढ़वा बाईपास की मिली सौगात, आवागमन होगा सुगम : राज्य गठन के बाद वर्षों की शिद्दत के उपरांत क्षेत्रीय नागरिकों को 23 किमी लंबे गढ़वा बाईपास की सौगात मिली। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद 10 अक्टूबर 2021 को बाईपास निर्माण की शुरूआत की गई। इससे निश्चित ही प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित गढ़वा पहुंचने में लोगों को सहुलियत होगी। तमाम झंझावतों के बाद 800 करोड़ रूपये की लागत वाली परियोजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गढ़वा जिला अंतर्गत अंचला गांव में बाईपास की जद में आ रहे कब्रिस्तान के मामले को प्रदेश के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की पहल पर केंद्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी द्वारा फ्लाईओवर निर्माण की मंजूरी देने से सुलझा लिया गया है। अब महज पलामू जिले के गुरहा व गढ़वा जिले के खजूरी में मुआवजा संबंधी पेंच फंसा है। इसे भी सुलझा लिये जाने की संभावना जताई जा रही है। बाईपास का उद्घाटन वर्ष 2024 में केंद्रीय मंत्री नीतिन गड़करी द्वारा किये जाने के आसार हैं। बहरहाल नागरिकों को जल्द से जल्द बाईपास निर्माण पूर्ण होने का इंतजार है।

सिर्फ सरकार ही क्यों ? कुछ हम भी बदलें

सुनील बादल

अक्सर हम बचपन से सुनते रहे हैं कि मेरा बस चले तो मैं ऐसा कर देता! 23 साल पहले आज ही के दिन करोड़ों झारखंड वासियों का बस चल गया और नवोदित झारखंड राज्य के कोने -कोने से लेकर राजधानी रांची के शौर्य स्थल अलबर्ट एक्का चौक में कई दिनों तक लोगों ने नाच- गाकर अपनी सदियों पुरानी मांग पूरी होने की खुशी प्रकट की। चिंतकों, लेखकों और विशेषज्ञों तक ने इसे सबसे समृद्ध राज्य या सबसे अधिक संभावनाओं वाला राज्य बताया। किसी ने इसे जर्मनी के रूर घाटी की तरह खनिज संपन्न बताया तो किसी ने कर्नाटक के बेंगलुरु की तरह सुहाने मौसम वाला सुंदर राज्य बताकर पर्यटन संभावनाओं वाला बताया पर संभवतः किसी ने यह नहीं कहा कि मेरा या हमारा योगदान क्या होगा या होना चाहिए? खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरा यह सुंदर प्रदेश ईसापूर्व असुर और मुंडा शासनकाल में घना जंगल था जो नागवंशी शासन काल उपरांत अंग्रेजी काल से ही लंबे समय से उपनिवेश की तरह विकसित हुआ जिसके प्रति असंतोष और विद्रोह धीरे-धीरे पनपता रहा। यहां के निवासी अपनी ईमानदारी, सरलता, कठोर परिश्रम और शांतिप्रियता के कारण सबसे अच्छे सेवक माने जाते रहे हैं,सरकारी योजनाओं,शिक्षा और सभी के प्रयासों से आजकल यह संपन्न तो हुआ पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पुरानी पहचान नहीं बदल पाया ।पड़ोसी बंगाल की बात करें तो राजधानी कोलकाता सहित राज्य के अधिकांश हिस्से में कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाए तो एक आत्मानुशासन हर जगह दिखता है। ऑटोरिक्शा,बस या किसी भी सुविधा के लिए मारामारी नहीं बल्कि पंक्तिबद्धता दिखती है। सार्वजनिक स्थान पर कब्जा या गंदा करने से पहले पढ़े लिखे बंगाल या ओड़िशा निवासी सोचते हैं। दक्षिण भारत की विनम्रता, शालीनता



और महाराष्ट्र की समय परायणता जैसे गुण हों या हिमाचल या कश्मीर जैसे राज्यों में पर्यटकों के साथ सहयोग्यात्मक व्यवहार ,राजस्थान की अपनी विरासत को संजोने से लेकर आम लोगों का अपनत्व भरा व्यवहार उनकी अर्थव्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। यह नहीं कहा जा सकता कि झारखंड के लोग अशिष्ट या लुटेरे हैं पर इतना अवश्य है कि छोटे कार्यों जिसे आपसी श्रमदान से किया जा सकता है से लेकर ट्रैफिक, भ्रष्टाचार और सार्वजनिक उत्तरदायित्व वाले कार्यों में आज भी सरकार का काम है वाली भावना ही बलवती है। अगर सरकार यानी पुलिस न दिखे तो हम हुड़दंग मचाने से बाज नहीं आते और अनुशासन तोड़ने में युवाओं से लेकर परिपक्व लोग भी पीछे नहीं रहते। प्रमुख सड़कों तक में बारहों महीने पर्व-त्योहारों के नाम पर वसूली से इसकी पहचान खराब होती है। झारखंड को समृद्ध,सुखी और विकसित राज्य बनाने में सरकार की बड़ी भूमिका है पर बिना आमजन के सहयोग के यह संभव नहीं है। अक्सर देखा जाता है कोई भी विकास कार्य,निर्माण कार्य या पूंजीनिवेश करने आने वाले लोगों के मन में भय रहता है कि नेता,दबंग या आमजन तक सभी भयादोहन करेंगे ।अनेक अवसर या औद्योगिक विकास से लेकर पूंजीनिवेश से होने वाली समृद्धि हम इस भावना से गंवा देते हैं जो पड़ोसी राज्यों में चले जाते हैं। झारखंड के पर्यटन उद्योग से हिमाचल की तरह अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती थी या फि ल्म निर्माण जैसे कार्यों से एक बड़े रोजगार के अवसर पैदा हो सकते थे जो छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश चले जा रहे हैं क्योंकि समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता! कम पढ़े लिखे ग्रामीण आज भी मौसमी पलायन कर रहे हैं और ज्यादा पढ़े लिखे स्थायी। सभी को शिकायत सरकारों से है पर अपने कर्तव्यों या दायित्व की बात भी जरुरी है। राज्य की शैक्षिक संस्थाओं से लेकर रोजगार देने वाले छोटे-बड़े उद्योग धंधे या व्यापार जगत को सहयोग और सुरक्षा देकर हम भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़े हो सकते हैं।

गागर में सागर

जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज

मेदिनीनगर। शहर के स्थानीय जेलहाता स्थित वनजा आरोग्य केंद्र में भर्ती गढ़वा जिला अंतर्गत गोसांग निवासी रविंद्र नाथ दुबे की पत्नी को इलाज हेतू बी पॉजीटिव रक्त की आवश्यकता थी। जानकारी मिलने पर एमएमसीएच परिसर स्थित पलामू ब्लड बैंक में सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा सक्रिय हो गये। उनकी पहल पर सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता समूह के सक्रिय सदस्य मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत करकट्टा निवासी सहायक अध्यापक चंद्रशेखर उपाध्याय ने आठवीं बार अपना बी पॉजिटिव रक्त दान कर महिला मरीज की जान बचाई। इस अवसर पर दस वर्षों से पलामू प्रमंडल में रक्तदान जागरूकता अभियान चला रहे झारखंड आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करना जीवनदान के समान है। रक्तदान की अहमियत का पता तब चलता है। जब हमारा कोई अपना रक्त के लिए मौत से जूझ रहा होता है। उस वक्त हमें ऐसे सख्श की जरूरत पड़ती है जो अपना रक्तदान कर रक्त के जरूरतमन्द मरीज की जान बचा कर नया जीवन दे सकें। ब्लड बैंक में सभी रक्त समूह की मात्रा उपलब्ध हो सके। इसके लिए धीरज ने सभी राजनीतिक,सामाजिक,धार्मिक, व्यवसायिक सहित स्वयं सेवी संगठनों से रक्तदान करने का आह्वान किया है।

हमारी संस्कृति हमारी पहचान है : राजीव

हरिहरगंज। नवयुवक सांस्कृतिक समिति खाप कटैया, कोशडिहरा के तत्वावधान में श्रीलक्ष्मी पूजा महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि हमारी पहचान ही हमारी संस्कृति है। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक मृत्युंजय सिंह, संजय जायसवाल, दिनेश स्वर्णकार, । समेत मौजूद थे।



आधुनिक भारत के निर्माता थे पंडित जवाहर लाल नेहरू

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। आजादी की लड़ाई में उनकी अहम भूमिका थी। आजादी के बाद देश के विकास को गति प्रदान करते हुए उन्होंने कई तरह की योजनाएं धरातल पर लाने का काम किया। उनके बिना आधुनिक भारत की कल्पना करना असंभव है। बच्चों से उनका गहरा लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू बुलाया करते थे। मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी सोमेश्वर प्रसाद, दीनानाथ तिवारी, श्याम नारायण सिंह, सत्यानंद दुब, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद रयान, भिखारी राम, जितेंद्र कमलापुरी, रिजवान खान, राजेंद्र अग्रवाल, विद्या सिंह चेरो, सत्येंद्र सिंह, चिंतामणि तिवारी, राजेश चौरसिया उपस्थित थे।

समाहरणालय में महिलाओं के लिए खुला स्तनपान-सह-चेंजिंग रूम

उपायुक्त ने चालीस नवजात शिशुओं को दिये बेबी केयर किट

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पोषण में सुधार हेतु विभिन्न कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्तनपान कक्ष बनाने का निर्देश दिया गया है

बेबी केयर किट से नवजात की सही देखभाल हो सकेगी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बाल दिवस के अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में जन्म लिए चालीस नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को बेबी केयर किट का वितरण किया। वहीं सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान अंतर्गत बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में रोल मॉडल के रूप में कार्य करने वाली आरती, रानी एवं नंदनी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 5-5 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा समाहरणालय के ब्लॉक बी में स्तनपान कक्ष-सह-चेंजिंग रूम का उद्घाटन किया गया। बाल दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को दिये गये किट में नवजात की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध थे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बेबी केयर किट से नवजात की सही देखभाल हो सकेगी। माताएं नवजात को स्वस्थ एवं स्वच्छ रख सकेंगी। वहीं उप विकास आयुक्त रवि प्रकाश ने स्तनपान कक्ष सह चेंजिंग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने यहां ठंड के मौसम के मद्देनजर गर्म पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने एवं नियमित संचालन का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि स्तनपान कक्ष-सह-चेंजिंग रूम में समाहरणालय भवन अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों की महिला पदाधिकारी, महिला कर्मचारी तथा समाहरणालय भवन में किसी कार्य के संबंध में आने वाली सभी धात्री महिलाएं इससे लाभान्वित होंगी। सुविधाजनक स्थान मिलने से महिलाएं अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल में स्तनपान करवा सकेंगी। साथ ही बच्चों की देखरेख भी बेहतर तरीके से कर सकेंगी। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पोषण में सुधार हेतु विभिन्न कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्तनपान कक्ष बनाने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में झारखंड राज्य बाल संरक्षण समिति,यूनिसेफ एवं जेएसएलपीएस की भागीदारी रही । डा. आरके रंजन, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान, यूनिसेफ के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डा. तबरेज आलम, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार वरेण्यम, सदस्य धिरेंद्र किशोर एवं सुधा देवी आदि उपस्थित रहे।

अपराधियों ने दो व्यक्तियों को पीट कर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर शेमरताड़ में अपराधियों ने सोमवार की रात में सुजीत कुमार उर्फ कारू व देवाशीष कुमार को लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट में घायल सुजीत कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह उसके पड़ोसी स्व. मुन्ना चंद्रवंशी के पुत्र राजा चंद्रवंशी के साथ कुछ बात को लेकर झगड़ा हुआ था। शाम को 4:00 बजे सुजीत व देवाशीष झगड़े को सुलझाने के लिए राजा चंद्रवंशी के घर गए थे। इसी बीच राजा चंद्रवंशी अपने कुछ मित्रों के साथ मिलकर उनपर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल के परिजनों से मिलकर कुशल क्षेम जाना। घटना से घायलों के परिजनों में भय का माहौल व्याप्त है।

दबंगों ने घर में घुसकर युवक के साथ की मारपीट

मेदिनीनगर। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम विश्वासिया निवासी सत्यनारायण बेचैन के आवास में सोमवार की रात में घुसे अपराधियों ने बंदूक का भय दिखाकर उनके पुत्र पवन कुमार सिंह व परिजनों के साथ मारपीट की। इससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल पवन सिंह ने बताया कि सोमवार की रात अपने भाई सरवन के साथ कुछ बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान सरवन अपने ससुराल से कुछ दबंग लोगों को घर बुलाकर पवन को बंदूक का भय दिखाकर पवन सहित पूरे परिवार को पिटवाया। पवन ने बताया कि मारपीट करने के बाद सरवन द्वारा हुसैनाबाद थाना में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाया दिया गया है। घटना से परिजन डरे सहमे हुए हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब हम सभी ग्रामीण एकजुट हुए तो सभी अपराधी गांव से भाग निकले। इस घटना के बाद पीड़ितों ने पलामू एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

सड़क हादसे में महिला की मौत

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी निवासी सुदेशी राम की पत्नी शीला देवी उम्र 40 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब दो बजे पति-पत्नी बाइक से मेदिनीनगर किसी काम से जा रहे थे। तभी मेदिनीनगर शहर के शदीक चौक के पास शीला देवी बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। इससे उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगने से वे अचेत हो गईं। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

मेदिनीनगर। दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक सियाचरण सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर फूल माला एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। श्री सिंह ने कहा कि नेहरू जी का मानना था कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास से ही देश का समग्र विकास संभव है। टॉफी रेस प्रतियोगिता में वर्ग नर्सरी से रोहित कुमार प्रथम,गंगा कुमार द्वितीय, एलकेजी से साक्षी कुमारी प्रथम, फैजान राजा द्वितीय, वर्ग यूकेजी से दिव्या बाखला प्रथम, शानवी दुबे द्वितीय, वर्ग 1 से अक्षित कुमार प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय, वर्ग 2 से शिवम पांडे प्रथम,पियूष पांडे द्वितीय, वर्ग 3 से गुलाम मुस्तफा व दीपांशु कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फ्रॉग रेस में एलकेजी से किशन कन्हैया प्रथम,सत्यम पांडे द्वितीय, यूकेजी से आर्यन कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय,वर्ग 1 से आर्यन कुमार प्रथम,सागर कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। संचालन स्वर्णा तिवारी एवं दीपक तिवारी ने किया।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर लोहरदगा वासियो और तमाम झारखंड वासियो को हार्दिक हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

आईये लोहरदगा समेत पूरे झारखंड राज्य के समग्र विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

एक शुभचिंतक
लोहरदगा।

G20 भारत 2023 INDIA

सभी हकदारों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने की
मोदी सरकार की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
द्वारा

योजनाओं का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए
विकसित भारत संकल्प यात्रा का

भगवान बिरसा मुंडा की भूमि
से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

देश के हर जिले और हर गांव-कस्बे तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु सरकार की पहल

साथ ही पीएम-किसान की 15वीं किस्त के तहत ₹18,000 करोड़ की सम्मान निधि का हस्तांतरण

8 करोड़ से अधिक किसानों को 15वीं किस्त के तहत मिल रही सम्मान निधि

पिछली 14 किस्तों में ₹2.61 लाख करोड़ की धनराशि किसानों के खाते में

झारखंड में ₹7,200 करोड़ की लागत की विकास परियोजनाओं की सौग़ात

उद्घाटन / राष्ट्र को समर्पण

- झारखंड में रेलवे का 100% विद्युतीकरण
  ट्रेनों की गति में आएगी तेजी, कार्बन फुटप्रिंट में होगी कमी
- हटिया-पकरा सेक्शन, तलगरिया-बोकारो सेक्शन और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन का दोहरीकरण
  वंदे भारत जैसी सेमी हाई स्पीड ट्रेनों का संचालन होगा संभव
- आईआईएम रांची का स्थायी परिसर, आईआईटी आईएसएम धनबाद का नया छात्रावास
  अत्याधुनिक वातावरण में अपनी प्रतिभा को निखारने का युवाओं को अवसर
- बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल और लूब्रिकेंट (पीओएल) डिपो

शिलान्यास

- एनएच -133 के महागामा- हंसडीहा खंड को फ़ोर लेन करने की परियोजना
  खनिजों का तेज परिवहन होगा सुलभ; आदिवासी बहुल क्षेत्रों में प्रगति होगी सुनिश्चित
- एनएच -114A के बासुकीनाथ- देवघर खंड को फ़ोर लेन करने की परियोजना
  बासुकीनाथ एव बैद्यनाथ धाम तक पहुँच होगी आसान
- केडीएच पूर्णाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट
  कोयले के परिवहन एव लोडिंग क्षमता में आएगी वृद्धि
- आईआईआईटी रांची का नया शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन

खूंटी, झारखंड 15 नवंबर, सुबह 11:15 बजे

#HamaraSankalpViksitBharat
यात्रा की अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
डीडी न्यूज़ पर देखिये कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

CBC 01101/13/0009/2324

गागर में सागर

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड में करें निवेश

नई दिल्ली। बाल दिवस के मौके पर बच्चों को अलग-अलग तरह के गिफ्ट्स देते हैं, मगर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए आप कई तरह के वित्तीय तोहफा दे सकते हैं। इससे बच्चे की पढ़ाई से लेकर शादी तक के खर्च की चिंता खत्म हो जाएगी। जानते हैं इन स्कीम्स के बारे में। पब्लिक प्रोविडेंट फंड के तहत निवेश करके आप अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। पीपीएफ स्कीम के तहत निवेश करके 7.1 फीसदी का ब्याज दर प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत एक साल में 500 रुपये से लेकर 1.50 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है। वहीं 15 साल के बाद आप अपने बच्चे के लिए मोटा फंड प्राप्त कर सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 10 साल तक की बच्ची का खाता खुलवाकर आप उसके पढ़ाई और शादी के खर्च के टेंशन से मुक्त हो सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर साल आप 250 रुपये से लेकर 1.50 लाख रुपये तक निवेश कर सकते हैं।

भारत में खाद्य तेल के आयात में आया उछाल

नई दिल्ली। भारत का वनस्पति तेल आयात अक्टूबर, 2023 में समाप्त तेल वर्ष में 16 प्रतिशत बढ़कर 167.1 लाख टन हो गया। उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को बताया कि कुछ खाद्य तेलों पर कम शुल्क की वजह से आयात बढ़ा है। देश ने तेल वर्ष 2021-22 (नवंबर-अक्टूबर) में 144.1 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया था। तेल वर्ष 2022-23 के दौरान कुल वनस्पति तेल आयात में से 164.7 लाख टन खाद्य तेल था, जबकि गैर-खाद्य तेल का हिस्सा केवल 2.4 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का अग्रणी खरीदार है। मुंबई स्थित सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, ह्यद्यतेल वर्ष 2022-23 के दौरान खाद्य तेलों का आयात बढ़कर 164.7 लाख टन हो गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 24.4 लाख टन की यह वृद्धि कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर मौजूदा 5.5 प्रतिशत का निचला शुल्क है।" एक बयान में कहा गया, आयात के इस प्रवाह ने भारत को अतिरिक्त तेल आपूर्ति के लिए एक प्रमुख गंतव्य में बदल दिया है। इसमें कहा गया कि विशेष रूप से आरबीडी पामोलिन आयात कुल पाम तेल आयात का 25 प्रतिशत से अधिक है, जो घरेलू रिफाइनिंग उद्योग को काफी प्रभावित कर रहा है। ये उद्योग अपनी स्थापित क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है।

कनाडा को लेकर नरमी नहीं दिखाएगा भारत

एजेंसी। वाशिंगटन

कनाडा को लेकर भारतीय कूटनीति के रवैये में कोई भी नरमी आने के संकेत नहीं हैं। बीते शुक्रवार को अमेरिका के साथ टू प्लस टू वार्ता में भारत ने दो टूक साफ कर दिया था कि कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद को लेकर वह अपने रुख पर अडिग है। अब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की बैठक में भी भारत ने साफ तौर पर कनाडा को कहा कि उसे अतिवाद फैलाने वाले समूहों पर रोक लगानी होगी टूडो ने भारत की तरफ इशारा करते और अभिव्यक्ति की आजादी हुए कहा के हो रहे दुरुपयोग को भी रोकना को होगा। यूएनएचआरसी की यह बैठक तरीके से कनाडा में मानवाधिकार की स्थिति खतरनाक की समीक्षा को लेकर ही थी। इसमें बैठक में भारतीय प्रतिनिधि ने भारत की मौजूदा चिंताओं को सामने रखने में भी सौंपी कोई कोताही नहीं की। कनाडा की तरफ से भी इस तरह कुछ के संकेत नहीं हैं कि वह मौजूदा सुझाव तनाव को अपनी तरफ से खत्म आजादी करने को लेकर कोई नरमी दिखा जाए ताकि रहा है। कनाडा के पीएम जस्टिन वाले घरेलू है कि किसी भी बड़े देश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का मनमाने इस्तेमाल की इजाजत देना होगा। यूएनएचआरसी की कनाडा सरकार की तरफ से मानवाधिकार की स्थिति पर रिपोर्ट गई है। भारतीय प्रतिनिधि ने इसका स्वागत किया और इसमें सुधार के सुझाव दिए।

ओबेरॉय ग्रुप के एमेरिटस चेयरमैन पीआरएस ओबेरॉय का निधन

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी ओबेरॉय ग्रुप के मानद चेयरमैन पी.आर.एस. ओबेरॉय ने मंगलवार सुबह अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम 4 बजे होगा। ओबेरॉय समूह परिवार को एक ईमेल में, विक्रम और अर्जुन ओबेरॉय ने कहा, अत्यधिक दुख के साथ हम आपको हमारे प्रिय नेता, पी.आर.एस. ओबेरॉय, चेयरमैन एमेरिटस के आज शांतिपूर्ण निधन के बारे में सूचित करना चाहते हैं। उनका निधन ओबेरॉय समूह और भारत और विदेशों में आतिथ्य उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण नुकसान है। उन्होंने कहा कि पी.आर.एस. ओबेरॉय एक दूरदर्शी नेता थे, जिनके अटूट समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति जुनून ने ओबेरॉय समूह और उसके होटलों को विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ में पहचान दिलाई।

एसबीआई ने कस्टमर को दी चेतावनी

फर्जी मैसेज आने पर जवाब न दें

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई (एसबीआई) ने अपने 50 करोड़ खाताधारकों के लिए जरूरी अलर्ट जारी किया है। बैंक ने कहा कि कई कस्टमर को अकाउंट बंद होने के फर्जी मैसेज मिल रहे हैं। एसबीआई की तरफ से ऐसा कोई मैसेज नहीं भेजा गया है। इन फर्जी मैसेज से सभी कस्टमर सावधान रहें और इनका जवाब न दें। ऐसे मैसेज ठगों द्वारा भेजे जा रहे हैं। जवाब देने पर आपके साथ धोखा हो सकता है। इन मैसेज में लिखा है कि प्रिय एसबीआई खाताधारक, आपका अकाउंट आज ब्लॉक कर दिया जाएगा। कृपया अपने पैन कार्ड नंबर को अपडेट करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करें। बैंक ने ग्राहकों को अलर्ट किया है कि बैंकिंग डिटेल्स साझा करने के लिए आए किसी भी ईमेल या मैसेज का जवाब न दें। ऐसा संदेश मिलने पर तुरंत रिपोर्ट करें। एसबीआई गाइडलाइन के अनुसार, अकाउंट नंबर, पासवर्ड, पिन या सीवीवी नंबर किसी को भी न दें। जानकारी को अपडेट करने, अकाउंट को एक्टिव करने, कॉल या वेबसाइट पर ऐसी जानकारी मांगने वाले के खिलाफ तुरंत शिकायत करें। बैंक ने कहा कि आप साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी कॉल कर सकते हैं। बैंकिंग फ्रॉड होने पर ज्यादातर लोग कुछ नहीं करते। ऐसे मामलों में पुलिस भी आनाकानी करती है। मगर, तुरंत एक्शन लेकर आप पूरा पैसा वापस ले सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुसार, साइबर फ्रॉड की जानकारी आप अपने बैंक को समय से देकर नुकसान से बच सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-23/2023-24 में वर्णित कार्य जिसका PR 310670 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 06 में Date of Publication of Tender on Website 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 07 में Start Date/time for Online Submission of bid 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 08 में Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 18.11.2023 (17:00PM) के स्थान पर 24.11.2023 (17:00PM), कंडिका क्रमांक 09 में Last Date and Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 21.11.2023 (03:00PM) के स्थान पर 25.11.2023 (03:00PM) तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 22.11.2023 (02:00PM) के स्थान पर 28.11.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
चतरा

PR 311357 Rural Development (23-24)_D

DDC-cum-Member Secretary, DMFT, Latehar

CORRIGENDUM

In the light of the suggestions received from the prospective bidders, DDC-cum-Member Secretary, DMFT, Latehar has decided to make following amendments/ addendum in the **NIB No. PR 310654 (District) 23-24 (D) dated 4.11.2023, "For Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Roof top SPV Power Plants of different capacities with Polycrystalline Panel with battery Backup including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the district of Latehar"**;the Technical EOI opening date 23.11.2023 has been revised to 22.11.2023. Others changes made can be seen in the corrigendum which have been uploaded in the official website of the district: **https://latehar.nic.in/.** Rest all others conditions specified in the EOI will remains unchanged.

DDC-cum-Member Secretary
DMFT, Latehar

PR 311293 District (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-21/2023-24 में वर्णित कार्य जिसका PR 310728 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 06 में Date of Publication of Tender on Website 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 07 में Start Date/time for Online Submission of bid 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 08 में Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 18.11.2023 (17:00PM) के स्थान पर 24.11.2023 (17:00PM), कंडिका क्रमांक 09 में Last Date and Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 21.11.2023 (03:00PM) के स्थान पर 25.11.2023 (03:00PM) तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 22.11.2023 (02:00PM) के स्थान पर 28.11.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR311354 (Rural Development)23-24*D

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207
पत्रांक ...../ दिनांक ...../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.10.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–हुटार बस्ती के पास से 10 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप संख्या– JH06C3224 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर नवल किशोर, वनरक्षी के अभिरक्षा मे चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.11.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 311334 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, गढ़वा (उत्पाद शाखा)

आदेश

संयुक्त आयुक्त उत्पाद, उत्पाद एवं मद्य निशेध विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–2518 दिनांक–30.10.2023 के आलोक में छतीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के अवसर पर गढ़वा जिला के सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने हेतु झारखण्ड उत्पाद अधिनियम–1915 की धारा 26 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं शेखर जमुआर, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–135 (ग) के आलोक में आदेश देता हूँ कि छतीसगढ़ राज्य के बलरामपुर जिला में मतदान की निर्धारित तिथि 17.11.2023 दिन (शुक्रवार) के अवसर पर गढ़वा जिला के सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद शराब दुकानें एवं अन्य अनुज्ञप्ति परिसर मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति की अवधि तक अर्थात 15.11.2023 के संध्या 5:00 बजे से 17.11.2023 के (सम्पूर्ण दिवस) मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना की तिथि 03.12.2023 (रविवार) को गढ़वा जिला की सभी प्रकार के खुदरा शराब दुकानें पूर्णतः बन्द रहेगी।

साथ ही उक्त अवधि में जिला के किसी होटल, रेस्तराँ, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा किसी निजी अथवा सरकारी स्थान में कोई भी स्प्रीटयुक्त, किण्वत या मादक पदार्थों की बिक्री लेनदेन और वितरण प्रतिबंधित रहेगी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त,गढ़वा

PR 311322 Excise(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-20/2023-24 में वर्णित कार्य जिसका PR 310674 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 06 में Date of Publication of Tender on Website 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 07 में Start Date/time for Online Submission of bid 11.11.2023 (11:00AM) के स्थान पर 17.11.2023 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 08 में Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 18.11.2023 (17:00PM) के स्थान पर 24.11.2023 (17:00PM), कंडिका क्रमांक 09 में Last Date and Time of Submission of Hard Copy of Cost of Tender, EMD and Other Documents 21.11.2023 (03:00PM) के स्थान पर 25.11.2023 (03:00PM) तथा कंडिका क्रमांक 10 में Technical Bid Opening Date and Time 22.11.2023 (02:00PM) के स्थान पर 28.11.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा

PR 311353 Rural Development(23-24).D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

58वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :–मनिका थाना अप्राथ सं0 32/92 के आधार पर चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरारी साव द्वारा आधार पर शपथ पत्र के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–18/23 2. आवेदक–जोगेन्द्र उराँव, पिता–जगरनाथ उराँव 3. ग्राम–बसिया, पोस्ट–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :–झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा चिन्हित आन्दोलनकारी सुर्यदेव भगत द्वारा अनुशंसा एवं पहचान के आधार पर।	
2.	1. आवेदन क्र0–19/23 2. आवेदक–आफताब आलम खान, पिता–मो0 रसूल अहमद खान 3. ग्राम–डुरूआ, पोस्ट–डुरूआ, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–20/23 2. आवेदक–जमील अख्तर, पिता–मो0 आशीकुल्लाह 3. ग्राम–डुरूआ, पोस्ट–डुरूआ, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–सीने के बीच में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–21/23 2. आवेदक–राजीव कुमार भास्कर, पिता–स्व0 कस्तुरी लाल भास्कर 3. ग्राम–किनामाड़, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में हड्डी निकला हुआ।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–22/23 2. आवेदक–कन्हाई सिंह, पिता–स्व0 देवकी सिंह 3. ग्राम–निंदिर, पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटा हुआ निशान।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 311317 (Home)23-24*D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

58वीं औपबंधिक सूची
जिला–गढ़वा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	कारण :– झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी की अभिप्रमाणित प्रति में नाम एवं चिन्हित आन्दोलनकारी के पहचान के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–37/23 2. आवेदक–दिलीप कुमार, पिता–स्व0 द्वारिका राम 3. ग्राम–पीपरडीह, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–38/23 2. आवेदक–केष्वर राम, पिता–नकछेदी राम 3. ग्राम–खाला, पोस्ट–धुरकी, थाना–धुरकी, प्रखण्ड–धुरकी 4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–दायां पैर के घुटना पर कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–39/23 2. आवेदक–गोपाल चौबे, पिता–बरिस्टर चौबे 3. ग्राम–सुलसुलिया, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–40/23 2. आवेदक–जय श्री शाह, पिता–राम बेलास साव 3. ग्राम–कधवन, पोस्ट–भोजपुर, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई पर चिन्ह का निषान।	कंडिका 2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–41/23 2. आवेदक–केदार नाथ प्रसाद, पिता–यदुनन्दन साह 3. ग्राम–मेन रोड, नगर उँटारी, पोस्ट–नगर उँटारी, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष पहचान चिन्ह–ललाट पर काला दाग।	कंडिका 2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–42/23 2. आवेदक–मानिक राम, पिता–स्व0 जगमोहन राम 3. ग्राम–हुलहुला खुर्द, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–80 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के बाह में तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–43/23 2. आवेदक–अरूण कुमार, पिता–स्व0 तपसी साह 3. ग्राम–चचेरिया, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में जला का दाग।	कंडिका 2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–44/23 2. आवेदक–चन्द्रमणि राम, पिता–ईष्वर राम 3. ग्राम–चित्तविश्राम, पोस्ट–चित्तविश्राम, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–45/23 2. आवेदक–मुन्द्रिका राम, पिता–स्व0 पदुम राम 3. ग्राम–पीपरडीह, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन में मासा का निषान।	कंडिका 2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–46/23 2. आवेदक–केष राम, पिता–तुलसी राम 3. ग्राम–मंगरदह, पोस्ट–नगर उँटारी, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–47/23 2. आवेदक–धनंजय कुमार चौबे, पिता–स्व0 ज्ञान चौबे 3. ग्राम–सुलसुलिया, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें जांघ में काला धब्बा।	कंडिका 2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0–48/23 2. आवेदक–रामदत्त चौबे, पिता–स्व0 बालकेष्वर चौबे 3. ग्राम–पीपरडीह, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–82 वर्ष पहचान चिन्ह–नाक पर कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–49/23 2. आवेदक–धिरेन्द्र विष्वकर्मा, पिता–रामषरण विष्वकर्मा 3. ग्राम–पाल्हेकलां, पोस्ट–भोजपुर, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0–50/23 2. आवेदक–रामेष्वर विष्वकर्मा, पिता–कृष्णा विष्वकर्मा 3. ग्राम–कधवन, पोस्ट–परसोडीह, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–51/23 2. आवेदक–रेणु देवी, पति–आनन्द विष्वकर्मा 3. ग्राम–पाल्हेकलां, पोस्ट–भोजपुर, थाना–नगर उँटारी, प्रखण्ड–नगर उँटारी 4. लिंग–महिला आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह–गले के नीचे बायें तरफ तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0–52/23 2. आवेदक–मोतीलाल यादव, पिता–गणेष यादव 3. ग्राम–बात्तो, पोस्ट–पाचाडुमर, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने बांह पर मासा का निषान।	कंडिका 2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0–53/23 2. आवेदक–कामेष्वर विष्वकर्मा, पिता–कृष्णा विष्वकर्मा 3. ग्राम–कधवन, पोस्ट–परसोडीह, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें पिठ पर तिल का दाग।	कंडिका 2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0–54/23 2. आवेदक–जनेष्वर विष्वकर्मा, पिता–कृष्णा विष्वकर्मा 3. ग्राम–कधवन, पोस्ट–परसोडीह, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पेट पर लहसन का निषान।	कंडिका 2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0–55/23 2. आवेदक–अरूण विष्वकर्मा, पिता–रामजी विष्वकर्मा 3. ग्राम–केतार, पोस्ट–केतार, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–लिलाट पर कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0–56/23 2. आवेदक–मंगलेष कुमार विष्वकर्मा, पिता–लक्ष्मण विष्वकर्मा 3. ग्राम–बलीगढ़, पोस्ट–केतार, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें तरफ आंख के उपर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0–57/23 2. आवेदक–लल्लू राम, पिता–परमेष्वर राम 3. ग्राम–मकरी, पोस्ट–मकरी, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0–58/23 2. आवेदक–विजय राउत, पिता–स्व0 मोतिमनी राउत 3. ग्राम–बुका, पोस्ट–बुका, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0–59/23 2. आवेदक–कैमुद्दीन अंसारी, पिता–वाजुद्दीन अंसारी 3. ग्राम–मकरी, पोस्ट–मकरी, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका 2(ix)
24.	1. आवेदन क्र0–60/23 2. आवेदक–विष्वनाथ सिंह, पिता–स्व0 बचाई सिंह 3. ग्राम–मकरी, पोस्ट–मकरी, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मासा।	कंडिका 2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0–61/23 2. आवेदक–पलटन चेरो, पिता–राम औतार चेरो 3. ग्राम–अरसली, पोस्ट–अरसली, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान।	कंडिका 2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0–68 2. आवेदक–दयानन्द प्रसाद यादव, पिता–स्व0 रामवृक्ष यादव 3. ग्राम–बत्तोकला, पोस्ट–परती कुषवानी, थाना–केतार, प्रखण्ड–केतार 4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–बांये आंख के नीचे कटे का निषान।	कंडिका 2(ix)
27.	1. आवेदन क्र0–63/23 2. आवेदक–मिरा देवी, पति–विनोद विष्वकर्मा 3. ग्राम–केतार, पोस्ट–केतार, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर 4. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–नाके के बगल में दोनों तरफ तिल।	कंडिका 2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी बैठक पंजी की अभिप्रमाणित प्रति में नाम के आधार पर प्रकाषित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 311306 Home(23-24)D

ज्ञान की बात

जो व्यक्ति सही को सही और गलत को गलत कहने का हिम्मत रखता है वह संसार का सबसे श्रेष्ठ व्यक्ति हैं।

- अज्ञात

स्थापना दिवस व प्रदूषण

आज झारखंड स्थापना दिवस है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर भगवान बिरसा की धरती को नमन किया। चारो तरफ सौगातों की बरसात है। हर तरफ चहल-पहल है। आम आदमी टुकुर-टुकुर कुछ निहार रहा है। उसके जेहन में कुछ सवाल हैं? क्या समस्याओं के आकाश में उसे कुछ मिला। राजनीतिक बूंदाबांदी के बीच अधिकार और कर्तव्य की पाठशाला में अपने महान सपूतों को याद किया गया। यह अच्छी बात है। उनके बताये मार्ग आज हम सब के संबल हैं। बावजूद हमारे आस-पास समस्याओं की लंबी श्रृंखला हैं। बहरहाल इन दिनों पर्वों का मौसम है। दशहरा और दीपावली की विदाई हो गई है। आस्था का महापर्व छठ हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। ऐसे में एक बात शायद हम या हमारी सरकार भूल रही है कि प्रदूषण की वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। देश की राजधानी दिल्ली हो या अपना राज्य झारखंड कोयला,पत्थर,व अन्य खनिजों के खनन तथा परिवहन के दौरान वातावरण में फैलने वाले धूल कणों के कारण लोग परेशान हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में इस पर चिन्ता जताई है। वहीं झारखंड हाई कोर्ट ने हाल में बढ़ते प्रदूषण पर गहरी चिन्ता जताई है। दुख की बात यह कि लाख चिन्ता के बाद भी दीपावली के मौके पर लोगों ने जमकर पटाखे चलाये और प्रदूषण फैलाये। दीपावली की अतिशबाजी के कारण पूरे राज्य में प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक से कई गुणा ज्यादा बढ़ गया है। ध्वनि प्रदूषण भी जमकर किया गया। हवा में लगातार बढ़ती कार्बन व जहरीली गैसों की मात्रा कितनी खतरनाक साबित हो सकती है,यह बताने की जरूरत नहीं है। अभी भी समय रहते हम सभी को सचेत हो जाने की जरूरत है। ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित रह सके। यह काम सिर्फ सरकार पर छोड़ना उचित नहीं है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग को इस मुहिम में शामिल होने की जरूरत है। खासकर कोई बड़े कार्यक्रम के दौरान इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए। व्यक्ति की बुनियादी जरूरतों में स्वास्थ्य पर चर्चा अहम है। प्रदूषण की समस्या निपटारे के लिए जागरूक होना जरूरी है। प्रकृति प्रदत्त पर्यावरण की रक्षा से बहुत हद तक इस पर काबू पाया जा सकता है। संकल्पों के जंगल में पेड़ों की रक्षा हो। इसके लिए बनाये गये कायदे कानून को सख्ती से लागू किया जाये। कारण पेड़ और पौधे हमारे सहचर हैं। प्रदूषण को रोकने में ये मददगार होते हैं। बहरहाल प्रत्येक स्थापना दिवस के मौके पर ज्वलंत विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। 23 वर्ष का हमारा झारखंड हो चुका है। इससे पूर्व एक -एक विषय को जमीन पर उतारा गया होता तो आज उसकी संख्या करीब दो दर्जन के आस-पास होती। प्रदूषण हमारे जीवन के साथ जुड़ा है। इसकी रोकथाम की दिशा में संकल्प लेने की जरूरत है। पर्व और त्योहार के मौके पर किसी तरह का प्रदूषण न फैले। इस बात की चिन्ता करने की आज के दिन जरूरत है। इसे गंभीरता से लेने की जरुरत है। इसके लिए सरकारी स्तर से प्रयास तो जरुरी है, लेकिन सामाजिक प्रयास को खारिज नहीं किया जा सकता। बहरहाल हमारा राज्य झारखण्ड अब युवा अवस्था की ओर अग्रसर है। संभावनाओं के जमीन पर उसे बधाई।

राजनीतिक बूंदाबांदी के बीच अधिकार और कर्तव्य की पाठशाला में अपने महान सपूतों को याद किया गया। यह अच्छी बात है। उनके बताये मार्ग आज हम सब के संबल हैं। बावजूद हमारे आस-पास समस्याओं की लंबी श्रृंखला हैं। बहरहाल इन दिनों पर्वों का मौसम है। दशहरा और दीपावली की विदाई हो गई है।

दुनिया में सबकी बहन हो यमुना जैसी

योगेश कुमार गोयल

आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाये जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। भाई दूज की तिथि को लेकर इस वर्ष बड़ा भ्रम बना हुआ है। दरअसल पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि इस साल 14 नवंबर को दोपहर 2:36 मिनट से शुरू हो रही है, जिसका समापन 15 नवंबर को दोपहर 1:47 मिनट पर होगा। ऐसे में भाई दूज का त्योहार वैसे तो 14 और 15 नवंबर को दोनों दिन मनाया जायेगा लेकिन ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष भाई दूज का त्योहार उदया तिथि के अनुसार 15 नवंबर को मनाया जायेगा और इस त्योहार को भाई के साथ मनाने का शुभ समय 15 नवंबर को सुबह 10:45 बजे से दोपहर 12:05 बजे तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है। भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अकसर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी- एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फेंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जायेगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिये। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जायेगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरुष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गये लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई। सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवारवालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाय लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सबको विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाये तो सभी की आंखों में आंसू आ गये और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया। भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही 'भाई दूजह्न' पर्व मनाया जाता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भाई दूज की तिथि को लेकर इस वर्ष बड़ा भ्रम बना हुआ है। दरअसल पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि इस साल 14 नवंबर को दोपहर 2:36 मिनट से शुरू हो रही है, जिसका समापन 15 नवंबर को दोपहर 1:47 मिनट पर होगा।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी

ऋषि वशिष्ठ महान सप्तऋषियों में से एक हैं। महर्षि वशिष्ठ सातवें और अंतिम ऋषि थे। वे श्री राम के गुरु भी थे और सूर्यवंश के राजपुरोहित भी थे। उन्हें ब्रह्माजी का मानस पुत्र भी कहा जाता है। उनके पास कामधेनु गाय और नंदिनी नाम की बेटी थी। ये दोनों ही मायावी थी। कामधेनु और नंदिनी उन्हें सब कुछ दे सकती थी। महर्षि वशिष्ठ की पत्नी का नाम अरुंधती था। ऋषि वशिष्ठ को मंडल 7 उपन्यास का सबसे प्रमुख लेखक माना जाता है। किन्ही 10 राजाओं की लड़ाई में इन्होने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई लेकिन युद्ध में भाग लेकर नहीं बल्कि उस युद्ध के बाद एक नकारात्मक भजन लिखकर। उन्होंने भजन इसलिए लिखा की राजाओं को पता चले की आपके अहंकार के कारण कई निर्दोष व्यक्ति की मौत हुई है। वशिष्ठ ने वशिष्ठ संहिता ग्रन्थ की रचना भी की। वशिष्ठ संहिता में ज्योतिष विद्या और वैदिक प्रणाली का वर्णन किया गया है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के गुरु और इक्ष्वाकु रियासत के राज पुरोहित थे। ऋषि वशिष्ठ शांति प्रिय, महान और परमज्ञानी थे। ऋषि वशिष्ठ ने सरस्वती नदी के किनारे गुरुकुल की स्थापना की थी। गुरुकुल में हजारों राजकुमार और अन्य सामान्य छात्र गुरु वशिष्ठ से शिक्षा लेते थे। यहाँ पर महर्षि वशिष्ठ और उनकी पत्नी अरुंधती विद्यार्थियों को शिक्षा देते थे। विद्यार्थी गुरुकुल में ही रहते थे। ऋषि वशिष्ठ गुरुकुल के प्रधानाचार्य थे। वशिष्ठ ऋषि अपने समय में सतगुरु रह चुके है। गुरुकुल में वे शिष्यों को 20 से अधिक कलाओं का ज्ञान देते थे। ऋषि वशिष्ठ के पास पूरे ब्रह्माण्ड और भगवानों से जुड़ा सारा ज्ञान था। उनके लिखे कई श्लोक और अध्याय वेदों में आज भी है। महर्षि वशिष्ठ के पास कामधेनु गाय थी जो कि एक पूरी सेना के लिए खाना या किसी भी चीज का उत्पादन कर सकती थी।

(क्रमशः)

छंटने लगा अयोध्या की उदासी का अंधेरा

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी-मथुरा-अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस धारणा को बदल दिया। यह दुनिया जानती है कि उत्तर प्रदेश तीर्थाटन के लिहाज से बहुत समृद्ध रहा है। यहां के काशी, मथुरा, अयोध्या और सारनाथ जैसे तीर्थस्थल विश्व प्रसिद्ध है। सदियों से चलने वाले अनेक मेले भी बहुत प्रसिद्ध हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद तीर्थाटन को अर्थव्यवस्था और सामाजिक एकात्मता से जोड़ने का कार्य किया। पिछले कुंभ में उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में आयोजित की थी। यह विकास और संस्कृति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता थी। अयोध्या में पांच सदियों का सपना साकार होने जा रहा है। जनवरी में भव्य श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होगा। इसके पहले योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक कर सुशासन का संदेश दिया। अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक अयोध्या में भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना होगी। अयोध्या शोध संस्थान को अंतरराष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, शुकतीर्थ क्षेत्र परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित भी पारित किया गया। लक्खी मेला हाथरस, मकर संक्रांति तथा बसंत पंचमी मेला अयोध्या, गंगा स्नान मेला अनूपशहर और बुलंदशहर तथा देव दीपावली काशी के प्रांतीयकरण का निर्णय उल्लेखनीय है। यह कहने में संकोच नहीं कि केवल अस्था ही नहीं, तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थनगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया है। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किये गये दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा है। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गया- तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गई है अयोध्या। दीपों का यह पर्व भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को सम्पूर्ण प्रकाश के साथ अभिव्यक्त करने का अवसर बन गया। अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है। अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है। कनेक्टिविटी में सुधार के प्रयास जारी हैं। इनमें एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के विस्तार, बस स्टेशन, सड़कों और राजमार्गों व ढांचा परियोजनाओं का निर्माण शामिल है। ग्रीनफील्ड टाउनशिप भी प्रस्तावित है। इसमें तीर्थ यात्रियों के ठहरने की सुविधा, आश्रमों के लिए जगह, मठ, होटल, विभिन्न राज्यों के भवन आदि शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या में मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के लिए उत्तर प्रदेश अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण विधेयक का पारण विधानमंडल से कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में गंगा नदी, यमुना नदी एवं अन्य प्रमुख नदियों में कुल ग्यारह राष्ट्रीय जलमार्ग स्थित है। प्रदेश में अपेक्षाकृत सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल परिवहन एवं जल पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर भी अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाना है। इस प्राधिकरण के गठन से देश में जल परिवहन, जल पर्यटन तथा पोत परिवहन एवं नौ-वहन के क्षेत्र में विकास, विनियमन एवं पर्यावरणीय सुरक्षा को विकसित किया जा सकेगा। प्रदेश के उत्पादों को बेहतर एवं सस्ती दरों पर देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों में निर्यात का अवसर प्राप्त होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस धारणा को बदल दिया। यह दुनिया जानती है कि उत्तर प्रदेश तीर्थाटन के लिहाज से बहुत समृद्ध रहा है।

अयोध्या

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से



डिजिटल प्लेटफॉर्म के दौर में उसके दुष्ट परिणामों से बचाने का प्रयास

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सभी देश आज डिजिटलाइजेशन के दौर में आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं और इंटरनेट सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से जुड़ने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है इसीलिए सरकारों का कर्तव्य है किश्रोताओं की बढ़ती संख्या को लाभ उठाने और उन्हें इसमें इसके दुष्परिणामों से बचने के लिए कुछ कानून नियम विनियम इत्यादि बने। चूंकि इसी कड़ी में भारत सरकार ने दिनांक 10 नवंबर 2023 को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने डिजिटल विज्ञापन नीति 2023 को मंजूरी दी है, इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते दौर में उसके दुष्परिणामों से आम नागरिकों को बचाने सरकार का बड़ा कदम, डिजिटल विज्ञापन नीति 2023 है। साथियों बात अगर हम केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा डिजिटल विज्ञापन नीति 2023 को मंजूरी प्रदान करने की करें तो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने केंद्रीय संचार ब्यूरो को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए एक अग्रणी डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 को स्वीकृति दे दी है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो डिजिटल मीडिया क्षेत्र में अभियानों का संचालन करने के लिए भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण विज्ञापन विंग है। यह नीति उभरते मीडिया परिदृश्य और मीडिया उपयोग के बढ़ते डिजिटलीकरण के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में जानकारी प्रसारित करने एवं जागरूकता जगाने के सीबीसी के मिशन में एक महत्वपूर्ण अभियान को चिह्नित करती है। बता दें कि इससे सरकार की डिजिटल पहुंच तक दायरा बढ़ाने और नागरिकों तक सूचना पहुंचाने के तंत्र में सुधार की सम्भावना है। अभी तक सरकार के सभी मंत्रालय और विभागो के अलग-अलग सोशल मीडिया हैंडल हैं। नई नीति के अमल में आ जाने से इनकी पहुंच भी बढ़ जायेगी। यह नीति सीबीसी को ओटीटी और वीडियो ऑन डिमांड स्पेस में एजेंसियों और संगठनों को सूचीबद्ध करने में सक्षम बनायेगी। सीबीसी, डिजिटल ऑडियो प्लेटफार्मों के पैनल के माध्यम से पॉडकास्ट और डिजिटल ऑडियो प्लेटफार्मों पर श्रोताओं की बढ़ती संख्या का लाभ उठाने में भी सक्षम होगा। इंटरनेट वेबसाइटों को सूचीबद्ध करने की अपनी प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने के अलावा, सीबीसी अब प्रथम बार अपने सार्वजनिक सेवा अभियान संदेशों को मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी प्रसारित करने में सक्षम होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सार्वजनिक वातार्लाप के लोकप्रिय चैनलों में से एक बनने के साथ, यह नीति उस प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है जिसके माध्यम से सीबीसी इन प्लेटफार्मों पर सरकारी ग्राहकों के लिए विज्ञापन दे सकता है। यह नीति सीबीसी को विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए डिजिटल मीडिया एजेंसियों को सूचीबद्ध करने का भी अधिकार प्रदान करती है। यह नीति डिजिटल यूनिवर्स में विशाल ग्राहक आधार ,डिजिटल विज्ञापनों के माध्यम से प्रौद्योगिकी सक्षम संदेश विकल्पों के साथ मिलकर लक्षित तरीके से नागरिक केंद्रित संदेशों को प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करेगी जिसके परिणाम स्वरूप सार्वजनिक उन्मुख अभियानों में लागत दक्षता भी लाई जा सकेगी। हाल के वर्षों में, दर्शकों के मीडिया उपयोग को देखते हुए इसमें डिजिटल क्षेत्र की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के परिणामस्वरूप, देशभर में इंटरनेट, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफार्मों से जुड़ने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। ट्राई के भारतीय दूरसंचार सेवा प्रदर्शन संकेतक जनवरी-मार्च 2023 के अनुसार, मार्च 2023 तक भारत में इंटरनेट की पहुंच 880 मिलियन से अधिक है और मार्च 2023 तक दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 1172 मिलियन से अधिक है।

नई नीति के अमल में आ जाने से इनकी पहुंच भी बढ़ जायेगी। यह नीति सीबीसी को ओटीटी और वीडियो ऑन डिमांड स्पेस में एजेंसियों और संगठनों को सूचीबद्ध करने में सक्षम बनायेगी।

बचाव

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

गागर में सागर

श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतरा टोली करेगी भव्य भक्ति जागरण

लोहरदगा। श्री शुभकामना छठ पूजा समिति की एक आम बैठक अध्यक्ष अरविंद यादव के अध्यक्षता में हुई। इसमें 19 नवंबर के संध्या अर्घ्य एवं 20 नवंबर को प्रातः अर्घ्य अर्पित की जाएगी। पतरा टोली से शंख नदी तट तक भव्य विद्युत सज्जा की जाएगी ताकि किसी भी छठवर्ती को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इससे पूर्व नदी को बांधकर डेम का रूप दिया जाएगा जो काफी आकर्षक होगा। नीचे घाट स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। 22 नवंबर को रात्रि में बिजली ऑफिस के निकट रात्रि 8:00 बजे से रांची, टाटा एवं ओडिशा के कलाकारों द्वारा भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि राम लखन प्रसाद (विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष) तथा समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद होंगे। बैठक में अध्यक्ष अरविंद यादव, उपाध्यक्ष अनिल साहू, कमलेश प्रसाद रोशन कुमार गुप्ता, राहुल कुमार साहू, विनोद साहू, सत्येंद्र यादव, सचिव रणधीर साहू, कोषाध्यक्ष सोहन साहू, छठ पूजा समिति के संरक्षक विनोद सिंह, सुरेश ठाकुर कवलजीत सिंह, मनोज गुप्ता(मना) आदि उपस्थित थे।

सहियाओं के बीच कोट का हुआ वितरण

कुडू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 116 सहियाओं के बीच कोट का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं को ड्रेस के साथ-साथ सरकार कोट उपलब्ध करा रही है। इससे सहियाओं को ठंड से राहत मिलेगी व एक अलग पहचान भी मिलेगी। इस अवसर पर बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, स्टोर कीपर संध्या कुजूर, क्लर्क गुडविन तिग्गा, शमशाद आलम सहित सभी सहिया और सहिया साथी उपस्थित रही।

महिला मंडल ने की वार्षिक आमसभा

सेन्हा। प्रखंड मुख्याल स्थित बेसिक उच्च विद्यालय खेल मैदान में महिला मंडल द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र विभिन्न पंचायतों में संचालित महिला मंडल समूह की सैकड़ों दीदियां उपस्थित थीं। वहीं प्रखंड व पंचायत स्तरीय महिला समूह को संचालित करने के लिये जिला से आये पर्यवेक्षकों जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक अमिताभ मजूमदार, बिनोद होरो, कुडू प्रखंड दीपक गुप्ता, श्याम प्रजापति, किसको प्रखंड सुधा देवी व लालिमा देवी की निगरानी में 11 सदस्यी कार्यकारणी समिति का चयन आगामी तीन वर्षों के लिये किया गया। मौके पर जयंत कंडुलना, उज्ज्वल शुक्ला, शकुंतला देवी, सज्जाद अन्सारी, पूनम देवी, प्रदीप महली, राजकपूर भगत के अलावा एसआई गणेश यादव आदि मौजूद थे।

अबुवा आवास में बिचोलियों को पैसा न दें

भंडरा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुवा आवास योजना में आवास आवंटन को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने मंगलवार सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने कहा कि गरीब जरूरतमंद ग्रामीणों को आवास देने के लिए अबुवा आवास योजना संचालित की गई है। तय मानक पूरा करने वाले पात्र लाभार्थियों की सूची गांव वार आनलाइन निर्धारित होगी। लाभार्थियों को वरीयता के अनुसार योजना में आवास आवंटित होगा। अबुवा आवास पूरी तरह निशुल्क है। बीडीओ ने सभी प्रखंड वासियों से अपील की है कि कोई भी लाभुक अबुवा आवास या अन्य कोई भी सरकारी योजना में बिचोलियों को पैसा न दे। पैसा मांगने पर तत्काल इसकी सूचना प्रखंड कार्यालय को दे। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि अबुवा आवास या अन्य सरकारी योजना में पैसा लेने का मामले की लिखित शिकायत मिलती है तो जांच बाद उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

जतरा हमारी पुरखों की धरोहर है : भगत

लोहरदगा। कुडू प्रखंड के ग्राम कोलसिमरी में मंगलवार को सुबह सोहराय जतरा का भव्य आयोजन सोहराय जतरा सरना समिति द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि सोहराय जतरा का छोटानागपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विशेष कर आदिवासी समाज में इसकी विशेष महत्व है। सोहराय पूर्व पर गाय, बैल पशु को हम लोग पूजते हैं इन्हें अपना परिवार का सदस्य मानते हैं। जतरा हमारे पुरखों की धरोहर है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे हमें संजो कर रखने की आवश्यकता है। जतरा में चिताकोनी, जामड़ी, सुकरहूटु, बक्सी, लावागांई, विश्रामगढ़, लावांगाई बड़काटोली कोलसिमरी, रोनहेया सहित अनेक खोड़हा दल के लोग उपस्थित थे। मौके पर आलोक कुमार साहू, विकास नाथ शाहदेव, विनोद भगत, संदीप भगत, जतरू उरांव, वीरेंद्र यादव, सुबोध यादव, ग्राम प्रधान श्यामू भगत, बंगा भगत, सुनील भगत, तेम्बा भगत, राकेश भगत, पवन भगत, तेजा पाहन अधनु भगत, बुद्धिमान भगत, विष्णु भगत, बसंत भगत आदि उपस्थित थे।

'अंधी दौड़ में बालपन न करें बर्बाद'

कुडू। भारत का उज्जवल भविष्य की आधारशिला बेहतरीन शिक्षा है। शिक्षा की गुणवत्ता ही समाज और राष्ट्र के भविष्य को प्रतिबिंबित करता है। यह बातें स्वंयसेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के भूतपूर्व अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने शाइन पब्लिक स्कूल सुंदरू में आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में कहीं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को बचपन जीने दें। प्रतियोगिता की अंधी दौड़ में बच्चों का बालपन न बर्बाद हो बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पुलिस अधीक्षक ने 9वीं दो दिवसीय दिन-रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, कहा

खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए पुलिस प्रशासन करेगा सकारात्मक पहल

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर में 9वीं दिन रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन लोहरदगा पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस बीच आयोजन समिति की ओर से उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी हारिस बिन जमा एवं अन्य अतिथियों का गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर खिलाड़ियों का हुजूम भरा हुआ है। इन्हें बेहतर प्लेटफार्म मिले इसके लिए सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। लोहरदगा जिला में खिलाड़ियों की बेहतरी हेतु पुलिस प्रशासन

सकारात्मक पहल करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जिले में फुटबॉल के प्रति दीवानगी से यह प्रतीत होता है कि यहां के खिलाड़ियों के अंदर की प्रतिभा को बढ़ावा मिले तो निश्चित रूप से लोहरदगा जिला का नाम पूरे देश दुनिया में लहराया जा सकता है। एसपी ने कहा कि लोहरदगा जिला पुलिस प्रशासन का प्रयास होगा कि यहां के खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म मिले। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में फुटबॉल क्षेत्र में अनेकों हुनरमंद खिलाड़ी हैं परंतु बहुत से खिलाड़ियों को आर्थिक तंगी के वजह से उन्हें उनका भविष्य को संवारने में रुकावटें आती है। एसपी ने कहा कि यहां पर खिलाड़ियों के हित में एक बड़ा प्लेटफार्म की जरूरत है जिससे खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़ा जा सके और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा सके।

झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि लोहरदगा में फुटबॉल और अन्य सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने में सरकार बेहतर कार्य कर रही है। मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, समाजसेवी मुजिबूर्रहमान, रफीक अंसारी, समीम अंसारी, सज्जाद अंसारी, खलील अंसारी, एनामुल अंसारी, परवेज अंसारी, तारिक अनवर, मोबिन अंसारी, शंभू सिंह, मुमताज सरवर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

छठ व्रतियों की सुविधाओं का रखा जाएगा ख्याल : डीसी

छठ महापर्व को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक छठ महापर्व को लेकर जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बीते वर्ष में छठ पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई थी। देश के इस क्षेत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है। महाभारत में भी छठ पर्व का उल्लेख किया गया है। जिले के लगभग सभी छठ घाटों में छठ व्रती जुटते हैं। छठ घाटों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी छठ पूजा समितियां अपने-अपने स्वंयसेवक तैनात रखेंगे। किसी भी प्रकार की मदद के लिए तैयार रहेंगे। गहरे पानी में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए अपने पास छठ पूजा समितियां लाइफ जैकेट रखें। टायर या चैन रखें ताकि किसी डूबने वाले तक मदद पहुंचायी जा सके। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन की ओर से पूरी मदद मिलेगी। छठव्रतियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में नगर परिषद प्रशासक और ग्रामीण क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी छठ घाटों

में आवश्यक साफ-सफाई कराएंगे। गहरा पानी होने की स्थिति में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए बैरिकेटिंग कराएंगे। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी व ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि छठ घाट में सुरक्षा के इंतजाम कड़े होंगे। छठ पूजा समितियां आवश्यक दिशा-निर्देश व सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे। तैराकों की सूची छठ पूजा समिति, थाना व प्रखंड पदाधिकारी को अपने स्तर से भी उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें छठ घाटों में प्रतिनियुक्त किये जा सकें। इव टीचिंग का कोई मामला किसी भी थाना से नहीं आना चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, छठ पूजा समितियों के अध्यक्ष/सचिव और जिला व प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के अध्यक्ष/सचिव/सदस्य उपस्थित थे।

राज्य स्थापना दिवस पर समारोह स्थल का डीसी ने किया निरीक्षण

लोहरदगा। बिरसा मुंडा जयंती-सह-झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर समाहरणालय के समीप स्थित मैदान में होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाये जाने वाले स्टॉल और मुख्य मंच निर्माण का अवलोकन किया गया।

साथ ही विभाग के पदाधिकारियों अपने स्टॉल में विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, स्टॉल की सजावट और आवेदन प्राप्त किये जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने किया स्थल निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। घाघरा

आगामी 17 नवंबर को घाघरा के बदरी में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की टीम कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुची।

मंगलवार को प्रोजेक्ट स्कूल बदरी स्थित कार्यक्रम स्थल डीसी श्रीकर्ण सत्यार्थी, एसपी हरविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी पहुंच कार्यक्रम की रूपरेखा का मुआयना किया। इस क्रम में डीसी ने मंच का निर्माण किये जाने की विस्तृत जानकारी, कार्यक्रम में होने वाली भीड़, मंच में बैठने वाले लोगों की जानकारी, विभिन्न गांवों के आने वाले खोड़हा के वाहनों की पार्किंग, इमरजेंसी की स्थिति में हेलीपैड स्थल का निरीक्षण, वाटरप्रूफ मंच का निर्माण, मंच निर्माण में प्रयुक्त होने वाली एक- एक सामग्री की जानकारी, गार्ड ऑफ ऑनर स्थल का चयन, स्व. कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं माल्यार्पण के उपरांत मंच तक पहुंचने के लिए रास्ता का चयन आदि तैयारियों की जानकारी एवं पुख्ता तथा चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश आयोजन समिति के लोगों को दिया। मौके पर पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, अभियान एसपी मनीष कुमार, एसी सुधीर गुप्ता, बीडीओ दिनेश कुमार, कृष्ना लोहरा, भिखारी भगत, महेंद्र भगत, बिपिन बिहारी सिंह, तिम्बू उरांव, रवि पहान, श्याम किशोर पाठक, अमित ठाकुर, आशीष सोनी आदि उपस्थित थे।

डीसी व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

लोहरदगा। छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। सेन्हा प्रखंड के सिठियो छठ घाट के निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी को छठ घाट में वॉच टॉवर निर्माण और ड्रोन से निगरानी और साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के छठ घाट तक पहुंच पथ की साफ-सफाई, गहरे पानी से संबंधित बैरिकेटिंग समेत अन्य निर्देश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ठकुराईन तालाब और बड़ा तालाब का भी निरीक्षण किया गया। नगर परिषद, लोहरदगा को दोनों तालाबों में बैरिंकेटिंग, साफ-सफाई, रौशनी आदि की व्यवस्था कराये जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, नगर परिषद के सिटी मैनेजर समेत अन्य पदाधिकारीगण व छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

'पंडित नेहरू का राष्ट्र निर्माण में योगदान भुलाया नहीं जा सकता'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जयंती समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि आज का यह दिन बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पंडित नेहरू के राष्ट्र निर्माण में योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। पंडित नेहरू शुरू से ही गांधी से प्रभावित रहे और 1912 में कांग्रेस से जुड़े। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने गांधी के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका योगदान स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण रहा। कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने कार्यकाल में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत किया। राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान किया और योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने रांची में एचईसी की बुनियाद रखी और एचईसी को आधुनिक भारत का मंदिर कहा। उन्होंने देश में विकास योजनाओं को प्रोत्साहित किया और कृषि, उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों में नई परियोजनाओं की शुरुआत की। मौके प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, मोहन दुबे, प्रदीप विश्वकर्मा, रीना कुमारी, सलीम बड़े, सदरुल अंसारी, दीपक महतो, सन्तोष महतो, तनवीर गौहर, जुगल भगत, युनूस अंसारी, सत्यदेव भगत, विशाल डुंगडुंग, मोजम्मिल अंसारी, शंभू प्रजापति, जमील अंसारी, फारूक हुसैन, अफताब अंसारी, रुस्तम अंसारी, जफर इमाम आदि उपस्थित थे।

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
(जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,पलामू)

(प्रेस विज्ञप्ति)

पलामू जिला अन्तर्गत गृह रक्षक के रूप में नवनामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से विज्ञापन सं0–01/2023 के तहत ऑन–लाईन आवेदन पत्र प्राप्त किये गये थे। सफलता पूर्वक समर्पित आवेदन के आलोक में आवेदकों का प्रखण्डवार शारीरिक जाँच परीक्षा/हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा/तकनीकि परीक्षा पुलिस केन्द्र, पलामू अवस्थित स्टेडियम में लिये जान हेतु तिथि निर्धारित की जाती है, जो निम्नवत् है :–

क्र0 स0	प्रखण्ड	पुरूष/महिला	क्रमांक	तिथि
1	पाटन	पुरूष	Pata/10001 से Pata/10789	02.12.2023
2	पाटन	पुरूष	Pata/10790 से Pata/11737	03.12.2023
3	नीलाम्बर–पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज)	पुरूष	Nila/10001 से Nila/11268	04.12.2023
4	पाण्डू	पुरूष	Pand/10001 से Pand/10637	05.12.2023
	मोहम्मदगंज	पुरूष	Moha/10001 से Moha/10555	
5	हरिहरगंज	पुरूष	Hari/10002 से Hari/10421	06.12.2023
	नावाबाजार	पुरूष	Nawa/10001 से Nawa/10541	
	नौडीहाबाजार	पुरूष	Naud/10001 से Naud/10409	
6	सदर	पुरूष	Sada/10001 से Sada/10896	07.12.2023
	पड़वा	पुरूष	Pand/10001 से Pand/10539	
7	पोंकी	पुरूष	Pank/10001 से Pank/10876	08.12.2023
	पीपरा	पुरूष	Pipr/10001 से Pipr/10587	
8	विश्रामपुर	पुरूष	Bish/10001 से Bish/10577	09.12.2023
	हैदरनगर	पुरूष	Haid/10001 से Haid/10630	
	मनातू	पुरूष	Mana/10001 से Mana/10297	
9	तरहसी	पुरूष	Tarh/10001 से Tarh/10856	10.12.2023
	उँटारीरोड़	पुरूष	Utar/10001 से Utar/10623	
10	हुसैनाबाद	पुरूष	Huss/10001 से Huss/11107	11.12.2023
	रामगढ़	पुरूष	Ramg/10001 से Ramg/10392	
11	सतबरवा	पुरूष	Satb/10001 से Satb/10551	12.12.2023
	शहरी (गैर तकनीकि)	पुरूष	Urnt/10001 से Urnt/11071	
12	छतरपुर	पुरूष	Chha/10001 से Chha/11019	13.12.2023
13	चैनपुर	पुरूष	Chai/10001 से Chai/11485	14.12.2023
14	शहरी (गैर तकनीकि)	महिला	Urnt/10007 से Urnt/11068	15.12.2023
	विश्रामपुर	महिला	Bish/10028 से Bish/10569	
	नीलाम्बर–पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज)	महिला	Nila/10006 से Nila/11264	
	छतरपुर	महिला	Chha/10012 से Chha/11013	
	हैदरनगर	महिला	Haid/10026 से Haid/10602	
	हरिहरगंज	महिला	Hari/10001 से Hari/10416	
	हुसैनाबाद	महिला	Huss/10018 से Huss/11093	
	मनातू	महिला	Mana/10019 से Mana/10294	
	मोहम्मदगंज	महिला	Moha/10002 से Moha/10550	
	नौडीहाबाजार	महिला	Naud/10003 से Naud/10407	
15	सतबरवा	महिला	Satb/10010 से Satb/10544	16.12.2023
	उँटारीरोड	महिला	Utar/10007 से Utar/10614	
	रामगढ़	महिला	Ramg/10003 से Ramg/10382	
	नावाबाजार	महिला	Nawa/10011 से Nawa/10535	
	पाण्डु	महिला	Pand/10021 से Pand/10630	
	पड़वा	महिला	Pand/10005 से Pand/10526	
	पोंकी	महिला	Pank/10020 से Pank/10873	
	पीपरा	महिला	Pipr/10004 से Pipr/10576	
	पाटन	महिला	Pata/10020 से Pata/11736	
16	चैनपुर	महिला	Chai/10003 से Chai/11478	17.12.2023
	सदर	महिला	Sada/10007 से Sada/10892	
	तरहसी	महिला	Tarh/10006 से Tarh/10850	
	शहरी (तकनीकि)	महिला	Urte/10001 से Urte/10136	
	शहरी (तकनीकि)	पुरूष	Urte/10002 से Urte/10137	
17	तकनीकि दक्षता परीक्षा	पुरूष/महिला	वैसे उम्मीदवार जिन्होंने तकनीकि गृह रक्षक के रूप में अपना आवेदन समर्पित किया तथा शारीरिक जाँच परीक्षा एवं हिन्दी लेखन परीक्षा में सफल हुये हों, सिर्फ उनकी ही तकनीकि दक्षता परीक्षा ली जायेगी।	20.12.2023

नोट :–

➢अभ्यर्थी को फोटोयुक्त ऑन–लाईन पावती लाना अनिवार्य है। बिना पावती के अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा। वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक अपना पावती Download (डाउनलोड) नहीं किया है, वे https://recruitment.jharkhand.gov.in/ वेबसाईट पर जाकर अपना पावती डाउनलोड कर सकते हैं। पावती डाउनलोड करने में तकनीकी समस्या होने पर NIC Palamu से सहायता ली जा सकती है।

➢अभ्यर्थी को पावती के अलावे अपने साथ कोई भी अन्य सामग्री यथा इलेक्ट्रोनिक गैजट, मोबाईल आदि मैदान के अन्दर ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

ह0/

जिला समादेष्टा–सह–सदस्य, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू | पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, पलामू | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, पलामू

PR 311295 Police(23-24).D

पड़ताल मनरेगा मजदूरों की शिकायत पर कार्यस्थल पर पहुंची लोकपाल, कहा

ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए होगी जल्द पहल

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

ग्रामीणों मजदूरों की शिकायत की स्थल जांच को लेकर मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी लोहरदगा पहुंची। ग्रामीणों ने अपनी समस्या लोकपाल के समक्ष रखा। मजदूरों में चंपी ऊराइन ने बताया कि उसने सुमित्रा ऊराइन के कूप निर्माण में 13 सप्ताह कार्य किया है, लेकिन उन्हें अभी तक 9 महीने का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं राजू उरांन सहित अन्य दो मजदूरों को छह सप्ताह का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। मेट निर्मला देवी से इस विषय पर पूछने से कहती है कि मजदूर का भुगतान तकनीक समस्या की वजह से किसी और के खाता में भुगतान हो गया है।

सुमित्रा ऊराइन के कूप निर्माण में अनियमितता भी पाई गई। कूप के अंदर 7 फीट तक पत्थर से पाटना था जो नहीं किया गया है और कूप के मुख में पारा फिट नहीं बनाया गया है। पूरा पैसा निकाल लिया गया है।

लोकपाल द्वारा निंगनी पंचायत में पंचम उरांव का आम बागवानी एवं अनीता देवी का आम बागवानी योजना का कार्यस्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया। कार्यस्थल पर पाया गया कि पंचम उरांव के आम बागवानी में एक भी पेड़ जीवित नहीं हुआ है और ना ही काम चल रहा है। फिर भी योजना से कुल 185000 रुपये (एक लाख पच्चासी हजार रुपये) की अवैध निकासी मेट निर्मला देवी एवं रोजगार सेविका मीरा पांडे की मिलीभगत से निकाल लिया गया है। वहीं अनीता देवी के आम बागवानी से 13600 रुपये (एक लाख छतीस हजार रुपये) की अवैध निकासी कर ली गई है। लोकपाल ने ग्रामीणों को मनरेगा योजना से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए जल्द से जल्द पहल होगी। जांच स्थल पर मनरेगा मजदूर राजू उरांव, चंपा ऊराइन, सुमित्रा ऊराइन, सुख मनी ऊराइन, मंजू ऊराइन, श्याम उरांव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब है कि निंगनी पंचायत अंतर्गत मनरेगा योजना, आम बागवानी एवं कूप निर्माण में रोजगार सेविका एवं मेट के द्वारा अवैध निकासी एवं मजदूरों को उचित भुगतान न मिलने के संबंध में विगत माह मनरेगा लोकपाल को लिखित आवेदन दिया गया था। इस पर जांच करने मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी कार्यस्थल पर पहुंचीं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

कांग्रेस को सिर्फ अपने परिवार जबकि भाजपा को आपके बच्चों की चिंता : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस को सिर्फ अपने परिवार, अपने बच्चों की चिंता है जबकि भाजपा को आपके बच्चों की चिंता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल विरोध, निराशा, नकारात्मकता, तुष्टिकरण, गुंडागर्दी, दंगे और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के शाजापुर में अपनी दूसरी रैली के दौरान, भारत की ऊर्जा और बिजली क्षेत्रों में परिवर्तनकारी प्रगति का हवाला देते हुए राज्य में भाजपा सरकार की निरंतर उपस्थिति के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के ट्रैक रिकॉर्ड पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एक ऐसी पार्टी करार दिया जो निवेशकों को डराती है, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है और

जनता के कल्याण पर विचार किए बिना केवल एक परिवार के लाभ के लिए काम करती है। उन्होंने इसकी तुलना लोगों, विशेषकर बच्चों की भलाई के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता से की। मोदी ने चिकित्सा और इंजीनियरिंग के लिए हिंदी-माध्यम अध्ययन सुविधाओं की शुरूआत का उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए अधिक शैक्षिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कांग्रेस के नकारात्मक एजेंडे को रेखांकित करते हुए इसे लूटपाट, भ्रष्टाचार, जन उत्पीड़न और झूठे प्रचार से जोड़ा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस केवल विरोध, निराशा और नकारात्मकता प्रदान करती है, तुष्टीकरण, गुंडागर्दी, दंगे और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने को आरोप लगाते हुए संबल योजना, पंच-परमेश्वर योजना और कई अन्य योजनाओं का उदाहरण दिया। उन्होंने मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरूआत का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, "बार-बार अनुरोध के बावजूद कांग्रेस सरकार ने पात्र किसानों की पूरी सूची केंद्र सरकार को नहीं भेजी।" प्रधानमंत्री मोदी ने शाजापुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया और महाभारत काल से लेकर आज तक इसके ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने भारत के सांस्कृतिक गौरव को वैश्विक बनाने के भाजपा सरकार के प्रयासों की सराहना की, जिसका उदाहरण उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण और मध्य प्रदेश में विभिन्न सांस्कृतिक स्मारकों के निर्माण की प्रतिबद्धता है।

भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे को हराकर भगाने का कर रहे ऐलान

कांग्रेस कह रही है 145 से 150 सीटें भाजपा भी 145 से 150 सीटें लाएंगे

ब्यूरो। नई दिल्ली

भाजपा को अपनी जननी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रयोग के गढ़ मध्य प्रदेश में सत्ता बचाने की चुनौती बढ़ती जा रही है। लेकिन दशकों से सत्ता होने के चलते सत्ता बदलने की अंदर खाने चल रही हवा को बुझते - समझते हुए भी भाजपा नेता व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हिम्मत नहीं हार फिर से सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। केन्द्रीय सत्ताधारी नेता तो अपने अंदाज हुंकार भरते हुए कहते हैं कि कांग्रेस को राज्य की सत्ता व देश की सत्ता से भगाया है, मप्र में इस बार भी चाहे जैसे हो , उसे नहीं आने देंगे, 145 से 150 सीटें लाएँगे। मालूम हो कि मप्र में 17 नवंबर को मतदान होना है। सो 15 की शाम को चुनाव प्रचार पूरी तरह बंद हो जाएगा। इससे पहले राज्य में सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को पटाने - रिझाने की तरह-तरह

की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार चौदह नवंबर को चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदिशा में एक जनसभा को संबोधित करते कहा कि राज्य में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की होगी। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश के अब मेरे काफी दौरे लग गए हैं। मैं सेंट - परसेंट कह सकता हूं कि यहां पर कांग्रेस पार्टी का तूफान आने जा रहा है। आप लिख कर रख लीजिए, मप्र की जनता कांग्रेस पार्टी को 145 से 150 तक सीटें देने जा रही है। विदिशा रैली में उन्होंने कहा, हम बीजेपी से लड़ते हैं, कर्नाटक में हमने इन्हें भगाया है, हिमाचल में इन्हें भगाया है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। हम अहिंसा के सिपाही हैं, हम मारते नहीं हैं। मगर कर्नाटक में प्यार से मारकर हमने इनको भगाया है, कहा कि यहां भी तुम्हारी जगह नहीं हैङ्क तुमने कर्नाटक को बहुत बुरी तरह लूटा, 40% सरकार चलाई चलो भागो यहां से।

गागर में सागर

ओबेरॉय ग्रुप के एमेरिटस चेयरमैन पीआरएस ओबेरॉय का निधन

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी ओबेरॉय ग्रुप के मानद चेयरमैन पी.आर.एस. ओबेरॉय ने मंगलवार सुबह अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम 4 बजे होगा। ओबेरॉय समूह परिवार को एक ईमेल में, विक्रम और अर्जुन ओबेरॉय ने कहा, ₹अत्यधिक दुख के साथ हम आपको हमारे प्रिय नेता, पी.आर.एस. ओबेरॉय, चेयरमैन एमेरिटस के आज शांतिपूर्ण निधन के बारे में सूचित करना चाहते हैं। उनका निधन ओबेरॉय समूह और भारत और विदेशों में आतिथ्य उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण नुकसान है।₹ उन्होंने कहा कि पी.आर.एस. ओबेरॉय एक दूरदर्शी नेता थे, जिनके अटूट समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति जुनून ने ओबेरॉय समूह और उसके होटलों को विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ में पहचान दिलाई। मेल में लिखा है, उनकी विरासत हमारे संगठन से कहीं आगे तक फैली हुई है, जो भारत और दुनिया भर में आतिथ्य परिदृश्य को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि पी.आर.एस. के तहत. ओबेरॉय के नेतृत्व में, ओबेरॉय समूह ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की, विश्व स्तर पर विस्तार किया और विलासिता, गुणवत्ता और उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित किए।

लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके

लद्दाख। लद्दाख में एक फिर मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर 1 बज कर 08 मिनट पर लद्दाख में रिक्टर पैमाने पर 4.4 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 37.28 अक्षांश और 75.21 देशांतर पर 20 किमी की गहराई पर स्थित था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) की रिपोर्ट के अनुसार भूकंपीय गतिविधि लद्दाख में कारगिल से 314 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम में हुई। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों तथा अन्य इमारतों से बाहर निकल आए और काफी देर तक खुले में ही रहे।

मप्र में कांग्रेस 150 सीटों पर जीत रही : राहुल गांधी

एजेंसी। विदिशा

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों का प्रचार करने विदिशा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का तूफान आने वाला है, जनता कांग्रेस पार्टी को 150 सीट जिताने का काम करेगी। इसका सबसे बड़ा कारण है कि 2018 में आपने कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी और फिर भाजपा के नेताओं नरेंद्र मोदी, अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान ने करोड़ों रुपए देकर विधायकों को खरीद कर आपके साथ धोखा किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के अरबपतियों को नहीं, बल्कि किसानों को, युवाओं को, महिलाओं को और मजदूरों को धोखा दिया। मप्र में कांग्रेस की जब सरकार आई थी तो हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। ज्ञात हो कि राज्य में विधानसभा की कुल 230 सीटें हैं और

पूर्ण बहुमत के लिए 116 सीटों की जरुरत है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 114 और भाजपा को 109 स्थानों पर जीत हासिल हुई थी। दल बदल के कारण कांग्रेस की सरकार गिर गई थी।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने अरबपतियों का 14 लाख करोड़ रू. माफ किया है, लेकिन किसानों और युवाओं का कर्ज माफ नहीं किया गया। मीडिया में केवल नरेंद्र मोदी का चेहरा दिखता है क्योंकि मीडिया का रिमोट अरबपतियों के हाथ में है। अगर किसानों मजदूरों के हाथ में मीडिया का रिमोट होता तो आपको राहुल गांधी का चेहरा दिखता। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पहली जिम्मेदारी किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों की रक्षा करना है, इसलिए हमारा आपसे जो वादा है वह किसानों का कर्ज माफ करना है। हम गेहूं के लिए 2600 रुपए प्रति क्विंटल और धान के लिए 2500 रुपए प्रति क्विंटल देंगे और उसे बढ़ाकर 3000 तक किया जाएगा। 1500 रू. महीना हर महिला को उसके खाते में जाएगा और बेटी के पैदा होने पर ढाई लाख रुपए देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों से लेती है और बैंकों का पूरा पैसा अपने उद्योगपति मित्रों को देती है। दो तरह की सरकार होती है एक वह जो गरीबों की जेब में पैसा डालती है, दूसरी वह जो चंद उद्योगपतियों की जेब में पैसा डालती है। हमने मप्र में पिछली बार किसानों का कर्ज माफ किया था, इस बार फिर से हम कर्ज माफ करेंगे। बड़े उद्योगपतियों ने नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान के साथ मिलकर आपकी और हमारी सरकार चोरी करने का काम किया।

बढ़ते भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा यहां पर बच्चों को जो स्कूल में खाना दिया जाता है, उसमें भी बड़ी लूट हुई है। मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां पर मरे हुए लोगों का इलाज होता है। यहां का सबसे बड़ा घोटाला व्यापमं घोटाला है, जिसमें शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

जकार्ता, आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ बात करेंगे राजनाथ

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में भाग लेने के लिए 16 से 17 नवंबर, 2023 तक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। एडीएमएम-प्लस में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड तथा वियतनाम शामिल हैं। रक्षा मंत्री 16 नवंबर को प्रारंभ होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर फोरम को संबोधित करेंगे। इंडोनेशिया एडीएमएम-प्लस का अध्यक्ष है और वह इस वर्ष बैठक की मेजबानी कर रहा है। भारतीय रक्षा मंत्रालय का कहना है कि राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10वीं बैठक-प्लस से इतर भी इस आयोजन में भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे इस दौरान पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और सशक्त करने के लिए रक्षा सहयोग मुद्दों पर चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एडीएमएम आसियान देशों के हित में सर्वोच्च रक्षा परामर्श व सहकारी तंत्र है। एडीएमएम-प्लस आसियान सदस्य देशों के लिए एक महत्वपूर्ण संवाद मंच की भूमिका निभाता है। इसके आठ संवाद भागीदार देशों (भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के मध्य सुरक्षा एवं रक्षा सहयोग को सशक्त करने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

एनआईए ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों की आठ संपत्तियां की कुर्क

एजेंसी। पुलवामा

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकियों की आठ संपत्तियां कुर्क की हैं। एजेंसी के मुताबिक जम्मू में एनआईए की विशेष अदालत के आदेश पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत कुल आठ अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इनमें लश्कर आतंकी पुलवामा निवासी गुलाम मोहि-उद-दीन वानी के बेटे मोहम्मद शफी वानी और अब्दुल अहद खान के बेटे मोहम्मद टीका खान हैं। एनआईए के मुताबिक मोहम्मद शफी वानी और मोहम्मद टीका खान पर जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो जवानों की हत्या और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करके पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी नवीद जट को जबरन छुड़ाने से संबंधित मामले हैं। पाकिस्तान में स्थित लश्कर कमांडर के निर्देश पर दोनों आतंकियों ने एक-दूसरे की मदद से साजिश रची और एसएमएचएस अस्पताल श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करके मोहम्मद नवीद जट्ट उर्फ अबू हंजुल्ला को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया था। हमले के समय पुलिस पार्टी नवीद जट्ट को मेडिकल जांच के लिए ले गई थी।

मुजफ्फरनगर में सड़क दुर्घटना में दिल्ली के छह युवकों की मौत

मेरठ। मुजफ्फरनगर जनपद में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक में घुस गई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार दिल्ली निवासी छह युवकों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। दिल्ली के शाहदरा निवासी छह दोस्त सोमवार की देर रात सियाज कार से हरिद्वार जा रहे थे। मंगलवार की सुबह जब वे मुजफ्फरनगर से एनएच-58 पर छपार के पास पहुंचे तो तेज गति से जा रही कार मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की ओर जा रहे एक 22 टायरा ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस कार में चालक समेत छह लोग सवार थे। क्रेन की मदद से छपार पुलिस ने कार को ट्रक के नीचे से निकलवाया गया। कार में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। एसएसपी अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस को राहत कार्य के निर्देश दिए। पुलिस ने शवों को मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि ओवर स्पीड के कारण हादसा हुआ है।

FILMY हलचल

दिवाली की छुट्टी के बाद जूनियर एनटीआर की 'देवरा' टीम ने फिर से शूटिंग की शुरू

दिवाली की छुट्टी के बाद ग्लोबल स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म

'देवरा' का निर्माण फिर से शुरू हो गया है। एक बार फिर इसकी शूटिंग आगे बढ़ रही है। टीम अब फीचर के कुछ सबसे अहम हिस्सों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म निमार्ताओं ने एक बयान जारी किया, त्योहार के चलते अवकाश के बाद, हमारी टीम सेट पर वापस आ गई है। 'देवरा पार्ट 1' 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।" फिल्म की शूटिंग के कुछ अंश पहले सामने आए थे, जिसमें कई जूनियर कलाकारों को दुश्मनों के रूप में अभिनय करते हुए दिखाया गया था। इसमें स्टंटमैन एक सीन को कोरियोग्राफ कर रहे थे, जो एक ब्लडी एक्शन सीन था, जहां जूनियर एनटीआर को स्पष्ट रूप से लाशों के ढेर पर खड़ा होना था। फिल्म ने आखिरी शूटिंग अपडेट अक्टूबर में दिया था जब उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी। राज्य की शांत सुंदरता का इस्तेमाल करते हुए, 'देवरा' के कुछ सबसे बड़े सीन को गोवा में शूट किया जाएगा।

फिल्म 'एनिमल' का नया गाना 'पापा मेरी जान' रिलीज

'एनिमल' के नवीनतम ट्रैक 'पापा मेरी जान', रणबीर और अनिल कपूर द्वारा निभाए गए पात्रों के भावनात्मक संबंध को गहराई से उजागर करता है। गाने को सोनू निगम ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है, भारतीय पिता और उसके बेटे के बीच शेयर किए गए बंधन के सार को खूबसूरती से बयां करता है, जो रणबीर और अनिल कपूर के पात्रों की जटिल परतों की एक झलक पेश करता है। शुरूआत से ही टीजर में उनके रिश्ते की जटिलता की ओर संकेत किया गया है। हिंदी संस्करण के अलावा 'पापा मेरी जान' तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया गया है।

डेटिंग रुमर्स पर बादशाह ने तोड़ी चुप्पी, चर्चाओं पर लगा विराम

बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के साथ बादशाह की एक तस्वीर वायरल होने के बाद ये चचाएं छिड़ गई हैं। ये फोटो एक दिवाली पार्टी की है। अब बादशाह ने इस पर रिएक्ट करके चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। इस समय देशभर में दिवाली बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। आम आदमी से लेकर दिग्गजों तक सभी दिवाली का जश्न बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते नजर आ रहे हैं। कई कलाकारों के घर पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया गया। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की हाउस पार्टी ने सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने कई एक्टर्स को पार्टी में इनवाइट किया था। इसी बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और बादशाह की एक साथ तस्वीर देखकर हर कोई

हैरान है। ऐसी अफवाहें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब इस पर बादशाह ने रिएक्ट किया है। बादशाह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी पोस्ट की। "प्रिय इंटरनेट, एक बार फिर आपको निराश करने के लिए मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं। बादशाह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, "जैसा आप सोचते हैं वैसा कुछ भी नहीं है।"

विचार-विमर्श

भारतीय सशस्त्र बलों में ट्रांसजेंडर की नियुक्ति पर विचार

भर्ती खोलने पर सेना के सामने आएंगी ये चुनौतियां

ब्यूरो। नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 और इसके प्रावधानों के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए संभावित रोजगार के अवसरों और उनके द्वारा निभाई जा सकने वाली भूमिकाओं पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बीते अगस्त में बैठक के बाद प्रधान कार्मिक अधिकारी समिति ने एक संयुक्त अध्ययन समूह का गठन किया था। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता वाले समूह को अधिनियम के निहितार्थों पर विचार-विमर्श करने और रक्षा बलों में इसके कार्यान्वयन के लिए आगे का रास्ता सुझाने का काम सौंपा गया था। पीपीओसी में तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी शामिल होते हैं और एएफएमएस सशस्त्र बलों का त्रि-सेवा चिकित्सा संगठन है। इसके बाद सेना एडजुटेंट जनरल की शाखा ने हाल ही में अपने लाइन निदेशालयों से बल में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को नियोजित करने का रास्ता, संभावित रोजगार के तरीके और सेना में उनकी भूमिका पर उनके विचार मांगे। ज्यादातर निदेशालय पहले ही अपनी टिप्पणियां और सुझाव दे चुके हैं, जिन पर विचार-विमर्श शुरूआती चरण में है। कई तरह के सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुछ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि यदि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होना है तो उन्हें प्रशिक्षण, कठोर चयन मानकों या कठिन स्थानों पर पोस्टिंग के मामले में कोई विशेष रियायत नहीं दी जाए, जबकि अन्य उनके आवास और अन्य बुनियादी ढांचे जैसी प्रशासनिक और तार्किक कठिनाइयों की ओर इशारा किया। सवाल यह भी हैं कि जब सेना में शामिल किया जाएगा , तो उन्हें और उनके जीवन साथियों (यदि कोई हो) तो उन्हें कैसे पहचाना जाएगा और अन्य सेवारत सैन्य कर्मियों के साथ उनका सांस्कृतिक एकीकरण कैसे किया जाएगा। यह अधिनियम ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अवसर प्रदान करता है। हालांकि रक्षा बलों में रोजगार चयन और योग्यता आधारित है। सेना में यदि उन्हें शामिल करने के लिए जब भी भर्ती खोली जाएगी तब यह नियम ट्रांसजेंडर लोगों पर समान रूप से लागू रहेगा। क्योंकि सेना को सिर्फ रोजगार के अवसर के रूप में नहीं देखा जा सकता। आवास और शौचालयों की कमी जैसी प्रशासनिक चुनौतियां हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां संसाधनों और जगह की कमी है। उनकी पोस्टिंग को केवल शांति स्टेशनों तक सीमित करने से फील्ड कार्यकाल के बाद दूसरों के लिए अवसर कम हो जाएंगे। यह भी कहा जा रहा है कि संविदा अग्निवीर भर्ती योजना के कार्यान्वयन के बाद झ जिसने सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल करने का रास्ता खोला है, में आगे बड़े बदलावों पर ध्यान दिया जाना चाहिए और कार्यान्वयन से पहले उन पर विचार किया जाना चाहिए।मालूम हो कि फिलहाल कोई भी ट्रांसजेंडर व्यक्ति सशस्त्र बलों में कार्यरत नहीं है, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति द्वारा 3 अगस्त को राज्यसभा में पेश एक रिपोर्ट में प्रस्तावित किया गया है कि गृह मंत्रालय (एमएचए) को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में ट्रांसजेंडर लोगों की भर्ती को सुविधाजनक बनाने के उपायों को लागू करते हुए आरक्षण लाभ बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

विश्व मधुमेह दिवस पर रन फॉर डायबिटीज में दौड़े शहरवासी

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। विश्व मधुमेह दिवस पर मंगलवार को धनबाद के सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक रन फॉर डायबिटीज का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं व गणमान्य लोगों ने दौड़ लगाई. इस दौरान जगह-जगह हेल्दी ब्रेक फास्ट के स्टॉल भी लगाए गए थे. कार्यक्रम में शहर के जाने-माने चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राएं व खिलाड़ियों ने भाग लिया. डॉक्टरों ने लोगों को हेल्दी ब्रेकफास्ट के फायदे बताए. डायबिटीज, हार्ट एंड रिसर्च सेंटर (डीएचआरसी) के निदेशक और कार्यक्रम के आयोजक डॉ एनके सिंह ने बताया कि धनबाद शहर में 25 प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों में 11 प्रतिशत लोग मधुमेह से पीड़ित हैं. मीठा खाना और शारीरिक श्रम नहीं करने की वजह से लोग डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं. मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से भी डायबिटीज के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. बीमारी से बचने के लिए उन्होंने मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी. ज्ञात हो कि विश्व मधुमेह दिवस पर डीएचआरसी हर साल इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है. इस साल के कार्यक्रम की थीम हेल्दी लाइफस्टाइल थी. खानपान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस थीम को चुना गया.

मूलवासी सदान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे रामटहल चौधरी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे और राजेन्द्र प्रसाद से मिलकर झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर करीब तीन घंटे विस्तार से चर्चा दोनों नेताओं के बीच हुई। राजेन्द्र प्रसाद ने चौधरी को बताया कि छठ के बाद नियोजन नीति, पिछड़ी जातियों का आरक्षण व जातीय जनगणना, सर्वेक्षण कराने और मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की

ओर से रांची में राजभवन तक विशाल मार्च निकालने की जानकारी दी। आने वाला लोकसभा और विधानसभा चुनाव के सन्दर्भ में स्थानीय लोगों की उम्मीदवारों पर भी चर्चा हुई। श्री चौधरी और प्रसाद ने झारखण्ड राज्य की 23 वां स्थापना दिवस पर झारखंड की जनता को शुभकामनाएं भी दी है।

गागर में सागर

डीसी व एसएसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

जमशेदपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है. सुरक्षा से लेकर हर व्यवस्थाओं के इंतजाम में स्वयं वरीय पदाधिकारी लगे हुए हैं. महापर्व की तैयारी का जायजा लेने जिले के डीसी व एसएसपी स्वयं पूर्वी सिंभूम जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं. संबंधित नगर निकायों को साफ-सफाई से लेकर हर इंतजाम के लिए आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है. सुरक्षा कि अगर हम बात करें तो सादे लिबास में पुलिस के जवान अपनी पहली नजर बनाए रखेंगे ताकि किसी भी तरह की विपरीत परिस्थिति से निपटा जा सके. निरीक्षण के दौरान हर नगर निकाय के पदाधिकारी मुस्तैद दिखे. जानकारी देते हुए डीसी व एसएसपी ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी श्रद्धालु को नदी घाट में परेशानी ना हो इसके लिए पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं. संबंधित विभाग को कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुरक्षा से संबंधित पुख्ता इंतजाम किये गये है.

डीसी ने किया छठ घाटो का निरीक्षण सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

बोकारो। जिले में छठ पर्व पूजा को लेकर तैयारी को लेकर बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी, बोकारो पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बोकारो और चास छठ घाटों का निरीक्षण किया. जहां जहां साफ सफाई नही हुई है वहां पर साफ सफाई करने का आदेश दिया गया है. बीएसएल और निगम साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ को आदेश दिया है की जितना जल्द हो साफ सफाई कराया जाए. वही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की सभी जगह जल्दी से सफाई कर दें ताकि लोग छठ पर्व को मना सकें. सभी जगह सड़कों की भी मरमत करे ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो. साथ ही बोकारो पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि सभी छठ घाटों पर सीसीटीवी के द्वारा निगरानी की जाएगी.

तोपचांची : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

धनबाद। हरिहरपुर थाना क्षेत्र के खरियो स्थित महुलटांड ब्रेकर के समीप बीती देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान सुकुडीह निवासी वीरेंद्र मुर्मू (25 वर्षीय) के रूप में हुई है. वीरेंद्र मुर्मू की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पूरे गांव में भी मातम पसर गया है. स्थानीय लोगों के अनुसार, वीरेंद्र मुर्मू अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था. उसकी दो बेटी भी है. एक 3 साल की और दूसरी तीन माह की है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि वीरेंद्र मुर्मू बोकारो प्लांट से काम करके बाइक से अपने घर सुकुडीह आ रहा था. इस दौरान खरियो के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया. सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गयी.

धनबाद : दुकान में लगी आग, 4 साल की बच्ची समेत 3 की मौत

नवीन मेल संवाददाता

केंदुआडीह (धनबाद)। थाना क्षेत्र के केंदुआ बाजार स्थित जेवर पट्टी के एसके जनरल श्रृंगार स्टोर में अचानक भीषण आग लग गई. आग की उठती लपटों पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी वहां अफरा तफरी मच गई. देखते ही देखते हजारों की संख्या में स्थानीय लोग जुट गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे. जिस श्रृंगार स्टोर के आग लगी थी उसके ठीक ऊपर मकान में एक परिवार के छह सदस्य मौजूद थे. इधर कुछ लोगों ने हादसे की सूचना अग्निशमन विभाग को दी. जिसके बाद दमकल की दो बड़ी गाड़ियां और एक छोटी गाड़ी मौके पर पहुंच गई. आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में आग ने श्रृंगार स्टोर से सटे एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे आग और गंभीर हो गई. दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने दुकान के ऊपर मकान में रह रहे लोगों की जान बचाने की कोशिश की. भीषण आग के कारण मकान में मौजूद परिवार के सदस्यों की स्थिति बिगड़ते जा रही थी. लोगों ने सड़क से ऊपर बालकनी में सीढ़ी लगाई और बड़ी मुश्किल से घर के अंदर दाखिल हुए. इस दौरान तीन लोगों को निकालने में लोग सफल रहे. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम दो बड़ी और एक छोटी वाहन लेकर पहुंची. जिसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. रेस्क्यू के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन अन्य को निकालने में सफल रहे.लोगों ने रेस्क्यू कर मकान से दुकानदार सुभाष की 30 वर्षीय बहन प्रियंका गुप्ता, भाई सुमित गुप्ता और डेढ़ साल के बेटे शिवांश को बाहर निकाला. हालांकि उनकी हालत काफी गंभीर थी. वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने दुकान के मालिक सुभाष गुप्ता की 65 वर्षीय मां उमा देवी उसकी पत्नी सुमन गुप्ता और चार साल की बेटी मौली को रेस्क्यू कर बाहर निकाला. इनमें सभी की हालत बेहद गंभीर थी. लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती करवाया. जहां इलाज के दौरान प्रियंका, सुभाष की मां उमा देवी और चार साल की बेटी मौली ने दम तोड़ दिया. वहीं, पत्नी सुमन गुप्ता, भाई सुमित गुप्ता और डेढ़ साल के शिवांश का इलाज चल रहा है. हादसे के दौरान सुभाष गुप्ता और उसके पिता अशोक गुप्ता घर से बाहर थे, जिस कारण दोनों की जान बच गई.

धनबाद अगलगी : 2.5 लाख की संपत्ति जलकर खाक, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

धनबाद । बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जयनगर पंचायत के जयनगर केवट टोला स्थित फार्महाउस में आग लगने से दामकाड़ाबरवा पंचायत के मुखिया रामकिशुन विश्वकर्मा के लगभग दो सौ मन धान जल राख हो गया. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह दलबल मौके पर पहुंचे. साथ ही थाना प्रभारी ने अग्निशमन को घटना की सूचना दी. फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया. तब तक पूरा धान जल कर खाक हो चुका था. मुखिया रामकिशुन विश्वकर्मा के पुत्र विकास ने बताया कि जयनगर स्थित फार्महाउस में धान कटनी कर रखा हुआ था. किसी असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी. आग लगा दिये जाने से 200 मन धान जल कर स्वाहा हो गया. जिसकी कीमत ढाई लाख के करीब है.

युवा क्रिकेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। जिले के हरला थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 9ए क्वार्टर नंबर 477 में सोमवार रात युवा क्रिकेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की पहचान बेरमो अनुमंडल के महुआटांड़ निवासी अभय कुमार (उम्र 21 वर्ष, पिता-शशि भूषण नाग) के रूप में हुई है. अभय बोकारो में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट की प्रैक्टिस भी कर रहा था. बताया जाता है कि अभय ने दिन में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट टूनार्मेंट में हिस्सा लिया था. इस दौरान उसने चास एसडीओ के साथ मैच की प्रैक्टिस भी की थी. इसके बाद वह अपने क्वार्टर गया. उसके क्वार्टर के बगल में रहने वाले एक सहपाठी ने जब उसे खाना बनाने के लिए आवाज दी तो उसे जवाब नहीं दिया. काफी देर तक जब अभय ने दरवाजा खोला. इसके बाद जब उसके दोस्त ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि अभय फांसी के फंदे से झूल रहा है. अभय के सहपाठी ने अगल बगल के लोगों और हरला थाना को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर हरला सर्किल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी प्रभाकर मुंडा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए चास अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी. देर रात ही परिजन बोकारो पहुंचे. पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया. पुलिस ने घटना के बारे में बताया कि कॉल डिटेल व अन्य गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है. ताकि घटना के बारे पता लगाया जा सके.

कुल्हाड़ी से मार युवक की कर दी हत्या

जमशेदपुर। बरसोल थाना क्षेत्र के परुलिया पंचायत अंतर्गत पथरघाटा गांव में लखिन्द्र मुंडा नामक व्यक्ति ने सबेरे आग ताप रहे रइदा मुंडा (46 वर्ष) की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा ले गई. वहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. उधर पुलिस हत्या के आरोपी को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है. हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया है. जानकारी के अनुसार हत्या करने वाला व्यक्ति गांव का ही है, जो कि मृतक के भाई का साला है.

बोकारो जिला क्रिकेट संघ का धरना प्रदर्शन

बोकारो। जिले के नया मोड़, बिरसा चौक के समक्ष बोकारो जिला क्रिकेट संघ से पंजीकृत क्लब के अध्यक्ष, सचिव, पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी और सदस्यो ने बीडीसीए चुनाव एवं वार्षिक आम बैठक कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया. मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के वर्तमान पदाधिकारियों से यह आग्रह किया कि अविलंब संविधान के तहत बोकारो जिला क्रिकेट संघ का चुनाव अतिशीघ्र कराने की दिशा में पहल करें. तदर्थ समिति ने पिछले साल अधूरे पड़े लीग मैच का संचालन किसी तरह कर सत्र का समापन कर दिया. बता दें कि झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की तीन सदस्यीय जांच समिति ने जिला क्रिकेट संघ में व्याप्त अनियमितताओं पर प्रश्न खड़ा किया है.

जमशेदपुर के रणकिनी मंदिर में अन्न कूट महोत्सव का आयोजन

जमशेदपुर। कदमा स्थित रणकिनी मंदिर में कार्तिक शुक्ल पक्ष के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें चार क्विंटल अन्न का प्रसाद प्रभु को भोग लगाया गया. बताते चलें कि पिछले 45 वर्षों से अन्नकूट का आयोजन होता आ रहा है, पूर्व में एक किवंटल अनाज का भोग लगाया जाता रहा है, इस वर्ष 4 किवंटल अनाज का भोग लगाया गया. जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव ने बताया कि केवल कदमा हीं नहीं बल्कि पूर्वी सिंभूम जिले के कोने-कोने से भक्त प्रसाद ग्रहण करने आ रहे हैं. इस वर्ष में धूमधाम के साथ अन्नकुट के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 5000 की संख्या में श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया है.

धनबाद : पार्क मार्केट के व्यवसायी को गैंगस्टर प्रिंस खान ने दी धमकी

धनबाद। धनबाद के हीरापुर पार्क मार्केट के एक व्यवसायी को कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने फोन कर 30 लाख की रंगदारी मांगी है. रंगदारी नहीं देने पर खोपड़ी खोल देने की धमकी दी है. इससे व्यवसायी दहशत में है. एक तरफ धनबाद पुलिस प्रिंस खान गैंग पर नकेल कसने के लिए लगातार कोशिश कर रही है और उसके गुर्गों को पकड़ पकड़कर जेल में डाल रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रिंस का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. वह लगातार धनबाद के व्यवसायियों को धमकी दे रहा है. हीरापुर पार्क मार्केट के प्रतिष्ठित साड़ी शो रूम के मालिक को प्रिंस खान द्वारा फोन कर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की सूचना मिली है. पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है. प्रिंस खान की धमकी की जानकारी मिलने के बाद से पार्क मार्केट के दूसरे व्यवसायी भी सकते में हैं. पिछले करीब दो वर्ष से धनबाद में प्रिंस खान द्वारा धमकी देने, व्यापारियों को आतंकित करने और गोली मारने का सिलसिला जारी है.

धनबाद : नवजातों के लिए चलेगी नियो नेटल एंबुलेंस

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। बीमार नवजातों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए झारखंड सरकार जल्द नियो नेटल एंबुलेंस सेवा शुरू करने वाली है. राज्य के सभी 24 जिलों को एक-एक एंबुलेंस मिलेगी. यह सुविधा निःशुल्क होगी. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें, तो दिसंबर में यह एंबुलेंस आने की उम्मीद है. इसका लाभ उन नवजातों को मिलेगा, जो जन्म के बाद बीमार होंगे और उन्हें डॉक्टर हायर सेंटर रेफर करेंगे. इस एंबुलेंस का संचालन भी 108 एंबुलेंस सेवा की तहत होगा. इसका उद्देश्य राज्य में शिशु मृत्युदर को कम करना है. ज्ञात हो कि अभी 108 एंबुलेंस सेवा के तहत मरीजों को सरकार निःशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध करा रही है. इसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और एडवांस लाइफ सर्पोट (एएलएस) एंबुलेंस हैं. रेफर करने की स्थिति में इसी एंबुलेंस से नवजात को भी ले जाया जाता है. लेकिन इस एंबुलेंस में नवजात

को कोई विशेष चिकित्सीय सुविधा नहीं मिल पाती हैं. नियो नेटल एंबुलेंस में नवजातों के लिए विशेष व्यवस्था होगी. 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी संजय कुमार दसौंधी ने बताया कि नवजात के लिए झारखंड सरकार राज्य के सभी जिलों को एक-एक नियो नेटल एंबुलेंस देने की तैयारी में है. धनबाद को भी एक एंबुलेंस मिलेगी.यहां एसएनएमएमसीएच से रेफर होकर रांची या अन्य सरकारी अस्पताल से रेफर होकर एसएनएमएमसीएच आने वाले नवजातों को इसका निःशुल्क लाभ मिलेगा।

हजारीबाग : पूर्व सांसद बासुदेव आचार्य को दी गयी श्रद्धांजलि

हजारीबाग। मजदूर नेता और लगातार 9 बार सांसद रहे कामरेड बासुदेव आचार्य का हैदराबाद में निधन हो गया था. हजारीबाग में सीपीएम कार्यालय में शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि बासुदेव आचार्य ने रेलवे, रेलवे कर्मचारी, रेलवे यात्रियों की सुविधा और किसानों के हितों के लिए अनुकरणीय काम किया था. ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कोयला उद्योग और कोयला मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते हुए कई काम किया. उनका झारखंड से बहुत लगाव था. झारखंड के मजदूर आंदोलन में कई बार झारखंड आना हुआ. चुनाव आयोग भारत सरकार के अनुसार लगातार नौ बार सांसद बनने का रिकॉर्ड भारत में सिर्फ दो व्यक्तियों के नाम है. एक सीपीआईएम के कामरेड बासुदेव आचार्य और दूसरा कांग्रेस के मणिक राव होदिया का है. शोक सभा में गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह, विपिन कुमार सिंह, तपेश्वर राम आदि मौजूद थे.

तैयारी पूरी

बिहारी दुर्गा मंडप समेत कई जगहों पर चित्रगुप्त पूजा आयोजित

चित्रगुप्त पूजा कल, कलम के उपासक करेंगे आराधना

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। जिले में साल 1905 से बिहार दुर्गा मंडप में चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया जा रहा है. प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ 15 नवंबर को चित्रगुप्त का आयोजन हो रहा है. इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है.15 नवंबर को सुबह के 9 बजे से पूजा प्रारंभ होगी और 11 बजे से प्रसाद वितरण शुरू होगा, जो दिन भर चलेगा. पूजा के अवसर पर बुधवार को संध्या 7बजे से तपस्या म्यूजिकल ग्रुप और आर्केस्ट्रा बिहार दुर्गा मंडप प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसमें कोलकाता के 12 कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे. जिसमें प्रसिद्ध गायिका सुनीता सिंह और पौलवी विश्वास शामिल है. समिति के अध्यक्ष भैया अभिमन्यु प्रसाद ने जानकारी दी कि इस वर्ष चित्रगुप्त पूजा को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है. सिर्फ चित्रांशी नहीं दूसरे समाज के लोग भी पूजा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. इसे लेकर पिछले 15 दिनों से तैयारी की गई थी. 14 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने हिस्सा लिया. जो इस वर्ष की सफलता को बयां कर रहा है. उन्होंने समाज के हर एक तबके को पूजा में निमंत्रण भी दिया है. ताकि सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया जा सके. बिहार दुर्गा स्थान चित्रगुप्त पूजा महासमिति किस वर्ष कई प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है. 14 नवंबर को दोपहर 2 बजे बड़ा अखाडा मैदान में किया गया. जिसमें 100 मीटर दौड़ 7 से 11 साल के बच्चों के लिए, 200 मीटर दौड़ 12 से 16 साल के बच्चों के लिए, बैलेंस रेस बालिकाओं के लिए, थ्री लेग्स युवकों के लिए, जलेबी दौड़ 5 साल तक के बच्चों के लिए कराया गया. 15 नवंबर चित्रगुप्त पूजा के दिन बिहारी दुर्गा स्थान में दोपहर 1 बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी. इसे लेकर भी तैयारी पूरी कर ली गई है.पें टिंग प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे से, वाद विवाद झ्र दोपहर 2 बजे से जिसका विषय कोरोना के बाद जीवन रखा गया है. नृत्य प्रतियोगिता 3 से 5 बजे तक, फैंसी ड्रेस 5 से 5:30 ,म्यूजिकल चेयर झ्र 5:30 से 6 बजे तक, शाम 6 बजे तपस्या म्यूजिकल ग्रुप एवं आर्केस्ट्रा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा .पुरस्कार वितरण 15 नवंबर को शाम 7 बजे संस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा.

छठ व्रतधारियों के बीच मुफ्त फल और सूप का होगा वितरण

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर मानगो के डिमना रोड स्थित हीरा होटल के समीप दुर्गा पूजा मैदान में छठव्रतधारियों के बीच निःशुल्क फल और सूप का वितरण किया जाएगा. यह जानकारी बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने मानगो गुरुद्वारा के प्रांगण में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी. उन्होंने बताया कि विगत छह वर्षों से संघ के द्वारा छठ व्रतधारियों के बीच निःशुल्क फल और सूप का वितरण किया जा रहा है. कोविड के समय संघ के द्वारा प्रसाद आपके द्वारा का कार्यक्रम आयोजित कर फल व सूप का वितरण किया गया था. इस वर्ष 18 नवंबर (शनिवार) को प्रातः 11

बजे से मानगो डिमना रोड स्थित दुर्गा पूजा मैदान में छठ व्रतधारियों के बीच केला, नारियल, सेव, संतरा, गागल, गन्ना एवं सूप का वितरण किया जाएगा. इसके लिए संघ के कार्यकताओं द्वारा पूरे मानगो क्षेत्र में जरूरतमंद छठ व्रतधारियों के बीच पूर्व में कूपन का वितरण किया जाएगा. फल लेने आए छठ व्रतधारियों को कपड़े के झोले में फल दिया जायेगा. फल की मात्रा इतनी रहेगी की आसानी से कोई भी अपना व्रत कर सकेगा. संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से विकास सिंह, किशोर बर्मन, सुशीला शर्मा, मधु सिन्हा, संजु सिंह, शिवकुमारी देवी, बबीता शर्मा, पंचा देवी , संदीप शर्मा, दुर्गा दत्ता, राम सिंह आदि शामिल थे.

गागर में सागर

श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता ने दिवंगत चौकीदार के परिजनों से की मुलाकात

चंदवा। सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता मंगलवार को चंदवा थाना के चौकीदार रहे दिवंगत सदीक अंसारी के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिल घटना की जनकारी ली व घटना के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। अपराधी कोई भी हो उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। जल्द ही वे सलाखों के पीछे होंगे। ज्ञात हो कि बीते 7 नवंबर को चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी को माल्हन से चंदवा लौटने के क्रम में दूबी के समीप बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, अजीत श्रीवास्तव, रशीद खान, तपवन यादव, रामनरेश यादव, सूरज यादव मौजूद थे।

छठ सामग्री वितरण का कार्य हुआ शुरू

महुआडांड़। स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में महुआडांड़ हिंदू महासभा की ओर से छठ व्रतियों के लिए लागत मूल्य पर तथा गरीब तबके के लोगों के लिए मुफ्त में सामग्री वितरण करने का कार्य मंगलवार से प्रारंभ कर दिया गया है। इसका शुभारंभ पंडित सर्वेश पाठक के मंत्रोच्चारण के बीच महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, मुख्य संरक्षक बृजमोहन जायसवाल एवं सलाहकार समिति के सदस्य अरूण जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावे हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, हीरालाल जायसवाल, भोला सोनी, महेंद्र जायसवाल आदि मौजूद थे।

जैव विविधता प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण

बारियातु। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण टोटी व बारियातु पंचायत भवन परिसर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण टोटी पंचायत भवन में सिबला, गोनिया, अमरवाडीह व टोटी पंचायत के सभी सात सदसीय टीमों को जैव विविधता के संबंध में प्रशिक्षक अनूप तिवारी ने जानकारी दी। इधर बारियातु पंचायत सचिवालय में बालूभांग, फूलसु, डाढा, साल्वे व बारियातु पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षक प्रेमतोष पांडेय ने प्रशिक्षण दिया। मौके पर केदार गंझू, तिलक मांझी, बैजू लोहरा, राजन यादव, संदीप कुमार, प्रकाश यादव, पारो देवी, सुभाष प्रजापति, रामप्रीत लोहरा सहित अन्य अध्यक्ष सचिव व सदस्य उपस्थित थे।

बाल दिवस पर बच्चों को कराया भ्रमण

लातेहार। चेतना इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के तरफ से चंदनडीह स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क का भ्रमण कराया गया। पार्क भ्रमण से लौटने के बाद विद्यालय परिसर में बच्चों और शिक्षकों के साथ विद्यालय में लंच विथ डायरेक्टर और प्रिंसिपल का आयोजन किया गया।

सीएम मेडिकल का किया गया उद्घाटन

चतरा। सदर प्रखंड के लोवगड़ा चौक स्थित अशोक दांगी के मकान में मंगलवार को सीएम मेडिकल का उद्घाटन गुड्डू यादव की माता मनवा देवी एवं पिता केशर यादव उर्फ चंद्रधारी यादव द्वारा किया गया। संचालक गुडडू यादव ने कहा कि जनहित मेरे लिए प्राथमिकता रहेगा। उद्घाटन समारोह में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिप सदस्य चंद्रदेव गोप, दारियातु मुखिया कृष्णा दांगी, जदयू जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार, जदयू संगठन मंत्री सह प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव, समाजसेवी रामदेव यादव, रविंद्र यादव, दिलीप कुमार दांगी, अशोक कुमार दांगी, सोनू कुमार, नीपु कुमार आदि उपस्थित थे।

चलो करें आवास पूरा अभियान प्रारंभ

गिद्धौर। चलो करें आवास पूराह्व अभियान का शुभारंभ प्रखंड में मंगलवार से किया गया। पहले दिन बीडीओ हरिनाथ महतो ने पंचायत कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें अभियान से जुड़ी कई जानकारियां दी। बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवसों को अभियान के तहत एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया।

रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने की फायरिंग

बाल-बाल बचे ड्राइवर-खलासी, अमन साव गिरोह के मयंक सिंह ने ली जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

टोरी शिवपुरी थर्ड लाइन का निर्माण करा रही साईं कृपा टेलीकॉम एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर अपराधियों ने गोलीबारी की। घटना मंगलवार शाम 4:15 की बताई जा रही है। अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है। कंपनी के एमडी के व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश में बताया है कि यह कान का पर्दा खोलने के लिए है। सेटलमेंट नहीं करने पर लाश गिराने की धमकी दी है। संदेश में कहा कि पांकी, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ जिले में जो कोई भी काम कर रहा है मुझ मयंक सिंह से सेटलमेंट करे उसके बाद ही काम करे वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। बुकरू ओवरब्रिज के पास मिट्टी की कटाई चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन हथियारबंद अपराधी आए और मिट्टी ले जा रहे हाईवे पर दो फायर करके जंगल के रास्ते अन्यत्र भाग निकले। अपराधियों की गोली गाड़ी पर बैठे

ड्राइवर व खलासी के पास से निकल गई वहीं गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच मौके वारदात से दो खोखा बरामद की गई एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापामारी की जा रही है। इधर साई कृपा टेलीकॉम एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के एमडी सह भाजपा नेता कृपा शंकर सिंह ने बताया कि कुछ आपराधिक तत्व लेवी के उद्देश्य से निरंतर फोन कर धमकी दे रहे हैं। रंगदारी नहीं मिलने पर मुझे व मेरे परिवार जनों को नुकसान पहुंचाने की बात कही जा रही है। जब से टोरी शिवपुरी थर्ड लाइन रेलवे निर्माण कार्य शुरू किया है तब से निरंतर अमन साव गिरोह के मयंक सिंह द्वारा रंगदारी मांगी जा रही है एवं जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस कंप्लेंट करने पर भी धमकी दी जा रही है। बता दें कि कंपनी के निर्माण साइट पर फरवरी 2022 में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। इस घटना के बाद से निर्माण कार्य में लगे मजदूरों में दहशत व्याप्त है।

सोहराय के बाद लोग छठ महापर्व की तैयारी में जुटे

बालूमाथ। प्रखंड में सोहराय पर्व खत्म होते ही लोग आस्था का महाप्रभु छठ की तैयारी में जुट गए हैं। जर्री छठ घाट को राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित कई ग्रामीणों ने छठ घाट की सफाई की। जेसीबी से घाट बनाया गया। मौके पर दौरान सरयू यादव, कृष्ण यादव, नागेश्वर यादव, राजन यादव, मकरू साहू, रंजीत साहू, ईश्वर यादव, महादेव यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव मौजूद रहे।

श्रमदान कर की छठ घाट की साफ-सफाई

सिमरिया। छठ पूजा को लेकर सिमरिया प्रखंड के सबानो गांव स्थित छठ घाट की साफ सफाई मंगलवार को मुखिया एवं ग्रामीणों ने श्रमदान की। जेसीबी से मानत नदी में गंदगी और झाड़ियों को साफ किया गया। सड़क को मरम्मत कर चलने लायक बनाया गया। मौके पर मुखिया नरेश साव, गोपाल राणा, अशोक, बलदेव राणा, विकास राणा, चंदन राणा, अनिल, पप्पू राणा, राजेश साव, राजेश राणा, सुनील राणा आदि उपस्थित रहे।

समारोह में बाल विवाह का विरोध करने वाली लड़कियां हुईं सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

जिले में 'सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन' को लेकर चलाए गए अभियान का समापन मंगलवार को बाल दिवस पर उपायुक्त अबु इमरान के दिशा निर्देश पर बालिका सम्मान समारोह के साथ किया गया। विकास भवन के सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता व संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमणि कुमारी ने की। मौके पर बाल विवाह का विरोध कर बाल संरक्षण में भागीदारी निभाने वाली 18 वर्ष पूरी करने वाली गैर विवाहित लड़कियों व उनके माता पिता के साथ जेएसएलपीएस की जेंडर सीआरपी को डीडीसी री गुप्ता, डीएसडब्ल्यूओ श्रीमती कुमारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष धनंजय तिवारी, डीईओ दिनेश मिश्रा, डीपीएम जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, यूनिसेफ के प्रतिनिधि अंकित कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य मुकेश पाण्डेय, श्वेता कुमारी व पिंकी कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। डीएसडबल्यूओ ने अभियान से संबंधित जानकारी देते हुवे बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

काली मां की प्रतिमा का विसर्जन महिलाओं ने खेली सिंदूर होली

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी अंतर्गत सुभाष चौक परिसर में स्थापित मां काली मां की प्रतिमा का मंगलवार शाम गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया।

इससे पूर्व सोमवार रात्रि भव्य महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ-साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, सुनीता पाल, प्रवीण कुमार, अध्यक्ष साहिल कुमार सिंह, सचिव दीपक राज, दिलीप सिंह यादव समेत कई लोग शामिल हुए, जिसमें पुजारी बब्लू मिश्रा में द्वारा महाआरती का आयोजन कराया गया। इसके उपरांत मंगलवार को प्रतिमा विसर्जन के पूर्व महिलाओं द्वारा मां काली की खोईचा भरने की रश्म पूरा करते हुए अपने और अपने पूरे परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद सुहागिन महिलाओं के द्वारा मां काली के चरणों की सिंदूर को एक दूसरे को लगाकर सिदुर खेला की परंपरा को पूरा किया गया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ मां काली की प्रतिमा को नगर भ्रमण के उपरांत मुख्य घाट में विसर्जन किया गया। अनामिका सुंडी, अमृता रश्मि, मंजू मरांडी, शिल्पा सिंह, उज्जवल कुमार चंद्र, विवेक कुमार पासवान, अभिषेक कुमार पासवान, यश कुमार पासवान, आशीष कुमार पासवान, पवन शर्मा, सागर कुमार, जीतू चौधरी, जीशान अली आलम, अविनाश कुमार राय, लालू राय, अनीश कुमार सोनू ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

बाल दिवस पर याद किए गए पंडित नेहरू

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

प्रखंड कांग्रेस ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित कर बाल दिवस के अवसर पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को किसी देश की वास्तविक शक्ति और समाज की बुनियाद मानते थे। पंडित नेहरू ने कहा था कि हम जिस तरह से उनका पालन पोषण करेंगे उसी पर देश का भविष्य निर्भर होगा। भारत में 1959 से बाल दिवस मनाया जा रहा है पर तब बाल दिवस 20 नवंबर को ही मनाया जाता था, लेकिन 27 मई 1964 को पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु होने के बाद इनकी स्मृति में इनके जन्मदिवस यानि 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल भारती, बाबर खान, मुकेश कुमार सिंह, दामोदर उपाध्याय, कमलेश कुमार,

साबिया, नन्हीं, आलिया, शेखू, बालाजी उरांव, कैलाश बैठा, छटन राम, मोहम्मद रसीद, शाहजहां बीबी, तुलसी साव, रौशन टेलर, गनौरी साव, रफीक मियां, सरफुदीन मियां, मलिजान खान, शाफिया बेगम, शांति देवी, रौशनी प्रवीन समेत कई लोग मौजूद थे।

कांग्रेसियों ने मनाई पंडित नेहरू की जयंती

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसियों ने मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 134वीं जयंती उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश भारत के पहले प्रधानमंत्री को याद कर रहा है, जिन्होंने सत्य, एकता और शांति को बहुत महत्व दिया। वह एक सफल प्रशासक, महान चिंतक और साहित्यकार थे। चाचा नेहरू आधुनिक भारत के जन्मदाता थे। उन्होंने प्रजातांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, बहुवादी और मजबूत भारत की नींव रखी। सौम्यता, सरलता, सादगी और अपने विरोधियों को भी सम्मान देना उनकी आदत थी। देश उनके योगदान को कभी नहीं भुल सकता। मौके पर राजेश उरांव, जगदीश लोहरा, राजु राम, मो मुमताज, मो अहमद मो नेहाल, निरंजन यादव, गुड़ यादव, कुलदीप राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी विद्यालय में मना बाल दिवस

चतरा। शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छात्र देवराज कुमार, संजू कुमारी, नंदिनी कुमारी, सिमरन कुमारी, पीयूष कुमार, पूनम कुमारी ने भाषण दिया। वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि नेहरू भारत के लिए एक वरदान साबित हुए। वे भारत को विकसित, समृद्ध और श्रेष्ठ बनाया।

चमातू में प्रतिमा विसर्जन के साथ लक्ष्मी पूजा संपन्न

बालूमाथ। प्रखंड अंतर्गत चमातू ग्राम स्थित पहाड़ी मंदिर परिसर में पूजा समिति अध्यक्ष सह भाजपा नेता चेतलाल राम की अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाई गई। पूजा समिति द्वारा पंडाल का निर्माण कर मां लक्ष्मी, कार्तिक एवं गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा की गई। सोमवार देर रात पूजा समिति द्वारा आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें चर्चित कलाकार माही मनीषा एवं खेसारी 2 गायिका सिवनी सहित कई भोजपुरी कलाकारों द्वारा रात भर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। मंगलवार को स्थापित लक्ष्मी, गणेश व कार्तिक की प्रतिमाओं का जलाशय में विसर्जन किया गया।

काली, लक्ष्मी, गणेश की प्रतिमाओं का नम आंखों के साथ हुआ विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)

मांग काली, लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ जिले में मंगलवार को काली व लक्ष्मी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया। पत्थलगड़ा प्रखंड के बेलहर में लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा आयोजित माता लक्ष्मी-गणेश पूजा व शान्ति क्लब गांधी चौक द्वारा आयोजित काली पूजा का समापन प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। मंगलवार देर रात तक भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर मां लक्ष्मी-भगवान गणेश व माता काली को विदाई दी। बेलहर गांव के जेजला नदी घाट में देर रात प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के पूर्व सुबह पूजन के बाद सामूहिक रूप से हवन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं ट्रैक्टर ट्राली पर रख कर प्रतिमाओं को फूलमालाओं से सजाकर पूरे गांव में भ्रमण कर विसर्जन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल सदस्य डीजे की धुन पर भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए।

पहल जनप्रतिनिधियों व सरकार के रवैये से निराश हो बना रहे दो किमी लंबी सड़क

ग्रामीणों ने श्रमदान से शुरू किया सड़क निर्माण

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड की मोरवाई पंचायत के आदिवासी बाहुल्य हीटली के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के उदासीन रवैये से निराश होकर दो किलोमीटर लंबी सड़क का श्रमदान एवं आपसी अंशदान से निर्माण कार्य शुरू किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह हीटली टोला के बाहर काम करने वाले कई सरकारी सेवक मजदूर, छात्र, ग्रामीण समेत सभी वर्ग के 50 से अधिक ग्रामीण ग्राम प्रधान जोसेफ सोरेन के नेतृत्व में हीटली के कोचेटोला से हीटली बस स्टैंड तक सड़क निर्माण कार्य में जुट गए। इस संबंध में ग्राम प्रधान जोसेफ सुरीन ने बताया कि गांव की इस सड़क के नहीं बनने के कारण हम सभी ग्रामीणों को काफी

परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेष कर बरसात के दिनों में इस गांव का संपर्क कट जाता था। ऐसे में ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया, स्थानीय विधायक, समेत सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदनपत्र देकर कई बार सड़क बनाने की गुहार लगाई लेकिन सरकार का उदासीन रवैया बरकरार रहा। इसके बाद सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर आपसी संग्रह से सड़क निर्माण करने का निर्णय लिया है। हम सभी लोगों ने आपस में चावल, नकद राशि एवं अन्य सामग्री जमा की है, जिसमें हम सभी लोग श्रमदान कर मिट्टी भरावट व अन्य कार्य करेंगे, जबकि ढुलाई में लगे ट्रैक्टर को अंशदान से जमा किये गये पैसे से भुगतान किया जाएगा।

ग्राम प्रधान ने कहा कि सड़क निर्माण पूर्ण होने तक हम सभी ग्रामीण एकजुट होकर श्रमदान से सड़क निर्माण करेंगे। इसमें ग्राम प्रधान के अलावा ग्रामीण फिलिप तोपनो, फूलजेम्स कंदुलना, एंटोनो तोपनो, पोलूस सुरेंन, बर्थलोमी टॉपनो, जोणसेन सुरीन, अन्सिल तोपनो अर्पित सुरेंन, अंस्लेम सुरेन, विलसन सुरेन समेत काफी संख्या में लोग श्रमदान कर रहे थे।

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

58वीं औपबंधिक सूची
जिला–चतरा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
विवरण :–खलारी थाना काण्ड संख्या–39/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रभुदयाल पासवान एवं फुलचन्द टाना भगत द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 200–250 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम तथा पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर।		
1.	1. आवेदन क्र0–123/23 2. आवेदक–शांति टाना भगत पति–ईश्वर टाना भगत 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–70 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–130/23 2. आवेदक–चिन्ता देवी पति–प्रभुदयाल पासवान 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–131/23 2. आवेदक–बालदेव उराँव पिता–स्व0 फागु उराँव 3. ग्राम–कारो पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–132/23 2. आवेदक–प्रकाष ठाकुर पिता–धीरो ठाकुर 3. ग्राम–कसियाडीह पोस्ट–कसियाडीह थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–133/23 2. आवेदक–अषोक राणा पिता–रोही राणा 3. ग्राम–चौथा पोस्ट–नवाडीह डमौल थाना–पत्थलगड़ा प्रखण्ड–पत्थलगड़ा 4. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–134/23 2. आवेदक–धरमतिया उराँव पिता–मधु उराँव 3. ग्राम–कारो पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–135/23 2. आवेदक–श्रीमती देवी पति–बृजलाल मिस्त्री 3. ग्राम–बलुरी पोस्ट–बलुरी थाना–हंटरगंज प्रखण्ड–हंटरगंज 4. लिंग–महिला आयु–65 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–136/23 2. आवेदक–हरखु महतो पिता–स्व0 दसाई महतो 3. ग्राम–चौड़ा पोस्ट–बहेरा थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–137/23 2. आवेदक–विलाष देवी पति–लौकी मिस्त्री 3. ग्राम–मिसरौल पोस्ट–मिसरौल थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–65 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–138/23 2. आवेदक–उमा देवी पति–षंकर विष्वकर्मा 3. ग्राम–बहेरा पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–139/23 2. आवेदक–इंदु देवी पति–चिन्तामन महतो 3. ग्राम–कारो पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0–140/23 2. आवेदक–रामू उराँव पिता–पुरन उराँव 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–141/23 2. आवेदक–कमलेष विष्वकर्मा पिता–बृजलाल विष्वकर्मा 3. ग्राम–कल्याणपुर पोस्ट–बहेरा थाना–पिपरवार प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0–79/23 2. आवेदक–बंधनी देवी पति–स्व0 ईष्वर उराँव 3. ग्राम–सामीडीह पोस्ट–राहम थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–143/23 2. आवेदक–अकबर अली पिता–गुलाब मियाँ 3. ग्राम–राहम पोस्ट–राहम थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाषित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 311297 Home(23-24)D

बाल दिवस पर बच्चों ने चाचा नेहरू को किया याद

बरही आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी शाखाओं में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

बरही । बाल दिवस के शुभ अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी शाखाओ में तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई. बाल दिवस को खास बनाने के उद्देश्य से शिक्षको ने वर्गकक्ष को आकर्षक तरीकों से सजाते हुए बच्चों के साथ केक काटकर चाचा नेहरू का जन्म दिन मनाया. इसके साथ ही बच्चो के बीच बिस्किट, टॉफियां व उपहार आदि वितरित किए गए. इसके के बाद प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया. इसके लिए उम्र के अनुसार बच्चों को अलग ग्रुप में बांटा गया. प्रतियोगिता के पहले दिन घुड़सवारी, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर के दौड़ का आयोजन किया गया वही छोटे बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस का आयोजित किए गए. जिसमे बच्चों हर्षोल्लास हिस्सा लिया. निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं । इसके साथ हीं निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की इच्छाशक्ति और उनकी कल्पना का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है. आज के बच्चे हाईटेक हैं जो अपने कार्य को पूरे परफेक्शन और नए तरीके से करने के लिए तैयार है. जिनसे हमें भी सीख मिलती है. अगर यही जज्बा बच्चों में रहा तो इन बच्चों का आने वाला कल बहुत हीं गौरवशाली होगा.

बरकट्ठाः पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बरकट्ठा। प्रखंड के कपका एवं डमर चौक स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।मौके पर विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ,प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से पंडित जवाहरलाल नेहरू के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया । निदेशक ने संबोधित करते हुए सभी बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने का सलाह दिया साथ ही कहा कि जो भी व्यक्ति आज सफल एवं उच्च पद पर विराजमान है वह अपने अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत के बदौलत है। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।साथ ही सभी बच्चों को उपहार एवं चंदन लगाकर शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बच्चों से कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म प्रयागराज उत्तर प्रदेश में 14 नवंबर 1889 को हुआ था। पंडित नेहरू एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ एक अच्छे राजनेता भी थे। उनके बच्चों के प्रति लगाव एवं प्यार की वजह से उनके जन्मदिन को पूरे भारतवर्ष में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बरकट्ठाः बाल दिवस पर सक्सेस पॉइंट कोचिंग ने किया खेलकूद का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड के बुढ़िया माता मंदिर के पास स्थित सक्सेस पॉइंट कोचिंग संस्थान के द्वारा मंगलवार को बरवां में स्थित गांधी मैदान में बाल दिवस के खास मौके पर बच्चों के बीच खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बल के जवान भागीरथ प्रसाद ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों के बीच क्रिकेट,धीमी साईकिल रेस ,सूई धागा प्रतियोगिता समेत अनेक खेल कूद का आयोजन किया गया।तत्पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए भागीरथ प्रसाद ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बाल दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के मौके पर हम लोग मनाते हैं , चूंकि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे और बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे । बच्चों के प्रति चाचा नेहरू का अपार सहानुभूति और लगाव था। कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। इसलिए जिन बच्चों को जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी क्षेत्र में कड़ी मेहनत करें और जीवन में एक कामयाब इंसान बनें। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार, इंद्रदेव प्रसाद , राजदेव प्रसाद,शाहनवाज अंसारी समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

बरकट्ठाः बाल दिवस पर मानसरोवर पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड के घंघरी पंचायत स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें क्रिकेट,कबड्डी ,दौड़ ,चेयर रेस, बिस्किट रेस, हर्डल रेस आदि खेल आयोजित किये गये। मौके पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र प्रसाद एवं प्रधानाचार्य सोनू कुमार उपस्थित थे।वहीं निदेशक ने सभी बच्चों को आशीर्वाद वा प्यार देते हुए उन्हें अपने भविष्य को सुंदर बनाने की बात कही । प्रधानाचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए पढ़ाई के साथ साथ खेलकुद का महत्व बताया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तथा बाल दिवस से संबंधित बच्चों को जानकारी दी।प्रतियोगिता में विजय होने वाले छात्र चेयर रेस में प्रथम वीरेंद्र एवं सानिया , वाटर गेम में प्रथम आफरीन परवीन एवं रियाज अंसारी ,बिस्किट ड्रेस में प्रथम सुफियान और हसन, स्पून रेस में प्रथम अलीशा और 250 फीट रेस में प्रथम रकीबा दूसरा अंजलि तथा तीसरा नाजबिन ,400 फीट रेस में प्रथम स्थान जियाउल दूसरा सूरज तथा तीसरा हबीब, हर्डल गेम में प्रथम स्थान आयुष सिंह ने प्राप्त किया तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्राचार्य ने मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

गागर में सागर

दारू : कायस्थ परिवार ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना

हजारीबाग। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को कलम-दवात के देवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा होती है. हिंदू पंचांग के अनुसार, द्वितीया तिथि का आरंभ 14 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 36 मिनट से होगी और इसका समापन 15 नवंबर दोपहर 1 बजकर 45 पर समाप्त होगी. इस बार भगवान चित्रगुप्त की पूजा 15 नवंबर को होगी. दारू प्रखंड के कायस्थ परिवार ने चित्रगुप्त पूजा की सारी तैयारी पूरी कर ली है. पूजा समिति के पदाधिकारी सुबह से ही तैयारियों में लगे हुए हैं. इस पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष राजन सिन्हा, सचिव विकास कश्यप, कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा, राकेश कुमार उर्फ राजू , सुमन सिन्हा, भैया सुमित सिन्हा आजाद सिन्हा सहित लोगों का सराहनीय कार्य है. बता दें कि कायस्थ समाज के लोग 1978 से (करीब 45 वर्ष) से चित्रगुप्त महाराज की पूजा पूरे लगन और श्रद्धा के साथ करते आ हैं. पूजा के बाद वे भगवान चित्रगुप्त के मंत्र सहित अपनी आमद और खर्च का भी उल्लेख करते हैं. फिर कलम दवात की पूजा कर वे किसी भी परिस्थिति में इस दिन कलम को हाथ नहीं लगाते हैं. साथ ही सभी चित्रांश परिवार मिलकर सामुहिक प्रीति भोज करते हैं.

ऊर्जा मेला में लगी भीड़, कुल 75 उपभोक्ताओं ने दिया आवेदन

बरही । अप विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण को लेकर मंगलवार को विद्युत कार्यालय परिसर में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 75 आवेदन आए. कन्या अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि इस मेल में 21 आवेदन बल सुधार से संबंधित था जिसमें 15 का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया. वही 27 लोगों ने बकाया बिजली बिल का भुगतान किया. 9 मामले आरसीडीसी से संबंधित थे. मौके पर मौके पर तीन उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए भी अप्लाई किया.

हजारीबाग : विष्णुगढ़ के दो मजदूरों की महाराष्ट्र में मौत

हजारीबाग। एक ही दिन प्रखंड के दो प्रवासी मजदूरों की मौत महाराष्ट्र के दो अलग-अलग जगह में हो गई. इनमें गोविंदपुर के नीलकंठ पंडित(22), पिता-अंतु पंडित और टंडवा के असदुद्दीन अंसारी, पिता- बिगन मियां के नाम शामिल हैं. नीलकंठ की मौत मुंबई में हुई, जबकि असदुद्दीन महाराष्ट्र के नासिक में दुनिया को अलविदा कह गया. सोमवार को ही दोनों की मौत हुई. इसके पहले ठीक दीपावली के दिन जोबर के मुरलियाडीह निवासी निर्मल महतो (41), पिता- जीवन महतो मौत की भेंट चढ़ गया. निर्मल गुजरात के भरूच में मजदूर का काम करता था. रोजगार के अभाव में रोजी कमाने परदेश जाने वाले मजदूर कफन में लिपटकर घर लौटते हैं. इनमें ज्यादातर हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के मजदूर होते हैं.

विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में बरही डीएवी पब्लिक के छात्रों का हुआ चयन



नवीन मेल संवाददाता

बरही । विगत दिन संपन्न हुए ऑनलाइन विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में बरही डीएवी के कई बच्चो का चयन हुआ है. इन सभी विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सफल होकर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है. उक्त जानकारी डीएवी के धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते है. यह चयन वर्ष 2023 के लिए किया गया है. जिसमें कक्षा छठी की प्रेरणा सिंह व तलमिज आलम स्कूल रैंक प्रथम जिला रैंक द्वितीय, कक्षा सप्तम की पीहू पांडे व शिवांश हर्ष स्कूल रैंक प्रथम और जिला रैंक द्वितीय, कक्षा अष्टम की सृष्टि श्रेया, कक्षा नवम के आदित्य राज स्कूल रैंक प्रथम व जिला रैंक प्रथम प्राप्त किया है. वही कक्षा सप्तम की पीहू पांडे स्कूल रैंक प्रथम और जिला रैक तृतीय रहा, सृष्टि श्रेया कक्षा अष्टम स्कूल रैंक प्रथम जिला रैंक तृतीय रहा, इशिका स्पर्धा कक्षा दशम स्कूल रैंक प्रथम और जिला रैंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. सभी सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि डीएवी ने सदैव विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को तराशने का काम किया हैं. विज्ञान हमारे जीवन को एक नया आयाम प्रदान करता है. जो हमारे सोचने की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित करते हुए समाज और संसार के लिए कुछ बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करता है. अन्त में सभी को इस सफलता के लिए बधाई दी. मौके पर उपस्थित सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी सफल प्रतिभागियों के लिए मंगल कामना करते हुए बधाई दी.

रामगढ़ में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक

रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई । जिसमे मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को पूरे देश भर में लाइव देखा जाएगा और हमारे संगठन के सभी कार्यकताओं को इस महापर्व के दिन अपने आस पास के क्षेत्रों में स्थित मंदिरों को सजाकर उसमे दीपक जलाए हुए स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ मिलकर विधिवत पूजा पाठ एवं आरती करते हुए टेलीविजन पर लाइव प्रसारण के माध्यम से देखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा की हम सभी सौभाग्यशाली हैं की हमारे पूर्वजों के पांच सौ वर्ष की लड़ाई और बलिदान के बाद हमें हमारे अराध्य श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होते देखने का अवसर मिल रहा है।

छोटकी बरही में एक दिवसीय तालीमी बेदारी खवातीन कांफ्रेंस का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । सामाजिक बुराइयों को दूर करने और बेहतर तालीम देने के उद्देश्य से छोटकी बरही में एक दिवसीय तालीमी बेदारी खवातीन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में दूर दराज से हजारों की संख्या में आलिमा फाजिला व खावातीं शिरकत किया. इस दौरान महिलाओं को तालीम, बालविवाह, आपसी मिल्लत, घरों में अपने अपने बच्चों को पढ़ना, दहेज प्रथा को त्यागने, बेटी शिक्षा का महत्व, नशामुक्ति समाज निर्माण आदि कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए जागरूक किया गया. कार्यक्रम में यूपी के आलिमा फाजिला शाइस्ता कादरी, मोहतरमा सईदा खातून, मोहतरमा आलिमा फाजिला सहित जुली फातिमा छोटकी बरही, नईटांड गिरिडीह की मोहतरमा सिमा फातिमा , मोहतरमा गुलापशन फातिमा, कोलकाता की मोहतरमा शाइस्ता तब्बसुम कोलकाता आदि ने अपने विचार रखे. कार्यक्रम का आयोजन छोटकी बरही के द्वारा किया गया. जिसे सफल बनाने में सदर हाजी मो सज्जाद अंसारी, सेक्रेट्री मो गनी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

अबुआ आवास योजना के प्रचार वाहन को प्रमुख व बीडीओ ने दिखाया हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा से झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण अबुआ आवास योजना के प्रचार रथ को प्रमुख रेणु देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर अपने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रवाना किया। प्रचार रथ निम्नवत तिथि के अनुसार प्रत्येक पंचायत मे जाने की योजना निर्धारित की गई है। जिसमें दिनांक 14 नवम्बर को चुगलामो, बरकंगांगो, गैड़ा, बेडोकला और तुईयो। 15 को कपका, गंगपाचो,गयपहड़ी और सलैया। 24 को झुरझुरी,कोनहारा खुर्द,चेचकपी और बरकट्ठा दक्षिणी तथा 25 नवम्बर को बरकट्ठा उत्तरी,बेलकपी, शिलाडीह और गोरहर में प्रचार प्रसार किया जाना है। विदित हो कि अबुवा आवास योजना पूर्ण रूप से झारखंड सरकार की अपनी योजना है।झारखंड में गरीबों की स्थिति को देखते हुए सरकार ने ठोस कदम उठाया है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी, प्रखंड समन्वयक अजय जयसवाल, बी पी ओ श्यामनाथ वर्मा,लेखा सहायक अमित तिग्गा, प्रखंड समन्वय पंद्रहवीं वित्त संतोष कुमार पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, कैलाश प्रसाद कुशवाहा, उदित नारायण वर्मन, प्रदीप मेहता, गुड़िया कुमारी, प्रियंका कुमारी, बी एफ टी दिलीप दास, अरुण हितैषी, महेंद्र टुडु आदि कर्मी उपस्थित रहे।

हजारीबाग : कांग्रेसियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को अर्पित की श्रद्धांजलि

हजारीबाग। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई. इस मौके पर शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू एक अद्भुत राजनेता, प्रखर वक्ता और राष्ट्रवादी थे. आजादी की लड़ाई से लेकर नए भारत के विकास मैं उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. वे एक दृढ़ नेता थे, जो समाजवादी और गांधीवादी विचारधारा पर अडिग रहे. 4 अगस्त 1916 में वे महात्मा गांधी से पहली बार मिले, जिनसे वे काफी प्रेरित हुए. उन्होंने 1920 में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया.1920-22 के असहयोग आंदोलन के सिलसिले में उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा. पंडित नेहरू सितंबर 1923 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने. कांग्रेस नेता ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले प्रधान मंत्री थे. आजादी से पहले और आजादी के बाद भी उन्हें भारतीय राजनीति में एक केंद्रीय योद्धा माना जाता था.

योग्य लाभुकों को दें सर्वजन पेंशन योजना का लाभ : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। जिला सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा प्रभास दत्ता के द्वारा उपायुक्त को वर्तमान में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, सर्वजन पेंशन योजना आदि के तहत लाभुकों को दिए जा रहे हैं लाभ की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने तथा बचे हुए लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य 15 दिनों के अंदर अभियान मोड में कार्य करते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने आधार सीडिंग के दौरान अयोग्य पाए जाने वाले पेंशन लाभुकों का नाम पेंशन सूची से हटाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने त्वरित रूप से प्रखंडवार आधार व मोबाइल नंबर सीडिंग के बचे हुए लाभुकों की सूची संबंधित प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने एवं नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। आगामी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों के दौरान लोगों को पेंशन योजनाओं सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कार्यपालक दंडकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को शिविर के दौरान स्टॉल लगाते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ देने, योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार सुनिश्चित करने एवं विभिन्न कार्य पूर्ण करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दीया । आगामी ठंड के मौसम के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को गरीब व अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों के वितरण को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बरही : लठिया पुल के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

बरही । मंगलवार की अहले सुबह केवाल निवासी अजय भुईयां (३२ वर्ष) पिता स्व छठू भुईयां का लठिया पुल के पास शव बरामद किया गया. शव लठिया नदी में फेंका हुआ था. शव के आस पास कुछ पैसे बिखरे पड़े थे. शव के कुछ ही दूरी पर मृतक का बाईक व टूटा हुआ वाइजर भी पड़ा था. शव की सूचना अहले सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने पुलिस सहित स्थानीय लोगो को दिया. सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बरही पुलिस सहित प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल रजक, पूर्व मुखिया खिरोधर यादव व दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए. लोगो ने बताया कि मृतक दीपावली के कुछ ही दिन पहले दिल्ली से वापस लौटा था. वह वहां फुटपाथी होटल चलाता था. जिसे दीवापली के बाद जाना था. उसकी एक छोटा पुत्र और धर्मपत्नी है. जानकारी के अनुसार मृत्तक पिछले कई दिनों से कदवा अपने दोस्तो के साथ जुआ खेलने जा रहा था. घटना की रात्रि उसके दोस्त नहीं गए थे और वह अकेले ही चला गया. रात्रि ग्यारह बजे के करीब जुए में लाखो रुपए जितने की जानकारी अपनी पत्नी को मोबाईल पर देते हुए शीघ्र लौटने की बात कही थी. इसी क्रम में लठिया पुल के करीब उसकी हत्या कर जुआ में जीता गया सभी पैसा लूट लिया गया. अपराधियों ने साक्ष्य छिपाने के लिए शव को आधे फीट गहरे पानी में सुलाकर एक्सीडेंट का रूप देने का काम किया गया था. पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज कर छान बीन में जुट गई है.

आस्था | बरकट्ठा के तुइयो में तीन दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

कलश यात्रा में 301 महिलाएं हुईं शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के तूइयो में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। कलशयात्रा के शुभारंभ में अतिथियों ने 301 महिला व कुवांरी कन्याओं को यज्ञ मंडप से माथे पर कलश देकर विदा किया। कलशयात्रा गाजे बाजे के साथ गांव का भ्रमण करते हुए बंडासिंघा उत्तरवाहिनी नदी से गायत्री मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण का शुद्धिकरण होता है। साथ ही असुर शक्ति का नाश होता है। कलशयात्रा में मुखिया शंकर रविदास, उपमुखिया विजय प्रसाद, पंसस संतोष ठाकुर, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तम महतो, विनोद राम,अजित राणा, लालमणि प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, उमा देवी, रेखा देवी, संतोषी देवी कलावती देवी, रामेश्वर महतो, हिरालाल प्रसाद, मोहन प्रसाद, जयनंदन प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, रीतलाल प्रसाद नंदकिशोर प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र दास, नारायण दास आदि शामिल थे।

क्या खोया-क्या पाया

विकास के पथ पर चलते-चलते 23 साल का हो गया हमारा झारखंड

आज यानी 15 नवंबर 2023 को हमारा झारखंड राज्य पूरे 23 साल का हो गया। अब झारखंड 24 वें साल में प्रवेश कर गया है। इन 23 सालों में झारखंड में बहुत कुछ बदलाव हुआ है। राज्य की स्थापना का दिवस 15 नवम्बर को चुनने के पीछे का महत्वपूर्ण कारण है यहां के सर्वमान्य नेता व आदिवासी समाज के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा का जन्मदिन दिन का होना। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समुदाय के बड़े नेता थे। जिन्होंने 1895 से 1900 तक अंग्रेज सरकार के विरुद्ध आंदोलन किया था। गठन के बाद इस राज्य की दशा और दिशा में बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं। इन 23 सालों में झारखंड निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। अविभाजित बिहार राज्य के समय के पिछड़ेपन में काफी हद तक सुधार हुआ है। आज झारखंड के परिवेश में बहुत बदलाव हो गया है। चाहे शिक्षा का स्तर हो या व्यापार का स्तर हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अलग राज्य बनने के बाद यहां बड़े- बड़े भवन बने, औधोगिक क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई, बड़े-बड़े अस्पताल बने व मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ। शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी बने, नगर निगम बने, सड़कें पुल-पुलिया बने, स्कूल भवन का विकास हुआ, चेकपोस्ट, थाना भवन का जीर्णोद्धार हुआ कुल मिलाकर कहा जाये तो हर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं। लेकिन जिस अनुपात में विकास होना चाहिए था वो अबतक नहीं हो पाया है। इसके पीछे कई कारण हैं। हमे कारणों के पीछे भागने से कुछ लाभ नहीं होगा। हमारा झारखंड कैसे आगे बढ़ेगा इसके लिए हम सब को भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण होने से ही झारखंड का अपेक्षित विकास हो सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि झारखंड बनने के 23 साल बाद भी झारखंड का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। झारखंड के साथ तीन अन्य राज्यों का भी गठन हुआ था। जिसमें बिहार से अलग होकर झारखंड, मध्यप्रदेश से अलग होकर छतीसगढ़ व उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड शामिल हैं। इन तीनों राज्यों की विकास दर देखा जाय तो झारखंड की तुलना में दूसरे राज्यों का अपेक्षित विकास हो गया है। जबकि झारखंड में खनिज संपदाओं की कमी नहीं है। झारखंड में हर प्रकार के खनिज संपदा विद्यमान है। जबकि दूसरे राज्यों में नहीं हैं। झारखंड का जमशेदपुर शहर राज्य का सबसे बड़ा महानगर है। धनबाद, बोकारो भी औद्योगिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध हैं। यहां का समुचित विकास नहीं होने के पीछे बड़ी समस्या है नक्सलवाद। भारत में नक्सल समस्या से प्रभावित राज्यों में झारखंड प्रमुख है। संभावनाओं की बात करें तो अपनी सुंदर प्राकृतिक बनावट, प्राचीन संस्कृति एवं लोक जीवन के अनूठे रंग के चलते यहां पर पर्यटन की असीम सम्भावनाएं विद्यमान है। यहां हर साल बड़ी तादाद में देशी-विदेशी पर्यटक सैर करने आते हैं। झारखंड में 24 जिले हैं। राजधानी रांची एक बड़ा पर्यटन स्थल बनकर उभरा है। रांची हिल व सूर्य मन्दिर मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहां के चार बड़े शहर जमशेदपुर, धनबाद, पलामु व बोकारो भी पर्यटकों के लिए लोकप्रिय स्थल हैं। बेतला व दालमा वन्य जीव अभ्यारण्य भी झारखंड के पर्यटन के आधार रहे हैं। वन एवं वन्य जीवों से समृद्ध यह प्रदेश राष्ट्रीय पार्क, उद्यानों तथा विविधता के लिए जाना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी झारखंड राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां कई भव्य मंदिर व धार्मिक पर्यटक स्थल है। देवघर झारखड़ का प्रमुख धार्मिक शहर है। बैजनाथ धाम भगवान शिव के बारह ज्योतिलिंगों में से एक है। हम अगर झारखंड नाम की बात करे तो यह शब्द झार अर्थात झाड़ी या वन व खंड अर्थात भूमि होता है। इतिहास में झारखंड शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम एतरेय ब्राह्मण में हुआ है। जिन्हें पुंड शब्द कहा गया था। इसके अतिरिक्त पद्मावत, अकबरनामा, कबीर की रचनाओं में इस प्रदेश को झारखंड कहा गया है। झारखंड राज्य के इतिहास की बात करें तो शुरूआत से ही झारखंड का क्षेत्र आदिवासी समुदाय बहुल रहा है। जब अंग्रेजों की दखल इस क्षेत्र में बढ़ने लगी तो यहां के लोगों ने 1765 में ईस्ट इंडिया का घोर विरोध किया तथा अपने राज्य को बचाने के लिए 1771 से 1900 ई. तक व्यापक जन आंदोलन चले। पहरिया लीडर तिलका मांझी ने इस क्षेत्र में 1771 में पहली बार ब्रिटिश सरकार एवं जमींदारों के खिलाफ आवाज उठाई। वे जागीरदारी प्रथा की खिलाफत के लिए खड़े हुए व अपने पूर्वजों की जमीन असली मालिकों को लौटाने की पुरजोर मांग किये। इसके बाद 1779 में भूमिज समुदाय के लोहो ने मनभूम तथा बाद में पलामू की चेरो जनजाति ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया। 1855 में हुआ संथाल आदिवासी एवं किसान आंदोलन इस क्षेत्र का सबसे बड़ा जन आंदोलन था। इसके बाद कोल व सींथल आंदोलन हुए। बिरसा मुंडा झारखंड के अंतिम आंदोलनकारी थे। छोटानागपुर पठार पर स्थित आदिवासी बहुल झारखंड राज्य निर्माण से पूर्व दक्षिणी बिहार का भाग था। आजादी के बाद से इस क्षेत्र के लोगों ने अलग राज्य बनाने की मांग निरंतर जारी रखी। आखिर वर्ष 2000 में जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अलग झारखंड राज्य का गठन किया। झारखंड की जनसंख्या 3,29,88,134 व क्षेत्रफल 79,710 वर्ग किमी है। इसका क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्र का 2.42 प्रतिशत है। भारत की कुल जनसंख्या में झारखंड का भाग 2.72 प्रतिशत है। इस राज्य का जनसंख्या घनत्व 414 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। झारखंड राज्य में कुल 24 जिले है। इसका राजकीय पशु हाथी व राजकीय पक्षी कोयल है। झारखंड राज्य का राजकीय वृक्ष साल व राजकीय पुष्प पलाश है। झारखंड की राजकीय भाषा हिंदी है। झारखण्ड की कुल साक्षरता दर 66.41 % है। राज्य की सीमा 5 राज्यों बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश से लगती है। झारखंड राज्य में से 23.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश कर्क रेखा भी गुजरती है। झारखंड राज्य की राजनीतिक परिचय की बात करें तो इस राज्य की विधानसभा एक सदनीय है। झारखण्ड राज्य की विधानसभा में कुल सदस्य संख्या 82 है। इसमें से 81 निर्वाचित और 1 सदस्य मनोनीत होता है। झारखंड राज्य से लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं वही राज्यसभा के लिए कुल 6 सीटें है। झारखड की जलवायु उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी जलवायु है। जिसकी औसत वार्षिक वर्षा 140 सेमी है। यहां की प्रमुख फसल धान है।

❖ राहुल कौशल

फाईल फोटो

पलामू में नहीं बदली अन्नदाताओं की तकदीर, 88 प्रतिशत खेतों तक नहीं पहुंच सका है पानी

झारखण्ड आज 23 वर्ष का हो गया है। इन गुजरे वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में विकास हुए। आधारभूत संरचनाएं स्थापित हुई। किन्तु इसके बाद भी कृषि का क्षेत्र पिछड़ा ही रह गया है। गुजरे 23 वर्षों में भी पलामू के अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। जिले की करीब 88 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि आज भी असिंचित है। राज्य गठन के बाद से जिले में कुल 12 प्रतिशत खेतों को ही विभिन्न माध्यमों से सिंचाई के लिए पानी मिल पाया है। जिले की खेती पूरी तरह मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर है। वर्षा हुई तो खेती होगी अन्यथा किसानों को सूखा या अकाल की विभीषिका झेलनी पड़ती है। सिंचाई के अभाव में किसानों की माली हालत बिखर चुकी है। पलामू पहले से ही अघोषित वर्षा क्षेत्र अंतर्गत शामिल है। हालांकि जिले की कृषि योग्य भूमि तक सिंचाई का पानी पहुंचाने को लेकर उत्तरी कोयल समेत बटाने, अमानत जैसी कई परियोजनाये शुरू की गई, लेकिन आज तक सभी अधूरी पड़ी हैं। सिंचाई के साधनों के अभाव के कारण कृषि क्षेत्र का विकास नहीं हो सका है। जबकि पलामू की अर्थव्यवस्था पूरी तरह कृषि पर आधारित है। जिले के करीब चार लाख परिवारों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि है। इनमें दो लाख 11 हजार किसान हैं। इनमें 90 हजार 500 लघु, करीब एक लाख दस हजार सीमांत किसान हैं। जिले में बड़े किसानों की संख्या सिर्फ 1520 है। जिनके पास दस हेक्टेयर से अधिक खेती की जमीन है।

खाद्यान्न के मामले में झारखण्ड आत्मनिर्भरता के करीब : डा. डीएन

फाईल फोटो

झारखण्ड बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के शुष्क भूमि परियोजना के मुख्य वैज्ञानिक डा. डीएन सिंह पलामू में खेती के लिए सिंचाई साधनों के अभाव से इत्तेफाक रखते हैं। वे मानते हैं कि पलामू की खेती पूरी तरह मानसून की बरसात पर निर्भर है। लेकिन इसके बाद भी खेती का विकास हुआ है। सरकार के कृषि विभाग के साथ विश्वविद्यालय एवं क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र के संयुक्त प्रयासों से गांव के किसान खेती की उन्नत तकनीक व कम वर्षा में होने वाली फसलों की खेती के प्रति जागरूक हुए हैं। जिसकी वजह से राज्य खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता के करीब पहुंचा है। डा. सिंह के अनुसार पहले राज्य में जरूरत का पचास प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन होता था। यह वर्ष 2016-17 तक 70 से 80 प्रतिशत से उपर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेंट चेंज से तुरंत नहीं निपटा जा सकता। इसके लिए खेती में बदलाव की जरूरत है जो हो भी रहा है।

❖ संजय कुमार पांडेय

'झारखंड' के चतुर्दिक विकास के लिए एक ईमानदार पहल की जरूरत

विजय केसरी

झारखंड के चतुर्दिक विकास के लिए एक ईमानदार पहल की जरूरत है ।। झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड का विकास अवरुद्ध हो गया। झारखंड विधान सभा के सभी सदस्यों को झारखंड के चतुर्दिक विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने की जरूरत है। हम सबों का प्यारा झारखंड 23 वर्षों का युवा हो चुका है। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड अलग प्रांत का गठन हो पाया था। उम्मीद थी कि झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद झारखंड वासियों के दिन सुधरेंगे। वर्षों से उपेक्षित झारखंड में चतुर्दिक विकास की गंगा बहेगी। लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रांत वासियों का पलायन रुकेगा। लेकिन ऐसा कुछ भी होता दिख नहीं रहा है । झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता के कारण चतुर्दिक विकास पर ग्रहण लग गया है। लगता है,सन 2000 में जब झारखंड अलग प्रांत का गठन हुआ था, तब ही इसके माथे पर राजनीतिक अस्थिरता की रेखाएं उकेर दी गई थीं। 2000 में एनडीए की मिली जुली सरकार बनी थी। प्रारंभ में सब कुछ ठीक ही चल रहा था, लेकिन सरकार गठन के 6 महीने बाद ही आपसी खींचातानी शुरू हो गई थी। एनडीए में शामिल दलो के मंत्रियों और नेताओं के आए दिन एक दूसरे के विरुद्ध बयान अखबारों में छपने लगे थे। सरकार में शामिल सभी मंत्री अपने अपने मन के हो गए थे। झारखंड में एनडीए की मिली जुली सरकार जरूर थी, लेकिन कोई किसी की बातों को सुनने को तैयार नहीं था। एनडीए सरकार के पहले संयोजक ने झारखंड के चतुर्दिक विकास के लिए एक मैप भी तैयार किया था, जिसके तहत रिज्य सरकार बेहतर ढंग से चले । झारखंड में चतुर्दिक विकास हो। इस निमित्त उन्होंने एनडीए में शामिल सभी मंत्रियों की कई बैठकें आयोजित की थी। मंत्रियों और नेताओं के फालतू बयान बाजी बंद हो। सरकार बेहतर तालमेल के साथ चले । ऐसा उन्होंने एक प्रयास भी किया था, लेकिन उनका यह प्रयास असफल ही सिद्ध हुआ था। आपसी खींचातानी के कारण मात्र 27 महीने में ही झारखंड की पहली सरकार चली गई थी। फिर भाजपा के अन्य नेता मुख्यमंत्री बने थे। वे भी आपसी खींचातानी के कारण अपना कार्यकाल पूरा कर नहीं पाए थे। झारखंड अलग प्रांत के अगुआ एक बार कुछ दिनों के लिए ही झारखंड के मुख्यमंत्री बन पाए थे। झारखंड में सरकारें बनती गईं, कुछ साल और कुछ महीने चल कर ही समाप्त होती गई थी। झारखंड वासियों के उम्मीद के विपरीत प्रांत की सरकारों के चलने के कारण सभी विकास के कार्यों में ग्रहण लग गया । यह सब कुछ राजनीतिक अस्थिरता की कोख से जन्म ले रहा था। झारखंड विधान सभा अपने स्थापना काल से ही हर वर्ष किसी एक विधायक को उनके बेहतर आचरण और विधानसभा की कार्रवाई में पूर्ण सहयोग देने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ विधायक सम्मान प्रदान कर अलंकृत करता रह रहा है। लेकिन झारखंड विधानसभा के पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने ऐसा कोई विशिष्ट उदाहरण विधानसभा में नहीं प्रस्तुत किया, जिससे यह प्रतीत हो कि विधानसभा के बहुमूल्य समय का सदुपयोग हुआ हो। झारखंड स्थापना के बाद ही चाहे एनडीए की सरकार हो, चाहे यूपीए की सरकार हो, चाहे झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार हो, चाहे एक निर्दलीय विधायक की सरकार हो, किसी ने भी दल ने विधानसभा के बहुमूल्य समय को बर्बाद होने से नहीं बचा पाया। बल्कि आरोप-प्रत्यारोप में ही विधानसभा के बहुमूल्य समय बर्बाद होता रह रहा है। विधायक गण चाहते तो विधानसभा में चर्चा के दौरान झारखंड की बुनियादी समस्याओं पर बेहतर ढंग से उठाते, बेहतर ढंग से बातचीत करते । बहस करते। समस्याओं के स्थाई निराकरण के लिए कोई स्थाई हल ढूंढ पाते । झारखंड की हरियाली बीते 22 वर्षों में बहुत ही कम हुई है। झारखंड का नाम झारखंड इसलिए पड़ा था कि यह प्रदेश पेड़ पौधों की हरियाली से भरी पड़ी थी । इस प्रदेश में खनिज संपदा के बाद पेड़ पौधे ही संपदा के रूप में मौजूद हैं। बीते 23 वर्षों के दरमियान वन विभाग द्वारा संचिकाओं पर झारखंड की हरियाली को बरकरार रखने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए। लेकिन जमीनी स्तर पर परिणाम क्या सामने आया ? पढ़कर और सुनकर घोर आश्चर्य होगा। बीते 23 वर्षों में जंगलों की अवैध कटाई ने झारखंड की पहचान ही मिटाती चली जा रही है। बीते दिनों झारखंड के विभिन्न जिलों में लकड़ी की कटाई के कई अवैध आरा मील हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रांची आदि जिलों में पकड़े गए। आरा मीलों में करोड़ों रुपए के लकड़ी जप्त किए गए। अब सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग वन रोपण का कार्य गांव - गांव में जा कर रही है, तब इन गांवों में इतनी संख्या में ये अवैध आरा मील कैसे चल रहे थे ? ये आरा मील किसकी देखरेख में चल रहे थे ? इन आरा मीलों ने मिलकर झारखंड के जंगलों की सूरत ही बिगाड़ कर रख दी है। पकड़े गए इन अवैध आरा मिलों के विरुद्ध क्या कार्रवाई हुई ? चूंकि झारखंड में एक मजबूत सरकार नहीं रहने के कारण संबंधित आरा मिलो एवं इनके सूत्रधारों पर ढंग से कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। फलतः इस वन लूट में शामिल अधिकारी, व्यवसाई और सरकार में शामिल मंत्री खुले रूप से घूम रहे हैं। झारखंड की राजनीतिक अस्थिरता का आलम यह रहा कि एक बार एक निर्दलीय विधायक झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे। विचारणीय बात यह है कि एक निर्दलीय विधायक झारखंड के हित में निष्पक्ष होकर कैसे फैसला ले सकता है ? उसकी कुर्सी तो दलिया विधायकों की मुट्ठी में कैद होती है। उक्त निर्दलीय मुख्यमंत्री ने एक के बाद एक संचिकाओं के ऊपर दस्तखत किया था, ये सारे दस्तखत किसी न किसी दबाव में जरूर हुए थे। जब उनकी कुर्सी चली गई, तब उनके द्वारा किए गए दस्तखत पर बातें उठी थीं। इन बातों ने उन्हें जेल तक पहुंचा दिया था। झारखंड के 14 वर्ष राजनीतिक अस्थिरता में ही बीत गए थे । 14 वर्षों के बाद झारखंड में पहली बार रघुवर दास के नेतृत्व में एनडीए सरकार अस्तित्व में आई थीं। बीते 23 वर्षों के दरमियान एनडीए की पहली सरकार थी, जिसने किसी रूप में अपना 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया था। झारखंड की जनता ने पांच वर्षों के बाद एनडीए की सरकार को भी अलविदा कह दिया था। हाल के कुछ दिनों में जो समाचार आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि एनडीए सरकार में शामिल पांच मंत्रियों के खिलाफ ईडी अर्थात प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेज कर ईडी दफ्तर बुलाया है। ईडी ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाया है। ईडी एनडीए सरकार में शामिल इन पांचों मंत्रियों से पूछताछ करने जा रही है। बीते 17 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री को ईडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था। साढ़े नौ घंटे तक मुख्यमंत्री से ईडी ने खनन विभाग के 1000 करोड़ों रुपए एवं मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित आरोप पर उनसे पूछताछ की है । इस पूछताछ से यह प्रतीत होता है कि झारखंड के खनिज संपदा की भरपूर ढंग से लूट हुई है।? प्रदेश में जो भी सरकारें आईं, किसी न किसी रूप में अस्थिर ही रहीं । अब तक झारखंड में जो भी सरकारें बनी, किसी ने भी झारखंड को खनिज संपदा की लूट से बचा नहीं पाई। मुख्यमंत्री और मंत्री इसके घेरे में आते रह रहे हैं। पिछले दिनों झारखंड के एक वरिष्ठ नेता ने यह कहा है कि जब ईडी वर्तमान मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए बुला सकती, तब पूर्व मुख्यमंत्री से क्यों नहीं पूछताछ के लिए बुलाती है । उक्त वक्तव्य का आशय यह है कि एनडीए की सरकार भी झारखंड को खनिज लूट से बचा नहीं पाई थी। किसी भी राज्य के विकास के लिए 23 वर्षों का समय कम नहीं होता है। लेकिन अब तक झारखंड एक लूट का ही प्रांत बना रहा। जिसे जब भी अवसर मिला, झारखंड को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ा। राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड के अधिकारी भी बेलगाम हो गए । झारखंड के अधिकारी अपनी मनमर्जी से प्रशासनिक कार्य पूरा करते हैं। यह झारखंड का दुर्भाग्य ही है कि झारखंड के लूट में झारखंड के बड़े बड़े अधिकारी भी शामिल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर एक वरीय आईएएस पदाधिकारी जो इस प्रांत के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहीं। आज वह मनी लांड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के केस में रांची जेल में बंद है। इसके अलावा झारखंड के कई वरीय पदाधिकारियों के विरुद्ध भी मुकदमे चल रहे हैं। झारखंड का चतुर्दिक विकास तभी संभव होगा, जब झारखंड के एक-एक विधायक पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ विधानसभा के संकल्प के अनुरूप आचरण करेंगें। झारखंड को सुंदर बनाने के लिए सबसे पहले झारखंड को लूटना बंद करें। झारखंड की खनिज संपदा और हरियाली पर झारखंड वासियों का हक है। झारखंड वासियों ने आप सबों को मत देकर विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाया हैं। राज्य के प्रति आप सबों की नैतिक जवाबदेही बनती है कि राज्य के विकास के लिए ईमानदारी पूर्वक पहल करें। राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड के विकास पर ग्रहण लग गया है। यह तभी दूर होगा, जब इमानदारी पूर्वक पहल किया जाएगा। झारखंड को एक मजबूत और इमानदार सरकार की जरूरत है, जो राज्य वासियों के हित में फैसला लें । राज्य के उद्यमिता विकास, हरियाली, खेतों में पानी, झारखंड से उत्पादित वस्तुओं से संबंधित उद्योगों का निर्माण प्रदेश में करें, बेरोजगारों को नौकरी दे सके, ऐसी एक मजबूत सरकार की झारखंड में जरूरत है। इस निमित्त झारखंड वासियों को अपने अपने मत का प्रयोग धर्म, जात पात से ऊपर उठकर करने की जरूरत है।

गागर में सागर

प्रदेश कांग्रेस ने मनाई पंडित नेहरू की जयंती

रांची। प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती रांची के कांग्रेस भवन में मनाई। कांग्रेस नेताओं ने नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जयंती समारोह में कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं सकते। पंडित जवाहर लाल नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था, बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो हमेशा देश के विकास के प्रति चिंतित रहते थे। इसी मनोभाव ने उन्हें महानता की उपाधि दी। वक्ताओं कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे व्यक्ति का जन्म दिवस मना रहें हैं जो कि पूरे हिन्दुस्तान में खास करके सृजन के क्षेत्र में क्रमबद्धता के साथ कार्य किया तथा बोकारो एवं एचईसी इन्हीं की देन है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, डॉ एम. तौसीफ, राजेश सिन्हा सन्नी, नेली नाथन, सुरेन राम, केदार पासवान सहित अन्य नेता शामिल रहे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान आत्मदाह की धमकी देने वाले चार गिरफ्तार

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को झारखंड आएंगे। उनके दौरे पर आदिवासी सेंगेल अभियान के चार कार्यकताओं ने धमकी दी थी कि यदि प्रधानमंत्री झारखंड यात्रा के दौरान आदिवासियों के लिए सरना कोड को मान्यता देने की घोषणा नहीं करते हैं, तो वे भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में आत्मदाह कर लेंगे। इन सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों मोहन मार्डी, पृथ्वी मुर्मू, विक्रम हेंब्रम और कान्हूराम टुडू हैं। कान्हू राम टुडू पश्चिम सिंहभूम जिले के सोनुवा प्रखंड के निवासी है। विक्रम हेंब्रम और पृथ्वी मुर्मू पूर्वी सिंहभूम के बागबेड़ा जाटा झोपड़ी के तथा चंद्रमोहन मार्डी बोकारो के पेटरवार के निवासी हैं। पूर्व में दो युवाओं की घोषणा के बाद बागबेड़ा जाटाझोपड़ी के विक्रम हेम्ब्रम व पृथ्वी मुर्मू ने भी उलिहातू में जाकर आत्मदाह करने की धमकी दी थी। इन दोनों ने कहा था कि बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में प्रधानमंत्री का स्वागत है लेकिन सरना धर्म कोड को मान्यता को पूरा होते देखना चाहते हैं। आदिवासी सेंगेल के प्रमुख पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि 15 नवंबर को विभिन्न जिला मुख्यालयों पर सुबह 10 बजे से एक बजे तक सरना धर्म कोड और आदिवासी राष्ट्र बनाने की अपनी मांग के समर्थन में अनशन का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। सालखन और सुमित्रा मुर्मू जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर पर अनशन और धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री जब झारखंड की धरती पर आयेंगे तो उन्हें सरना धर्म कोड की सौगात देकर जायेंगे।

वेंचर स्किल अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

रांची। जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) द्वारा आयोजित वेंचर स्किल अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्धघाटन मंगलवार को धुर्वा गोलचक्कर मैदान में आरडीसीए के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा एवम संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार के द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला बूटी क्रिकेट एकेडमी और फ्यूचर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें बूटी क्रिकेट एकेडमी ने जीत से प्रतियोगिता की शुरूआत की। उद्घाटन समारोह में जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष सौमित्रो पटनायक, कार्यकारी सदस्य मुज्जफर अली,मुन्ना, सहायक सचिव सुनील पाल, शंभू सिन्हा और मुक्तेश सिंह मौजूद थे।

रांची में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का शिड्यूल जारी

रांची। 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल 2023 के तहत स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) 29 खेलों का आयोजन कर रहा है। 29 में से छह खेलों (फुटबॉल, खो खो, कबड्डी, वूशु, स्केटिंग और साइक्लिंग) की मेजबानी झारखंड को मिली है। रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता का शिड्यूल भी जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से 12 फरवरी तक किया जाना है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरेन ए सोरेंग ने शिक्षा परियोजना परिषद में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। बता दें कि झारखंड स्कूली शिक्षा विभाग और शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में झारंखड में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसमें विभिन्न खेल संघों की मदद ली जायेगी।

छठ के बाद हो सकता है डेट का एलान, काउंसिल चुनाव फिलहाल टलने के आसार

रांची। रांची जिला बार एसोसिएशन की नयी कमिटी के चुनाव की डेट की घोषण जल्द हो सकती है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आरडीबीए की वर्तमान कमिटी का कार्यकाल पूरा होने के बाद काउंसिल ने अध्यक्ष,महासचिव और कोषाध्यक्ष की तीन सदस्यीय एडहॉक कमिटी का गठन कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि यह कमिटी छठ पूजा के बाद जीबी की बैठक करेगी और बैठक में चुनाव की संभावित तिथि का एलान किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, चुनाव की तैयारियों को अब अंतिम रूप देने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। चुनाव संपन्न कराने के लिए वोटर लिस्ट फाइनल कर भेजने समेत प्रक्रिया के संचालन के लिए आम सभा से तीन सदस्यों का नाम काउंसिल को भेजना है। इन नामों पर सहमति बनने के बाद काउंसिल चुनाव से सबंधित पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी आम सभा के द्वारा चुने गए लोगों की होगी। इस वर्ष होने वाला बार चुनाव के दिलचस्प होने की उम्मीद की जा रही है। क्योंकि कई चर्चित चेहरे बार चुनाव में ताल ठोंकते नजर आएंगे तो दूसरी तरफ वर्तमान कमिटी के कई पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य अपनी कुर्सी बचाने के लिए चुनावी रण में किस्मत आजमाते दिखेंगे। वहीं दूसरी तरफ झारखंड स्टेट बार काउंसिल की नई कमिटी के चुनाव फिलहाल टलने के आसार दिख रहे हैं। क्योंकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया को स्टेट बार काउंसिल की वर्तमान कमिटी को विस्तार देने के लिए लिखे गए आग्रह पत्र को स्वीकार कर लिया गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वर्तमान कमिटी को 18 महीने का एक्सटेंशन दिया है।

जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए 9 साल में हुए कई प्रयास

रांची। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर देशभर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। जनजातियों के विकास के लिए झारखंड समेत देशभर में क्या-क्या हुआ। सरकार की कितनी योजनाएं आदिवासी समुदाय तक पहुंची। जनजातियों के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसी मुलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए क्या प्रयास हुए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने क्या-क्या हुए इन सब चीजों की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए क्या-क्या किया यह भी जानना जरूरी है। जनजातीय विकास के लिए मोदी सरकार में वार्षिक बजट में बढ़ोतरी की गई है। 2013-14 में जहां 4295.94 करोड़ बजट था, वह 2023-24 में बढ़कर 12461.88 करोड़ रुपये हो गया।

पांच दिवसीय दीपावली महापर्व श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से हुआ संपन्न

भक्तों ने दीप जलाकर सुख व शांति की कामना की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में दीपावली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दीपावली के दिन विशेष श्रृंगार एवं सजावट करके कोलकाता के कारीगरों ने मंदिर परिसर को सजाया। खाटूधाम के परंपरा अनुसार दीपावली के दिन श्री श्याम बाबा के मुख्य मंड में भक्तों ने दीप जलाकर अपने परिवार के लिए कुशल मंगल की कामना करके अपने परिवार की खुशहाली मांगी। मंदिर प्रांगण में ही श्याम भक्तों के लिए घी के दीपक की व्यवस्था की गई थी। दीपावली के विशेष श्रृंगार के लिए बेंगलुरु कोलकाता एवं बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से विशेष तरह के फूल मंगाए गए थे। दीपावली पर्व पर मंदिर बनने के बाद पहली बार बाबा श्याम बालाजी महाराज एवं शिव परिवार के मुख्य मंड की सम्पूर्ण सजावट फूलों से की गई थी। बाबा श्याम को बंगलोर के ग्रीन येलो व्हाइट रेड पर्पल ब्लू के ऑर्किड फूलों से सजाया गया था। खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान करके केशर चंदन तिलक श्रृंगार करके बाबा श्याम को विषेश रूह से मसाज करके बाबा श्याम को नवीन पोशाक बागा पहनाया गया। गोधूली बेला में मंदिर के पट खोले गए। अपने इष्ट देव के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ मंदिर परिसर में थी। सर्वप्रथम रामगोपाल साबू एवं उनकी धर्मपत्नी विजयश्री साबू पुत्र अश्विनी साबू पुत्रवधू आकांक्षा मित्तल साबू ने बाबा श्याम के मुख्य मंड में चांदी के दीप जलाकर बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना की तत्पश्चात भक्तों ने एक-एक कर बाबा श्याम के दरबार में दीप जलाकर अपने और अपने परिवार के लिए कुशल मंगल की कामना की। ज्ञातव्य है कि खाटूधाम के परंपरा अनुसार रांची हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में भी वर्ष में एक बार सभी भक्तों को मुख्य मंड तक जाकर बाबा के आगे दीप जलाकर हाजिरी लगाने का मौका मिलता है। सभी भक्तों के बीच घी लड्डू के प्रसाद का वितरण किया गया। दीपोत्सव में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुन्दर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू पंकज गाड़ोदिया अनिल नारनोली राजीव रंजन मित्तल अन्नपूर्णा सरावगी अमित सरावगी संजय सराफ कौशल चौधरी ललीत पोद्दार रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी किशन शर्मा सोमेश गोयल आशुतोष खेतान सहित अन्य ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई।

76 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 76 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 76 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी बलराम मोदी शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा मनीष मित्तल राजेंद्र अग्रवाल (मंगल) एवम मंजू चौधरी ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया।

अधिवक्ता व कांग्रेसी नेता के बीच हुई मारपीट

रांची। रांची सिविल कोर्ट की अधिवक्ता सह जिला बार एसोसिएशन की निर्वाचित सदस्य ज्योति आनंद और युवा कांग्रेस नेत्री निशा भगत पर जानलेवा हमला हुआ है। इस हमले में उन्हें और उनकी साथियों को गंभीर चोटें लगी हैं। दरअसल, अधिवक्ता ज्योति आनंद उनकी मित्र और युवा कांग्रेस की नेत्री निशा भगत खूंटी जिले के सिलदा इलाके में अपने फार्म हाउस पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंची थीं। उनके फार्म हाउस पहुंचते ही सिलदा के कैसर अली और उसके बेटे फिरदौस अली समेत 10-12 लोग हथियार के साथ वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में ज्योति को अंदरूनी चोटें लगी हैं,और निशा भगत का हाथ फ्रेक्चर हो गया है। निशा भगत युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। फिलहाल दोनों का खूंटी के सरकारी अस्पताल में मेडिकल जांच करवाया गया है। इससे पहले भी कैसर अली और उसके बेटे फिरदौस अली अधिवक्ता ज्योति आनंद को धमकी दे चुके हैं।

चंपई सोरेन ने दिल्ली के प्रगति मैदान में किया झारखंड पवेलियन का उद्घाटन

रांची/ नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े मेले में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान का मंगलवार से शुभारंभ हुआ। जी 20 समिट के बाद प्रगति मैदान में दूसरा बड़ा आयोजन किया जा रहा है। मेले में इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम है। जिसमें झारखंड प्रदेश फोकस स्टेट के रूप में भाग ले रहा है। झारखंड अपने प्रदेश की गरिमामई उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जिसमें मेले में आज झारखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने भगवान बिरसा की पूजा अर्चना कर मंडप का शुभारंभ किया। मंत्री ने मंडप की सभी स्टॉल का अवलोकन किया और प्रदर्शित की गई सभी स्टालों को सराहा।

प्रधानमंत्री के दौरे पर रिम्स अलर्ट

रांची। जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार शाम रांची आएंगे। इसके मद्देनजर रिम्स अलर्ट मोड में है। ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी के तीसरे तल्ले में स्थित आईसीयू-बी में मेडिकल इमरजेंसी को लेकर बेड तैयार किया गया है। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेटल डिटेक्टर से लैस प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने बेड व पूरे कमरे की गहनता से जांच की।

कब्रिस्तान से गुजर रहे बाईपास सड़क निर्माण में कार्य हो रहा बाधित : विहिप

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा कि कब्रिस्तान से गुजर रही गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण कार्य बहुत दिनों से बाधित है। झारखंड सरकार कब्रिस्तान को जल्द हटाये। साहू मंगलवार को प्रांत कार्यालय हरमू रोड स्थित शक्ति आश्रम में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के गढ़वा जिला के अचला नवाडीह गांव के खाता संख्या - 114, प्लॉट संख्या - 139, रकबा - 0.69 एकड़ में अवैध कब्रिस्तान से गुजर रही सड़क का 100 मीटर कार्य बाधित हैं। रेहला झ गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 23 किलोमीटर लंबी है, जो गढ़वा शहर का बाईपास है, इस बाईपास का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना गढ़वा जिले के अचला नावाडीह गांव से मौजूद अवैध कब्रिस्तान से होकर गुजर रहा है।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

58वीं औपबंधिक सूची
जिला–लोहरदगा (पार्ट–01)

क्र0	आवेदनकर्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिनांक–19 .10.2023 को लोहरदगा परिसदन में चिन्हित स्थानीय आंदोलनकारियों श्री विशेषण भगत, विनोद भगत एवं मो0 कयूम खान के माध्यम से जाँच एवं पहचान के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–365 2. आवेदक–सूरज भगत , पिता–स्व0 सुकरा भगत 3. ग्राम–बक्सी , पोस्ट–किस्को , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के नीचे तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–120 2. आवेदक–अशोक टोप्पो , पिता–स्व0 जलेधर टोप्पो 3. ग्राम–कुज्जी , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में नाभी के पास तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–373 2. आवेदक–विफाई उराँव (पहान), पिता–स्व0 ठकरू पहान 3. ग्राम–हेन्दलासो, हरिहरपुर , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर से फलैरिया।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–498 2. आवेदक–चमरा उराँव , पिता–स्व0 फंगा पहान 3. ग्राम–कुर्से, कुम्बाटोली पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–174 2. आवेदक–रूस्तम अंसारी , पिता–रजब अली अंसारी 3. ग्राम–हेसल , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–359 2. आवेदक–मनोज उराँव , पिता–स्व0 मनी उराँव 3. ग्राम–कुजरा पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–358 2. आवेदक–गंगा भगत , पिता–स्व0 मंगरू भगत 3. ग्राम–कुजरा पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–368 2. आवेदक–लालदेव उराँव , पिता–स्व0 बिरसा उराँव 3. ग्राम–कुजरा पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–518 2. आवेदक–रूपी उराँव , पति–गजाधार उराँव 3. ग्राम–कुजरा पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–एन/616 2. आवेदक–अजय कुमार लोहरा , पिता–स्व0 किनु लोहरा 3. ग्राम–हिरही तुरिया टोली , पोस्ट–हिरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4.. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–526 2. आवेदक–बलेश्वर उराँव , पिता–बिरसा उराँव 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटन में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0–271 2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–स्व0 खायाँ उराँव 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में दाहिने गाल में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–636 2. आवेदक–परमेश्वर भगत , पिता–गंगा भगत 3. ग्राम–कुजरा पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटना के नीचे घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0–733 2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–सनी उराँव 3. ग्राम–कुर्से , पोस्ट–कुर्से थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली में तिल।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–643 2. आवेदक–जौरू उराँव , पिता–स्व0 शनि उराँव 3. ग्राम–हेसल , पोस्ट–हेसल , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0–163 2. आवेदक–मुनेश्वर राम , पिता–स्व0 गन्दुर राम 3. ग्राम–हेसल , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटा हुआ घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0–80 2. आवेदक–बुद्धिमान उराँव , पिता–स्व0 दसई उराँव 3. ग्राम–हेसल , पोस्ट–हेसल , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0–89 2. आवेदक–राजेश उराँव , पिता–स्व0 डेवढान उराँव 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पॉव में घुटना के नीचे घाव दाग।	कंडिका–2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0–267 2. आवेदक–बिरसा उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में जलने का निशान।	कंडिका–2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0–एन/523 2. आवेदक–अनुप उराँव , पिता–सहदेव उराँव 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0–414 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत , पिता–स्व0 तुरी भगत 3. ग्राम–बुढ़हू बराटपुर , पोस्ट–हिरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के किनारे घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0–292 2. आवेदक–लाल काशी नाथ साहदेव , पिता–स्व0 बाल केदार नाथ साहदेव 3. ग्राम–हेन्दलासो , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0–4 2. आवेदक–गुखला उराँव , पिता–स्व0 बुद्धु उराँव 3. ग्राम–कुजी , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
24.	1. आवेदन क्र0–656 2. आवेदक–शनि टाना भगत , पिता–स्व0 घुड़ा टाना भगत 3. ग्राम–कुर्से कुम्बा टोली , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर विकलांग।	कंडिका–2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0–525 2. आवेदक–बुदू भगत , पिता–स्व0 जयराम भगत 3. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर के घुटना में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0–501 2. आवेदक–सुले लोहरा , पिता–स्व0 गोपी लोहरा 3. ग्राम–हेसल मंगन टोली , पोस्ट–हेसल , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
27.	1. आवेदन क्र0–112 2. आवेदक–डिम्बो उराँव , पिता–स्व0 बुरंगा उराँव 3. ग्राम–हेसल , पोस्ट–हेसल , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल में मस्सा।	कंडिका–2(ix)
28.	1. आवेदन क्र0–745 2. आवेदक–महेश भगत , पिता–स्व0 झरी भगत 3. ग्राम–हेसल बसारडीह , पोस्ट–हेसल , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
29.	1. आवेदन क्र0–724 2. आवेदक–उषा टोप्पो , पति–स्व0 जीवन टोप्पो 3. ग्राम–कुजी छोटा टोली , पोस्ट–कुर्से , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0–274 2. आवेदक–गीता उराँव (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 अमर उराँव 3. ग्राम–बुढ़हू बरांटपुर , पोस्ट–हिरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
31.	1. आवेदन क्र0–एन/108 2. आवेदक–असद एकबाल , पिता–अब्दुल खालिक 3. ग्राम–मेन रोड़ पावर गज , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर कटा हुआ निशान।	कंडिका–2(ix)
32.	1. आवेदन क्र0–148 2. आवेदक–कलीम आलम , पिता–अजीमुद्दीन मियाँ 3. ग्राम–राहत नगर वार्ड नं0–11 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
33.	1. आवेदन क्र0–एन/145 2. आवेदक–अब्दुल नेहाल अख्तर , पिता–कासीम खांन 3. ग्राम–बंगला रोड आजाद बस्ती , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड– लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
34.	1. आवेदन क्र0–एन/548 2. आवेदक–मो0 मुजफ्र अंसारी , पिता–सिटु अंसारी 3. ग्राम–पावर गंज चौक , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
35.	1. आवेदन क्र0–109/23 2. आवेदक का नाम–मो0 मोबिन अंसारी , पिता का नाम–मो0 सफीक अंसारी 3. ग्राम–थाना टोली रोड लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–बाया हाथ में काला तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री बसंत तिर्की द्वारा अनुशंसित तथा शपथ पत्र के माध्यम से उपलब्ध करायी गई सूची के आधार पर।	
36.	1. आवेदन क्र0– 103/23 2. आवेदक का नाम–अलाउद्दीन अंसारी , पिता का नाम–अनवर अंसारी 3. ग्राम–तिगरा , पोस्ट–अरकोसा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
37.	1. आवेदन क्र0– 104/23 2. आवेदक का नाम–मो0 एहसान कुरैशी , पिता का नाम–आजम कुरैशी 3. ग्राम–बगरू रोड कुरैशी मोहल्ला , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
38.	1. आवेदन क्र0– 105/23 2. आवेदक का नाम–सलाम अंसारी , पिता का नाम–स्व0 नबी अंसारी 3. ग्राम–न्यू आजाद बस्ती बंगला रोड वार्ड न0–3 , पोस्ट–लोहरदगा ,थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :–सिमरिया थाना काण्ड संख्या–112/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाश सिंह द्वारा अनुशंसित तथा शपथ पत्र के माध्यम से उपलब्ध करायी गई सूची के आधार पर।	
39.	1. आवेदन क्र0–106/23 2. आवेदक का नाम–इम्तियाज खॉन, पिता का नाम–जलील खॉन 3. ग्राम–न्यू आजाद बस्ती बंगला रोड, पोस्ट–लोहरदगा ,थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
40.	1. आवेदन क्र0–107/23 2. आवेदक का नाम–एकराम अंसारी , पिता का नाम–मो0 साहबान अंसारी 3. ग्राम–थाना टोली लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा ,थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
41.	1. आवेदन क्र0– 108/23 2. आवेदक का नाम–जियाउल हक , पिता का नाम–मो0 ऐनुल हक 3. ग्राम–न्यू आजाद बस्ती बंगला रोड , पोस्ट–लोहरदगा ,थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
42.	1. आवेदन क्र0–110/23 2. आवेदक का नाम–मो0 राशीद आलम , पिता का नाम–स्व0 मो0 महबूब आलम 3. ग्राम–कासिम लेन, थाना टोली लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
43.	1. आवेदन क्र0–111/23 2. आवेदक का नाम–मो0 लुकमान अंसारी , पिता का नाम–गुलाम नबी अंसारी 3. ग्राम–थाना टोली लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
44.	1. आवेदन क्र0–112/23 2. आवेदक का नाम–रेयाज अंसारी , पिता का नाम–नेजाम अंसारी 3. ग्राम–चितरी डॉडू , पोस्ट–डॉडू , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
45.	1. आवेदन क्र0–113/23 2. आवेदक का नाम–साजिद अख्तर , पिता का नाम–स्व0 रमजान खॉन 3. ग्राम–अजीज कटेज लेन लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 311319 Home(23-24).D

2019 सेफा में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला लेने उतरेगा भारत

एजेंसी। मुम्बई

क्या भारत के कवच में कोई कमी है? कौन जानता है। इसे खोजने के लिए नौ अलग-अलग टीमों ने बारी-बारी से असफल प्रयास किए और प्रत्येक असफल प्रयास के साथ, भारत की आभा मजबूत होती गई, उनका कद और अधिक खतरनाक होता चला गया। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले सेमीफाइनल में भारत की नजर इंग्लैंड में 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली 18 रन की हार पर रहेगी जिसका वह बदला चुकाना चाहेगा। दो दिनों तक खेले गए बारिश से बाधित सेमीफाइनल में, कप्तान केन विलियम्स (67) और रॉस टेलर (74) के अर्धशतकों की बदौलत न्यूजीलैंड 50 ओवरों में 239/8 पर ही सीमित था। भारत के लिए, भुवनेश्वर कुमार ने 3-43 विकेट लिए। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 240 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत तब गहरे संकट में था जब उसने रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के पवेलियन लौटने के बाद पांच रन पर तीन विकेट खो दिए। जब दिनेश कार्तिक आउट हुए तो स्कोर 24/4 हो गया और जब ऋषभ पंत को 58 गेंदों में 32 रन बनाकर वापस भेजा गया तो स्कोर 71/5 हो गया।

रवींद्र जड़ेजा (77) और एम.एस. धोनी (50) ने भारत के लिए असंभव दिखने वाली जीत को लगभग पूरा कर दिया। भारत के कप्तान 49वें ओवर में दुखद तरीके से रन आउट हो गए। आखिरकार भारत यह मैच 18 रन से हार गया। इस हार के चार साल बाद शनिवार को, टीम के सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने ईशान किशन पर करीब से गेंदें फेंकी, जो उन्हें लापरवाही से स्टैंड की ओर भेजता रहा जैसे कि वह केवल अपनी उंगलियां चटका रहा हो। एक रात पहले, रविचंद्रन अश्विन ने विराट कोहली को एक ऐसी गेंद फेंकी कि भारत का नंबर 3 लेग साइड की ओर काम करता दिख रहा था, लेकिन गेंद उनसे छूट गई और उन्हें बोल्ड कर दिया। शायद यह रिवर्स कैरम बॉल थी - यह बताना मुश्किल है - लेकिन इसने कोहली को प्रभावित किया। यहां तक कि वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में भी, और एकादश के गैर-नियमित खिलाड़ियों के साथ भी, भारत की उपस्थिति मजबूत थी।

इस शानदार दौड़ के माध्यम से, रोहित शर्मा के खिलाड़ियों ने मुख्य चरित्र ऊर्जा को उस बिंदु तक बढ़ा दिया है जहां उनके रास्ते में चिंता की कमी उनके समर्थकों के बीच चिंता का प्रमुख कारण बन गई है। शुरूआत में, यह बहुत जल्दी चरम पर पहुंचने का मामला था। लेकिन भारत जीतता रहा, तब यह केवल जीतने के लिए प्रयास करने का मामला था। लेकिन फिर भारत ने अगले चार मैचों में लक्ष्य का बचाव किया, यहां तक कि 229 का स्कोर भी बराबर से ऊपर लग रहा था।

बल्ले से, उन्होंने दो बार 350 का आंकड़ा पार किया है, साथ ही कई बार उन्होंने विपक्षी टीम को दोहरे अंक के स्कोर पर आउट किया है। और यह सब हार्दिक पांड्या जैसे अपूरणीय खिलाड़ी को खोने के बाद और इस तरह लंबी टेल और बिना छठे गेंदबाजी बीमा के खेलना पड़ा। अपनी सभी उत्कृष्टताओं के लिए, भारत जनता की अपेक्षाओं के प्रति सराहनीय सहनशीलता के लिए भी श्रेय की पात्र है, जिसके साथ वे घूमते हैं और फिर भी बीच में ही निर्ममतापूर्वक व्यवहार करते हैं।

इस बिंदु तक न्यूजीलैंड की राह कहीं भी सहज नहीं रही है और इसमें लगातार चार हार भी शामिल हैं, सभी टीमें स्टैंडिंग के शीर्ष-आधे में हैं। और फिर भी वे नौवीं बार विश्व कप सेमीफाइनल में हैं। एक ऐसे युग में जिसमें वित्तीय ताकत अक्सर सही कर देती है, जब 'बिग 3' काफी हद तक शक्ति का संतुलन बनाए रखते हैं, जब वे युवा विकास का औद्योगिकीकरण करने और महान खिलाड़ियों के स्क्वाड्रन तैयार करने में सक्षम होते हैं, जब उन्होंने खुद का लाभ उठाया है सबसे उन्नत खेल विज्ञान, सुलगती प्रतिष्ठा की धुंध के माध्यम से गर्व से प्रहार करने की न्यूजीलैंड की प्रवृत्ति लगातार आश्चर्यचकित करती है।

बुधवार को, भारतीय क्रिकेट के आध्यात्मिक घर में, केन विलियमसन की टीम अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होगी। भले ही उन्हें व्यापक रूप से उस रूप में नहीं देखा जाता हो। वे किसी भी तरह से कमजोर नहीं हैं, लेकिन यह एक ऐसा टैग है जिसे उन्होंने अपने अधिकांश क्रिकेट इतिहास में खुशी-खुशी धारण किया है और यहां तक कि इसके साथ मिलने वाली स्वतंत्रता का आनंद भी लिया है। वे जानते हैं कि दबाव भारत पर होगा, सारी उम्मीदें उन्हें पूरी करनी हैं, नॉकआउट्स का अंत उन्हें करना है और सुपरस्टार की विरासतों को कायम रखना है।

सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आज से

एजेंसी। नई दिल्ली

तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 बुधवार से यहां शुरू होने वाली है। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो पूल में विभाजित किया गया है और यह 21 नवंबर तक चलेगी। टूर्नामेंट के लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 20 नवंबर को निर्धारित है। फाइनल 21 नवंबर को तीसरे/चौथे स्थान के प्ले-ऑफ के साथ होगा।

पूल ए में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, यूको बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। दूसरी ओर, पूल बी में सशस्त्र सीमा बल, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन शामिल हैं।

इस टूर्नामेंट में नेशनल कोर ग्रुप के कुल 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। बंसारी सोलंकी भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का प्रतिनिधित्व अक्षता अबासो ढेकाले, महिमा चौधरी, ज्योति, अजमीना कुजूर, बलजीत कौर, बिचू देवी खारीबाम, दीपिका, इशिका चौधरी, शर्मिला देवी, उदिता और वैष्णवी विट्ठल फाल्के करेंगी।

मौजूदा चैंपियन रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, दीप ग्रेस एक्का, वंदना कटारिया, मारियाना कुजूर, रजनी एतिमारपू, गुरजीत कौर, मोनिका, नवनीत कौर और संगीता कुमारी के नेतृत्व में अपने खिताब की रक्षा करने उतरेगी।

इस महीने की शुरूआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची जीतने वाली

भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने आगामी टूर्नामेंट को लेकर कहा, टूर्नामेंट नई प्रतिभाओं को सामने लाने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है। यह युवाओं को अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एक मान्यता प्राप्त मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका भी प्रदान करता है।"वंदना कटारिया, जो झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के दौरान 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बनीं, ने कहा, मेरा मानना है कि यह टूर्नामेंट घरेलू हॉकी के मानकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और ऐसा करने में , हमारी राष्ट्रीय टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सहायता करेगा। उन्होंने आगे कहा, हमने अधिक से अधिक खिलाड़ियों को रैंक में आगे बढ़ते हुए देखा है और यह हर किसी को खुद को बेहतर बनाने और सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने के लिए प्रेरित कर रहा है।

कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023

पहले दौर में हारी चिराग और सात्विक की जोड़ी

एजेंसी। कुमामोटो

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मंगलवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान 2023 पुरुष युगल बैडमिंटन स्पर्धा के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के 32वें राउंड में चीनी ताइपे की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी लू चिंग याओ और यांग पो हान ने 63 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 18-21, 16-21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरूआत की और शुरूआत में 0-3 से पीछे चल रही थी। इसके बाद उन्होंने 3-3 से बराबरी की और एक समय चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। लू चिंग याओ और यांग पो हान ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 17-16 कर दिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार चार अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे का मुकाबला साबित हुआ। हालाँकि, भारतीय जोड़ी ने एक समय 9-6 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन इसके बाद ताइपे की जोड़ी ने बेहतरीन वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-18 से अपने नाम या और मैच तीसरे गेम में चला गया।

स्पेनिश फुटबॉल क्लब विलारियल के कोच बने मार्सेलिनो गार्सिया टोरल

मैड्रिड। स्पेनिश फुटबॉल क्लब विलारियल ने मार्सेलिनो गार्सिया टोरल को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब के साथ मार्सेलिनो का यह दूसरा कार्यकाल होगा। 58 वर्षीय मार्सेलिनो जून 2026 के अंत तक क्लब के साथ रहेंगे। 2013-16 तक विलारियल का नेतृत्व करने के बाद टोरल की वापसी हुई। उन्होंने एक ऐसे क्लब की कमान संभाली है जो स्पेनिश लीग में 14वें स्थान पर है और उसने अपने 13 मैचों में से केवल तीन जीते हैं, तीन ड्रॉ रहे हैं और सात हारे हैं। विलारियल रविवार को एटलेटिको मैड्रिड में 3-1 से हारकर बाहर आ रहा है, जब इसका नेतृत्व टीम के खेल निदेशक, अंतरिम कोच मिगुएल एंजेल टेना ने किया था। मार्सेलिनो ने इससे पहले स्पोर्टिंग गिजोन, रेसिंग सैंटेंडर, रिक्रिएटिवो ह्यूएलवा, सेविला, वालेंसिया और एथलेटिक बिलबाओ को कोचिंग दी है। मार्सेलिनो विलारियल के सीजन के तीसरे कोच बने और उन्होंने जोस लुइस रोजो 'पाचेटा' की जगह ली, जिन्हें शुक्रवार को केवल आठ ला लीगा मैचों के बाद बर्खास्त कर दिया गया था।

जूनियर हॉकी विश्व कप 2023

भारत की कमान संभालेंगे उत्तम सिंह, पूरी टीम पर डालें नजर

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रतिभाशाली फॉरवर्ड उत्तम सिंह पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालम्पुर में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरूष जूनियर विश्व कप में भारत की कमान संभालेंगे। मौजूदा एशियाई चैम्पियन भारत को पूल सी में कनाडा, दक्षिण कोरिया और स्पेन के साथ रखा गया है। भारत को पांच दिसंबर को कोरिया से पहला मैच खेलना है। भारतीय टीम सात दिसंबर को स्पेन से और नौ दिसंबर को कनाडा से खेलेगी। भारत पिछली बार टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था और कोच सी आर कुमार ने कहा है कि इस बार उनकी टीम पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा, हमारे पास मजबूत टीम है। हम 2016 जूनियर विश्व कप विजेता टीम से प्रेरणा लेंगे। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं जो भुवनेश्वर में पिछला जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं। वे नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे और साथी खिलाड़ियों के मेंटोर होंगे। हमारा लक्ष्य जूनियर विश्व कप जीतना है और हम इसके लिये कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' पूल ए में गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया है जबकि पूल बी में मिस्र फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं। पूल डी में बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं।

भारतीय टीम

गोलकीपर : मोहित एचएस, रणविजय सिंह यादव
डिफेंडर : शारदानंद तिवारी, अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, आमिर अली
मिडफील्डर : विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, आदित्य सिंह
फॉरवर्ड : उत्तम सिंह (कप्तान), आदित्य लालागे, अराइजीत सिंह हुंडल, सौरभ आनंद कुशवाहा, सुदीप चिरमाको, बॉबी सिंह धामी
रिजर्व : सुखविंदर, सुनीत लाकड़ा

विश्व कप क्वालीफायर के लिए सुआरेज की उरुग्वे टीम में वापसी

एजेंसी। मोंटेवीडियो

अर्जेंटीना और बोलीविया के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए लुइस सुआरेज को उरुग्वे की टीम में वापस बुलाया गया है। उरुग्वे फुटबॉल एसोसिएशन ने उक्त जानकारी दी। 36 वर्षीय सुआरेज को ब्राजीलियाई क्लब ग्रेमियो के लिए उनके उत्कृष्ट फॉर्म का इनाम मिला, जिसके साथ उन्होंने इस सीजन में 23 गोल किए हैं और 16 गोलों में सहायता प्रदान की है। रिपोर्ट के अनुसार, सुआरेज ने पिछले साल कतर में हुए विश्व कप के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। टीम में लंबी चोट के बाद टोटेनहम हॉटस्पर के मिडफील्डर रोड्रिगो बेंटनकुर और डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज की भी वापसी हुई है। हालांकि सुआरेज के लंबे समय से राष्ट्रीय टीम के स्ट्राइक पार्टनर एडिंसन कैवानी को टीम में जगह नहीं मिली है। उरुग्वे गुरुवार को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से और 21 नवंबर को मोंटेवीडियो में बोलीविया से भिड़ेगा। उरुग्वे की टीम वर्तमान में 10-टीम दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में चार मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जो कि शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना से पांच अंक पीछे है।

मेदवेदेव ने सीधे सेटों में रुब्लेव को हराया

एजेंसी। ट्यूरिन

पिछले साल अपने प्रत्येक एटीपी फाइनल्स मैच में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में हारने के बाद, दानिल मेदवेदेव ने 2023 के अपने पहले मैच में आंद्रेई रुब्लेव के खिलाफ 6-4, 6-2 से जीत के साथ वापसी की। मेदवेदेव ने दूसरे सेट में शुरू से ही हावी होने से पहले शुरूआती सेट में सात ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत ने मेदवेदेव की इस सीजन में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत (65) और सबसे अधिक हार्ड-कोर्ट जीत (48) की बढ़त बढ़ा दी। सीधे सेटों के परिणाम ने 2020 एटीपी फाइनल चैंपियन को रेड ग्रुप के शीर्ष पर पहुंचा दिया, कार्लोस अल्काराज के खिलाफ दोपहर की जीत के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी 1-0 से आगे हो गए। मेदवेदेव ने मैच के बाद कहा, मुझे अच्छा महसूस हुआ और मैं इसे कोर्ट पर लाने में कामयाब रहा। पहला सेट वास्तव में कठिन था। मैं सबसे महत्वपूर्ण क्षणों पर थोड़ी सी बढ़त हासिल करने में कामयाब रहा, और इससे मुझे दूसरे में मदद मिली, इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। "

नीरज चोपड़ा 'पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्हें पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। नीरज सहित जिन पांच एथलीटों को पुरस्कार के लिए नामित किया गया है, उन सभी ने 2023 में एथलेटिक्स में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है और सभी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 सहित दुनिया भर में हुए कई प्रतियोगिताओं में विश्व रिकॉर्ड के साथ खिताब जीता है। पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनके नाम वर्ष 2023 विश्व एथलीटों के लिए तीन-तरफा मतदान प्रक्रिया के जरिये फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया।

इस प्रकार हैं

- नीरज चोपड़ा, (भारत, भाला फेंक एथलीट)- विश्व विजेता, एशियाई खेलों के चैंपियन।
- रयान क्राउजर, (यूएसए, गोला फेंक)- विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व विजेता।
- मोंडो डुप्लांटिस, (स्वीडेन, पोल वॉल्ट)- विश्व विजेता, विश्व रिकॉर्ड के साथ डायमंड लीग चैंपियन।
- केल्विन किप्टम, (केन्या, मैराथन)- लंदन और शिकागो मैराथन विजेता, मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारक।
- नूह लायल्स,(यूएसए, 100 मीटर/200 मीटर)- विश्व 100 मीटर और 200 मीटर चैंपियन, 200 मीटर में छह फाइनल में अपराजित।

50वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य खेल प्रतियोगिता

भारतीय सेना के डॉक्टर ने 5 स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में प्रेसिडेंट्स बॉडी गार्ड्स में तैनात भारतीय सेना मेडिकल कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक ने कोलंबिया में 42वें विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 800 मीटर, 1,500 मीटर, 3,000 मीटर, 5,000 मीटर और क्रॉस-कंट्री स्पधाओं में उनकी जीत उन्हें 2023 में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र एथलीट और 1978 में खेल शुरू होने के बाद से कुछ चुनिंदा एथलीटों में से एक बनाती है। विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेल जिसे अक्सर स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए ओलंपिक खेल माना जाता है, चिकित्सा समुदाय के भीतर सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक खेल आयोजन के रूप में विकसित हुआ है।



1978 की विरासत के साथ खेल हर साल 50 से अधिक विभिन्न देशों के 2,500 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करते हैं। ये स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर ओलंपिक के मूल मूल्यों को कायम रखते हुए, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से, लगभग बीस खेल विषयों में संलग्न हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उत्कृष्टता को उजागर करती है, बल्कि विश्व स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के समर्पण को भी दशार्ती है, जो एथलेटिक उपलब्धियों के साथ अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखते हैं।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने लेफ्टिनेंट कर्नल मलिक को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

टूर्नामेंट भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम घोषित

लॉरेन की वापसी, कप्तान की पुष्टि नहीं

एजेंसी। मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के अपने बहु-प्रारूप दौरे के लिए 16-खिलाड़ियों की महिला टीम की घोषणा की है। टीम में बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल की चार साल बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया क्रिसमस और नए साल की अवधि के दौरान मुंबई में दो स्थानों पर बहु-प्रारूप श्रृंखला में भारत के खिलाफ एक टेस्ट, तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन टी20 मैच खेलेगी।

पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से चूकने के बाद हीथर ग्राहम की भी टीम में वापसी हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में नहीं चुने जाने के बावजूद ग्रेस हैरिस ने टी20 टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। 2016 में 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली चीटल मार्च 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटी हैं।

चोटों से जूझ रही चीटल, ने इस सीजन में दस महिला बिग बैश लीग मैचों में 19 विकेट लेकर सिडनी सिक्सर्स की गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व किया है। 21-24 दिसंबर तक एकमात्र टेस्ट के बाद, दोनों टीमें 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक वानखेड़े स्टेडियम में तीन वनडे और 5 से 9 जनवरी तक डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में तीन टी20 मैच खेलेंगी। सीए के प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता, शॉन फ्लेगलर ने कहा, भारत में भारत के खिलाफ एक बहु-प्रारूप श्रृंखला रोमांचक है और हमारे समूह के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है

डार्सी ब्राउन, लॉरेन चीटल (केवल टेस्ट), हीथर ग्राहम, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस (केवल टी20), एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।